सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 10 जनवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 10, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 528 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा और प्रमुख मानक सूचकांक सेंसेक्स 528 अंक लुढ़क गया। } 14

## दो देशों के बीच सेतु का काम करते हैं प्रवासी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दो देशों के बीच प्रवासी समुदाय की भूमिका बहुत बड़ी होती है क्योंकि वे भारत और उन देशों के बीच सेतु का काम करते हैं जहां वे रहते हैं। } 16



# मेरठ : एक परिवार के पांच लोगों की हत्या

❍ दोषियों को पकड़ने के लिए लगी कई टीमें : डीके ठाकुर

जिला संवाददाता



मेरठ। मेरठ के लिसाड़ी गेट के सुहैल गार्डन कॉलोनी में एक ही परिवार के पांच लोगों की निर्ममता से हत्या कर दी गई है। मरने वालों में तीन बच्चे हैं। सभी की लाश घर के अंदर ही पड़ी मिली। फिलहाल ये जानकारी नहीं लगी है कि हत्या किसने और क्यों की है। एसएसपी समेत तमाम अफसर मौके पर पहुंचे हैं। जांच के लिए क्राइम ब्रांच और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है। डॉग स्क्वायड से भी सुराग की कोशिश की जा रही है। मरने वालों में पति मोइन, पत्नी असमा और 3 बच्चे अफ़्सा (8), अजीजा (4) अदीबा (1) हैं। पति-पत्नी और तीनों बच्चों को मारकर लाशों को बेड के बॉक्स में छिपा दिया गया था। मारने के बाद बच्चों की लाश को बोरी में बांधकर बेड के बॉक्स में रखा गया था। एडीजी मेरठ जोन डीके ठाकुर ने बताया कि घटना पर गंभीरता से कार्रवाई हो रही है। दोषियों का पता लगाने के लिए कई टीमें लगी हैं। उन्होंने कहा इस वारदात के पीछे जो भी लोग हैं उन्हें बख्शा नहीं जायेगा।

मोइन मिस्त्री का काम करता था। मामले की जानकारी तब हुई जब मोईन का भाई सलीम गुरुवार की शाम पहुंचा। सलीम अपनी पत्नी के साथ पहुंचा तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। पड़ोसियों से बात करने के बाद पता चला कि बुधवार से ही कोई दिखाई नहीं दे रहा है। इसके बाद जबरन दरवाजा तोड़ा। अंदर गया तो वहां का नजारा देखकर होश उड़ गए। जमीन पर मोईन ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भविष्य युद्ध में नहीं, बुद्ध में निहित : पीएम मोदी

## प्रधानमंत्री ने प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में चार प्रदर्शनियों का किया उद्घाटन

एजेंसी

भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि दुनिया आज भारत की बात ध्यान से सुनती है और देश अपनी विरासत के कारण ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह कह पाता है कि भविष्य युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में निहित है। ओडिशा की राजधानी में आयोजित 18वें प्रवासी भारतीय दिवस-2025 सम्मेलन का औपचारिक तौर पर उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि भारत सिर्फ लोकतंत्र की जननी ही नहीं है बल्कि लोकतंत्र हर भारतीय के जीवन का हिस्सा है।



उन्होंने कहा 21वीं सदी का भारत, आज जिस गति से आगे बढ़ रहा है और जिस स्तर पर आज भारत में विकास के काम हो रहे हैं, वह अभूतपूर्व है। भारत की बात को आज दुनिया ध्यान से सुनती है। आज का भारत, अपना पक्ष तो मजबूती से रखता ही है, ग्लोबल साउथ की आवाज को भी पूरी ताकत से उठाता है। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। मोदी ने कहा कि जब भारत ने अफ्रीकन यूनियन को जी20 का स्थायी सदस्य बनाने का प्रस्ताव रखा तो सभी सदस्यों ने इसका समर्थन किया। उन्होंने कहा मानवीयता प्रथम के भाव के साथ, भारत अपनी वैश्विक भूमिका का विस्तार कर रहा है। मोदी ने कहा दुनिया में जब तलवार के जोर पर साम्राज्य बढ़ाने का दौर था, तब हमारे सम्राट अशोक ने यहां (ओडिशा में) शांति का रास्ता चुना था। हमारी विरासत का यह वही बल है, जिसकी प्रेरणा से आज भारत, दुनिया को कह पाता है कि भविष्य युद्ध में नहीं है, बुद्ध में है।

प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद दोनों देशों के बीच युद्ध, इजराइल और फलस्तीन के बीच संघर्ष और विश्व के कई देशों में हिंसा और अस्थिरता का दौर जारी है। प्रधानमंत्री मोदी इससे पहले कई मौकों पर वैश्विक मंचों से भी कह चुके हैं कि संघर्षों का समाधान युद्ध से नहीं बल्कि शांति के रास्ते से तलाशा जाना चाहिए। उन्होंने भारत में आयोजित सफल जी20 सम्मेलन का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया को देश की विविधता का प्रत्यक्ष अनुभव...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### मुठभेड़ में मारे गये तीन नक्सलवादी

रायपुर/सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में बृहस्पतिवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने यह जानकारी दी। शर्मा ने कहा कि सुकमा में नक्सल रोधी अभियान में सुरक्षाबलों को सफलता मिली है। उन्होंने रायपुर में संवाददाताओं को बताया कि अब तक तीन नक्सलियों के शव बरामद हो चुके हैं और तलाश अभियान अब भी जारी है। शर्मा के पास गृह विभाग भी है। छह जनवरी को बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट का जिक्र करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा, नक्सलियों ने जो किया उसके बाद सुरक्षाबलों में भारी गुस्सा है। नक्सलियों द्वारा किए गए इस आईईडी विस्फोट में आठ सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए थे और उनके वाहन के चालक की भी मौत हो गई थी। शर्मा ने कहा मैंने उनसे (सुरक्षाबलों से) मुलाकात की है। मैं दोहराता हूं कि हमारे जवानों की शक्ति और साहस से (नक्सल) खतरे को निर्धारित समय के भीतर खत्म कर दिया जाएगा।

### चाड के राष्ट्रपति भवन पर हमला, 18 लोग ढेर

नदजामेना। चाड के राष्ट्रपति भवन पर हुए हमले के बाद सुरक्षा बलों ने 18 हमलावरों को मार गिराया और छह को हिरासत में ले लिया। इस हमले में एक सैनिक मारा गया और तीन घायल हुए हैं। मीडिया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बुधवार रात को यह हमला उस समय हुआ जब चाड के राष्ट्रपति महामत डेबी इत्नो अपने आवास के अंदर थे। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि स्थिति पर शीघ्र ही नियंत्रण पा लिया गया। चारों ओर सैनिकों से घिरे विदेश मंत्री अब्देरमन कौलमल्ला ने लाइव फेसबुक प्रसारण में कहा, स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। डर की कोई बात नहीं है। सरकारी टीवी चैनल को दिए गए एक साक्षात्कार में विदेश मंत्री ने हमलावरों को नशे में धुत बताया।

# सीएम योगी ने परखी महाकुम्भ की तैयारी

## दुनिया की तीसरी बड़ी आबादी बनेगी दिव्य महाकुंभ की साक्षी : सीएम योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को महाकुंभ दौरा किया। उन्होंने यहां तैयारियों का जायजा लिया। सीएम योगी सभी 13 अखाड़ों में गए और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीएम ने तैयारियों को लेकर बैठक की। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में अखाड़ों के साथ सांध्य भोजन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महासभा के पंडाल में करीब 45 मिनट बिताए। इस दौरान उन्होंने गोरक्षा पीठ पर नतमस्तक होकर संतों से मुलाकात की और कई संतों के साथ सेल्फी ली। इसके बाद, सीएम योगी ने रक्षा पीठ की सफाई में लगे सफाई कर्मियों से भी मुलाकात की और वहां हो रही तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने महाकुंभ मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया। उन्होंने रात्रि भोजन भी संतों के साथ ही किया। वह दोनों दिन 23 घंटे प्रयागराज तीर्थक्षेत्र में रहेंगे। साल 2019 के कुंभ के दौरान भी योगी ने लगातार दो दिनों तक संगम नगरी में बिताए थे। सीएम योगी ने बताया कि कुंभनगरी में डेढ़ लाख से ज्यादा टॉयलेट बनाए गए हैं। कुंभ मेला में महाकुंभ मीडिया सेंटर बना है। 56 थाना क्षेत्र बने हैं। 5 हजार एकड़ में पार्किंग बनाई गई है।



हजारों की संख्या में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। सीएम योगी ने कहा, कई भाषाओं में चैट बॉक्स बनाया गया है। कुंभ को आस्था के अद्भुत संगम के लिए जाना जाएगा। प्रयागराज जिन उपलब्धि बक लिए हकदार था वह मिली है। इसबार प्रयागराज की पॉजिटिव एनर्जी देश दुनिया में जाए। कहा मीडिया सेंटर आप सबकी सेवा में समर्पित किया जा रहा। सूचना विभाग ने आप सबको समर्पित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा दुनिया की तीसरी बड़ी आबादी महाकुंभ की आबादी साक्षी बनेगी। 40 करोड़ आबादी कुंभ में आएगी। दो देश है जिनकी आबादी 40 करोड़ है। पहले लोगों ने आस्था का सम्मान नही किया था। आज हम आस्था का सम्मान कर रहे हैं, आस्था लाखों लोगो के घरों में खुशहाली ला सकता है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में स्नान के अलावा दर्शनार्थी यहां कई घूमने की जगहों पर जा सकते हैं। अक्षयवट कॉरिडोर, शृंगवेरपुर धाम, बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर समेत छह कॉरिडोर बनाए गए हैं। महाकुंभ क्षेत्र का सीएम योगी ने हवाई सर्वेक्षण किया। अरेल से फाफामऊ तक सर्वेक्षण किया। अखाड़ों के शिविर के साथ कल्पवासी क्षेत्र का को भी देखा। सीएम योगी के साथ डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता नन्दी, डीजीपी प्रशांत कुमार और मुख्य सचिव मनोज सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद। सीएम योगी के साथ मंच पर सपा की बागी विधायक पूजा पाल भी मौजूद रहे।

उन्होंने फाइनल तैयारियों को देखा। योगी साधु-संतों से मिलकर निकले, तो उनके काफिले के आगे-आगे मेला अधिकारी व अफसर विजय किरण आनंद दौड़ते नजर आए। सीएम ने क्रूज से संगम क्षेत्र में तैयारियों का जायजा लिया। पक्षियों को दाना भी खिलाया। फिर योगी संतों से मिलने 13 अखाड़ों में गए। जूना अखाड़े में महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज भी साथ थे। उनसे तैयारियों की जानकारी ली। यहां से सीएम योगी अपने शिविर पहुंचे। योगी महासभा में नाथ संप्रदाय की गद्दी की पूजा की। सीएम ने मीडिया सेंटर का उद्घाटन ...शेष पृष्ठ 14 पर

### अब्बास अंसारी के दावे वाली जमीन पर यथास्थिति बनाये रखने के आदेश : हाईकोर्ट

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को लखनऊ के जियामऊ में उस विवादित स्थल पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास इकाइयों के निर्माण को लेकर यथास्थिति बनाये रखने का आदेश दिया, जिस पर गैंगस्टर-नेता रहे मुख्तार अंसारी के बेटे स्वामित्व का दावा कर रहे हैं। वर्ष 2020 में लखनऊ विकास प्राधिकरण ने मुख्तार और अब्बास अंसारी समेत उसके बेटों के बंगले को बुलडोजर से ढहा दिया था। सरकार पीएम आवास योजना के तहत विवादित स्थल पर फ्लैट बनाने की योजना बना रही है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन.कोटिश्वर सिंह की सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने अब्बास अंसारी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की इस दलील पर गौर किया कि भूमि पर कब्जे से संबंधित याचिका को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ के समक्ष बार-बार सूचीबद्ध किया गया, लेकिन कोई अंतरिम रोक नहीं लगाई गई। पिछले साल 21 अक्टूबर को शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय से अंतरिम रोक संबंधी आवेदन पर जल्द से जल्द सुनवाई करने को कहा था।

# लॉस एंजिलिस में भीषण आग का कहर

## कई हस्तियों के घर जलकर राख, बाइडेन ने रद्द की इटली यात्रा

एजेंसी

लॉस एंजिलिस। अमेरिका के लॉस एंजिलिस शहर और उसके आसपास लगी भीषण आग में बिली क्रिस्टल, मैंडी मूर और पेरिस हिल्टन समेत विभिन्न हस्तियों के मकान जलकर राख हो गए।

कैलिफोर्निया के दमकलकर्मी तेज हवाओं के कारण इलाके में दूर-दूर तक फैल रही आग को बुझाने में जुटे हुए हैं, जिसकी वजह से कई मकान तबाह हो गए हैं और सड़कें जाम हो गई हैं। हजारों लोग सुरक्षित स्थानों की ओर जा रहे हैं। मंगलवार रात लगी आग पर काबू नहीं पाया जा सका, जिसके कारण संसाधनों पर भारी दबाव पड़ा है। घटना में पांच लोगों की मौत हो गई तथा एक लाख से अधिक लोगों को दूसरे स्थानों पर जाने का आदेश दिया गया है। आग मंगलवार रात हॉलीवुड बाउल के निकट और हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम से कुछ ही दूरी पर लगी। क्रिस्टल और उनकी पत्नी जेनिस ने बुधवार को एक बयान जारी करके बताया कि पेसिफिक पेलिसेड्स के पास उनका 45 वर्ष पुराना घर बर्बाद हो चुका है। क्रिस्टल ने बयान में कहा, जेनिस और मैं 1979 से इस घर में रह रहे थे। हमने अपने बच्चों के बच्चों को यहीं पाला है। हमारे घर का हर कोना खूबसूरत ...शेष पृष्ठ 14 पर



### दिल्ली-एनसीआर में फिर लागू हुए ग्रैप-3 प्रतिबंध

नयी दिल्ली। प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों के कारण दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के स्तर में तेज वृद्धि के बीच चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के तीसरे चरण के तहत प्रतिबंध बृहस्पतिवार को फिर से लागू कर दिए गए।

राष्ट्रीय राजधानी में जीआरएपी-3 के तहत प्रतिबंध रविवार को हटाए गए थे। आधिकारिक आदेश के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में वायु प्रदूषण के स्तर में कमी लाने की रणनीति बनाने के लिए जिम्मेदार वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने क्षेत्र के अधिकारियों को स्थिति को और खराब होने से रोकने के लिए जीआरएपी के तीसरे चरण के तहत निर्धारित प्रदूषण रोधी उपायों को तुरंत लागू करने का निर्देश दिया है। दिल्ली में ...शेष पृष्ठ 14 पर

# युवाओं को मिलेगा खेल का बड़ा मंच

## नवनिर्मित स्टेडियम में आधुनिक सुविधाओं का समावेश : धामी

प्रमुख संवाददाता



ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को ऊधम सिंह नगर के खटीमा में वन चेतना केंद्र स्पोर्ट्स स्टेडियम का लोकार्पण किया। जो 1615.62 रुपये लाख की लागत से बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह स्टेडियम क्षेत्र के युवाओं के लिए एक अनेक अवसर प्रदान करेगा, जहां वे अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि यह परियोजना 2017 में खटीमा के विधायक रहते हुए शुरू की गयी थी लेकिन कई चुनौतियों के कारण उस समय यह पूरी नहीं हो पायी थी। अब प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें इस स्टेडियम का उद्घाटन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह स्टेडियम खटीमा और पूरे राज्य के युवाओं के लिए एक खेल का केंद्र बनेगा, जहां वे अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने स्टेडियम के उद्घाटन के दौरान बताया कि यह नया स्टेडियम अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। स्टेडियम में बास्केटबॉल, फुटबॉल, वालीबॉल और कबड्डी जैसे खेलों के लिए अलग-अलग मैदान बनाए गए हैं। इसके अलावा खेलकूद में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए एक हॉस्टल की व्यवस्था भी की गई है, जिससे उन्हें ठहरने की सुविधा मिलेगी। स्टेडियम में एक बहुउद्देश्यीय हॉल भी बनाया गया है जो इनडोर खेलों और अन्य कार्यक्रमों के लिए उपयोगी होगा। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि इस स्टेडियम में ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 18.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 08.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ सोने-चांदी से बनी पीतांबरी धारण करेंगे रामलला (पृष्ठ-02)
❍ 7696 स्थलों पर गोवंश किये गये संरक्षित (पृष्ठ-02)
❍ बैंक के संघ ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल की धमकी (पृष्ठ-14)
❍ ओएनजीसी का राजस्व 10.3 अरब डॉलर बढ़ेगा (पृष्ठ-14)
❍ इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 14 प्रतिशत बढ़ा (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** 40,000 वर्ग फीट में फैली प्रदर्शनी पेश करेगी समृद्ध उत्तर प्रदेश की एक अनूठी तस्वीर

# महाकुम्भ में दिखेगी स्वच्छ सुजल गांव की तस्वीर

विशेष संवाददाता

महाकुंभ नगर। महाकुंभ 2025 में भाग लेने वाले दुनिया भर के 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालु स्वच्छ सुजल गांव अवधारणा के माध्यम से उत्तर प्रदेश के गांवों में उल्लेखनीय परिवर्तन देखेंगे।

वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जल जीवन मिशन के जरिए बुंदेलखंड के गांव-गांव में हर घर जल पहुंचाने की नई तस्वीर से भी रूबरू होंगे। वर्ष 2017 से पहले बदहाल और इसके बाद बदले बुंदेलखंड के बदलाव की गाथा भी दिखेगी। एक बयान के मुताबिक 40,000 वर्ग फीट में फैली यह प्रदर्शनी समृद्ध उत्तर प्रदेश की एक अनूठी तस्वीर पेश करेगी, जिसमें प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, ग्राम पंचायत विकास और गांवों में सौर ऊर्जा अपनाने जैसी पहलों पर प्रकाश डाला जाएगा।



सरकार का लक्ष्य प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य की नई और प्रेरक पहचान पर जोर देना है। राज्य सरकार के नेतृत्व में ग्रामीण जलापूर्ति एवं नमामि गंगे विभाग ने महाकुम्भ-2025 में स्वच्छ सुजल गांव बसाया है। इस गांव का दर्शन 10 जनवरी से 26 फरवरी तक होगा। पेयजल का समाधान, मेरे गांव की नई पहचान विषय पर आधारित यह गांव 40 हजार वर्ग फीट इलाके में बसेगा। कभी प्यासे रहे बुंदेलखंड में प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन एवं योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पेयजल की समस्या का समाधान हो गया है।

इस गांव में 47 दिन तक अलग-अलग कार्यक्रम भी होंगे। प्रदर्शनी में बुंदेलखंड के ग्रामीण महिलाओं को मंच मुहैया कराया जाएगा, जिसमें वे बदलाव की कहानी भी बयां करेंगी। बांदा, झांसी, चित्रकूट के कई गांवों में पानी न होने के कारण लोगों की शादी नहीं हो पाती थी। पानी ढोने के कारण ललितपुर एवं महोबा के गांवों की महिलाओं के सिर से बाल गायब हो गए थे। शुद्ध पानी से जीवन में आए बदलाव की कहानी को वे बयां करेंगी। यहां हर जानकारी पांच भाषाओं (हिंदी, अंग्रेजी, बांग्ला, तेलगू व मराठी) में मिलेगी। ग्रामीण जलापूर्ति एवं नमामि गंगे विभाग की तरफ से महाकुम्भ ...शेष पृष्ठ 14 पर

# गोरखपुर : पांच उद्यमियों के प्रतिष्ठानों पर आयकर छापा

जिला संवाददाता

❍ शहर के व्यापारियों के बीच मचा हड़कंप

गोरखपुर। आयकर विभाग की टीम ने बृहस्पतिवारी की सुबह शहर के पांच व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और आवास पर छापा मारा है। इनमें एक फ्लोर मिल संचालक, एक होटल क्लब उद्यमी, आटोमोबाइल सेक्टर, रियल ईस्टेट और एक अन्य व्यापारी के यहां छापा बताया जा रहा है।

सुबह दिल्ली और लखनऊ की टीम एक साथ इन प्रतिष्ठानों पर पहुंची और छापे की कार्रवाई शुरू कर दी। छापेमारी की कार्रवाई घंटो जारी रही। आयकर विभाग के सूत्रों ने बताया कि ये छापा एक के साथ अन्य प्रतिष्ठानों का जुड़ाव मिलने पर पड़ा है। सूत्रों ने बताया कि फ्लोर मिल एजेंसी के बड़े उद्यमी के यहां छापा सबसे पहले पड़ा। इसके साथ ही रियल इस्टेट और आटोमोबाइल एजेंसी पर भी टीम पहुंची। इनके सहयोगी क्लब और होटल व्यापारी के प्रतिष्ठानों पर भी टीम पहुंच गई। सूत्रों ने बताया कि फ्लोर मिल संचालक की तरफ से काफी रकम क्लब में लगाया गया था। इसी को देखते हुए इस परिसर में भी छापा पड़ा। इसके अलावा एक अन्य व्यवसाई के यहां भी छापा पड़ने की सूचना है। इस छापे के बाद शहर के व्यापारियों के बीच हड़कंप मच गया है। इस छापे को ...शेष पृष्ठ 14 पर

# महाकुंभ में तकनीक बनी हथियार, 2,750 एआई सीसीटीवी से चप्पे-चप्पे पर नजर


## सुरक्षा को बनाये गये 123 वॉच टावर, स्नाइपर तैनात, वीआईपी घाट व धार्मिक स्थलों की बढ़ाई गई सुरक्षा

विशेष संवाददाता (vol)

**महाकुंभ नगर।** दिव्य और भव्य महाकुम्भ को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए प्रबंधन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। इस बार एआई तकनीक को पुलिस ने अपना हथियार बनाया है। 2700 से ज्यादा एआई सीसीटीवी महाकुम्भ नगर में लगाए गए हैं। वह सीधे संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे और उसकी रिपोर्ट कंट्रोल रूम को देंगे। मेले के दौरान 37,000 पुलिसकर्मी और 14,000 होमगार्ड तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही एनएसजी, एटीएस, एसटीएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी चौकसी बरत रही हैं। सीसीटीवी और खुफिया एजेंसियों की निगरानी में हर कोना सुरक्षित है। यहां तक कि मेले में परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा।

पूरे मेला क्षेत्र में अब तक 123 वॉच टावर बनाए गए हैं, जहां स्नाइपर, एनएसजी, एटीएस और सिविल पुलिस के जवान तैनात हैं। वॉच टावरों को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इनसे दूरबीन की मदद से पूरे क्षेत्र की निगरानी की जा सके। हर वॉच टावर पर अत्याधुनिक हथियारों और उपकरणों से लैस सुरक्षाकर्मी मौजूद हैं। सभी वॉच टावरों को ऊंचाई और रणनीतिक स्थानों पर स्थापित किया गया है ताकि सुरक्षा में कोई चूक न हो।





पुलिस के साथ जल पुलिस और फायर ब्रिगेड भी पूरी तरह मुस्तैद हैं। महाकुंभ मेले के डीआईजी वैभव कृष्ण ने बताया कि महाकुंभ में देश-विदेश से करीब 45 करोड़ श्रद्धालु, स्नानार्थी, कल्पवासी और पर्यटक आने की संभावना है। ऐसे में उनकी सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। मेले के सभी जोन और सेक्टर में अलग-अलग स्थानों पर वॉच टावर बनाए गए हैं। प्रवेश के सात मुख्य मार्गों पर भी सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। अखाड़ा क्षेत्र, बड़े हनुमान मंदिर, परेड मैदान, वीआईपी घाट, अरैल, झूसी, और सलोरी जैसे संवेदनशील स्थानों पर विशेष वॉच टावर बनाए गए हैं। यहां तैनात जवान आधुनिक हथियारों और उपकरणों से लैस हैं।

**अत्याधुनिक तकनीक से लैस हुई कुम्भ की सुरक्षा**

2,750 अकआधारित सीसीटीवी कैमरे और 80 श्टऊस्क्रीन मेले की हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं। 3 जल पुलिस स्टेशन और 18 जल पुलिस कंट्रोल रूम तैनात हैं। 50 फायर स्टेशन और 20 फायर पोस्ट बनाए गए हैं। 4,300 फायर हाइड्रेंट किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

### डिजिटल केंद्रों पर मिलेगा खोया सामान, मिलेगी घाटों की जानकारी

महाकुम्भ नगर। मुख्यमंत्री के सुरक्षित, सुव्यवस्थित और भव्य महाकुम्भ की परिकल्पना को साकार करते हुए पुलिस ने दस डिजिटल खोया पाया केंद्रों की स्थापना की है। डिजिटल खोया पाया केंद्रों में वेटिंग रूम भी रहेंगे। इसके साथ ही चिकित्सीय सुविधाओं के लिए अलग से मेडिकल रूम बनाया गया है। महिलाओं और बच्चों के लिए रिफ्रेशमेंट एरिया की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा सभी केंद्रों में 55 इंच का एलईडी स्क्रीन लगाया गया है। इसे पब्लिक एड्रेस सिस्टम से कनेक्ट किया गया है। खोए-पाए सामान और व्यक्तियों के बारे में लाइव जानकारी दी जाएगी। इतना ही नहीं इन केंद्रों पर महाकुम्भ से संबंधित घाटों और मार्गों के बारे में सारी व्यवस्थाओं की भी जानकारी दी जाएगी। एडीजी जोन भानु भास्कर ने बताया कि महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। उनके आने-जाने और स्नान की सुरक्षित व्यवस्था की जा रही है। श्रद्धालुओं की सहायता, सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 10 कंप्यूटराइज्ड खोया-पाया केंद्र स्थापित किए गए हैं। संगम वापसी मार्ग के पश्चिमी छोर पर स्थित मुख्य मॉडल केंद्र में सामान्य दिनों में 5 कर्मचारी और स्नान पर्व के दौरान 9 कर्मचारी तैनात रहेंगे। खोए-पाए व्यक्तियों की जानकारी कंप्यूटर पर दर्ज की जाएगी और सूचना देने वाले को कंप्यूटराइज्ड रसीद प्रदान की जाएगी। 55 इंच के बड़े एलईडी स्क्रीन पर खोए व्यक्तियों की फोटो और विवरण प्रसारित किए जाएंगे। सभी केंद्र एक-दूसरे से आधुनिक संचार प्रणाली द्वारा जुड़े हुए हैं। सूचना का प्रसारण फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए भी होगा।

**इन केंद्रों पर मिलेंगे गुम हुए बच्चे, मोबाइल, पर्स और सामान**

सेक्टर-04ः मुख्य केंद्र, सेक्टर-03ः अक्षयवट पंडाल, सेक्टर 03ः संगम नोज, सेक्टर-18ः ऐरावत द्वार, सेक्टर-23ः टेंट सिटी, सेक्टर-23ः अरैल पक्का घाट, सेक्टर-06ः प्रमुख घाट, सेक्टर-14ः बड़ा झूसी घाट, सेक्टर-17ः संगम क्षेत्र व सेक्टर-08ः प्रमुख स्नान क्षेत्र

**पूछताछ केंद्र पर मिलेगी सहायता**

महाकुम्भ में यात्रियों की सहायता के लिए मेला क्षेत्र में पूछताछ केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर महाकुम्भ, प्रयागराज शहर और मेला क्षेत्र से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध होगी। पुलिस थानों, चौकियों, फायर स्टेशन, अस्पताल, पोस्ट ऑफिस और प्रमुख अधिकारियों के कार्यालयों का विवरण। बस और रेलवे स्टेशनों की स्थिति और ट्रेनों के समय। तीर्थ स्थान, मंदिर, ऐतिहासिक स्थलों तक पहुंचने के साधन और मार्ग। अखाड़ों, महामंडलेश्वरों के शिविर, कल्पवासी शिविरों और स्नान घाटों की जानकारी। ट्रैफिक स्कीम और मेले में लागू ट्रैफिक प्रतिबंध। होटल और धर्मशालाओं की सूची और दरें।

# सभी को संगठन में कार्य करने का मिलेगा अवसरः अविनाश

## कांग्रेस में संगठन सृजन कार्यक्रम को लेकर जुटे अविनाश पाण्डेय और अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर गुरुवार को तीसरे दिन संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत अवध जोन के लखीमपुर खीरी, बलरामपुर, सीतापुर, श्रावस्ती, बहराइच, गोंडा, हरदोई, उन्नाव, बाराबंकी एवं लखनऊ के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय द्वारा ली गयी।

बैठक में अवध जोन के सह प्रभारी, राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, सांसद किशोरी लाल शर्मा, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, उप्र कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, विधायक वीरेन्द्र चौधरी तथा पूर्व विधायक संजय कपूर भी मुख्य रूप से शामिल रहे। बैठक में आये हुए इन जिलों के कार्यकर्ताओं से प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने में उनकी राय मांगी गयी, जिस पर सभी अपने-अपने सुझाव शीर्ष नेतृत्व के समक्ष प्रस्तुत किये। उपस्थित सभी नये पुराने कांग्रेसजनों की भारी भीड़ को देखकर राष्ट्रीय महासचिव व यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने कहा कि संगठन निर्माण की इस प्रक्रिया में आज यहां जितने भी साथी उपस्थित हैं, सभी को संगठन में कार्य करने का अवसर प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हम



35 सालों से प्रदेश में सरकार में नहीं हैं, फिर भी आप सभी पूरे उत्साह के साथ संघर्ष कर रहे हैं। इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि जितनी तादात में आप सब यहां उपस्थित है और जिस प्रकार से विधानसभा के बाहर सड़कों पर उतरकर संघर्ष कर रहे आने वाले समय में विधानसभा के अंदर होंगे। बैठक के बाद भारतीय शिक्षिका एवं समाज सुधारक फातिमा शेख की जयंती के अवसर पर कांग्रेस के महासचिव व यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।


# सोने-चांदी के तारों से बनी पीतांबरी धारण करेंगे रामलला

## दिल्ली में तैयार हो रही पीताम्बरी, 10 को पहुंचेगी अयोध्या, सीएम योगी करेंगे रामलला का अभिषेक

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। 11 जनवरी से शुरू होने जा रहे समारोह को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम का आगाज और रामलला का अभिषेक करेंगे। रामलला को प्रतिष्ठा द्वादशी के प्रथम दिन पीतांबरी पहनाई जाएगी। यह दिल्ली में तैयार की जा रही है। इसकी बुनाई व कढ़ाई सोने-चांदी के तारों से की जा रही है। यह 10 को अयोध्या पहुंच जाएगी, जिसे 11 को धारण कर रामलला दर्शन देंगे।

महोत्सव 11 से 13 जनवरी तक चलेगा, लेकिन 11 जनवरी का दिन खासा महत्वपूर्ण है। समारोह का शुभारंभ रामलला के अभिषेक से होगा। सुबह 10 बजे से रामलला के पूजन व अभिषेक का सिलसिला शुरू होगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जिस विधिविधान से रामलला का





अभिषेक किया गया था, उसी तर्ज पर प्रतिष्ठा द्वादशी पर भी रामलला का अभिषेक पंचामृत, सरयू जल आदि से किया जाएगा। अभिषेक-पूजन के बाद ठीक 12:20 बजे रामलला की महाआरती होगी। श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के अनुसार करीब 110 वीआईपी भी इसमें शामिल होंगे। वहीं अंगद टीला स्थल पर भी एक जर्मन हैंगर टेंट लगाया गया है, जिसमें 5,000 लोगों तक की मेजबानी की जा सकती है। आम लोगों को भव्य कार्यक्रमों को देखने का अवसर मिलेगा, जिसमें मंडप और यज्ञशाला में प्रतिदिन आयोजित होने वाले शास्त्रीय सांस्कृतिक प्रदर्शन, अनुष्ठान और राम कथा प्रवचन शामिल हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा, ह्वट्रस्ट ने आम लोगों को आमंत्रित करने का फैसला किया है, जो पिछले साल अभिषेक समारोह में शामिल नहीं हो सके थे। उन्हें अंगद टीला में तीनों दिनों के कार्यक्रमों में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। मंदिर ट्रस्ट के अनुसार, यज्ञ स्थल पर सजावट और उत्सव की तैयारियाँ जोरों पर हैं। मंडप और यज्ञशाला इन उत्सवों के प्रमुख स्थल होंगे। आम लोगों के लिए राम मंदिर समारोह का हिस्सा बनने का यह दुर्लभ अवसर है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 जनवरी को मंदिर में रामलला का अभिषेक करेंगे। ट्रस्ट ने पहले ही देश भर के संतों और भक्तों को निमंत्रण भेजा है।

# आम आदमी की घरेलू बचत घटी, बढ़ा जीएसटी : सुप्रिया श्रीनेत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया एंड डिजिटल प्लेटफॉर्म की अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत्र ने गुरुवार को लखनऊ स्थित प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्र की भाजपा मोदी सरकार द्वारा देश की आम जनता पर भारी टैक्स लगाने का आरोप लगाया और जीएसटी गब्बर सिंह टैक्स से

> ● **कांग्रेस के सोशल मीडिया अध्यक्ष ने की मांग बेरोजगारी, महंगाई और कम आय से जूझ रहे देशवासियों को राहत दे मोदी सरकार**

पीड़ित आम जनता को आगामी बजट में राहत देने की मांग की। साथ ही आवश्यक घरेलू वस्तुओं और हेल्थ बीमा से जीएसटी हटाने की मांग की।

प्रेस कांफ्रेंस में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत्र के साथ मीडिया चेयरमैन डॉ सीपी राय, प्रदेश प्रवक्ता उमाशंकर पांडे, अंशू अवस्थी, सचिन रावत और सोशल मीडिया वाइस चेयरमैन शालिनी सिंह उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता में सुप्रिया श्रीनेत्र ने कहा कि आज से कुछ ही दिनों में सरकार अपना बजट पेश करने वाली है, यह बजट देश का भविष्य तय करेगा, क्या अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी या नौकरियां बनेंगी? क्या उपभोग बढ़ेगा, क्या निवेश होगा? क्या लोगों पर जो महंगाई की मार है वह कम होगी और सबसे अहम सवाल



क्या आम आदमी से जो जबरन टैक्स वसूला जा रहा है, उसमें कुछ राहत मिलेगी, आजाद हिन्दुस्तान में पहली बार सूट बूट की इस सरकार में इनकम टैक्स, कॉर्पोरेट टैक्स से कहीं ज्यादा है। मतलब बड़े-बड़े पूंजीपति आज आप से कम टैक्स दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गब्बर सिंह टैक्स के माध्यम से जिसे इस देश के सबसे अमीर और सबसे गरीब आदमी के लिए एक बराबर होना चाहिए लेकिन इस सरकार ने ना सिर्फ जीएसटी का रायता फैलाया हुआ है बल्कि असलियत ये है कि आपके आटा, दही, दवाई, पढ़ाई और यहां तक कि पॉपकॉर्न और पुरानी गाड़ी बेचने पर भी जमकर जबरन जीएसटी वसूला जा रहा है। आज आम आदमी पर टैक्स ज्यादा है और कार्पोरेट उद्योगपतियों पर टैक्स कम। सुप्रिया श्रीनेत्र ने कहा कि मोदी सरकार हर महीने जीएसटी कलेक्शन करके खुशियां मनाती है. वो ये भी नहीं समझते कि जीएसटी एक कंज्शम टैक्स है मतलब यह टैक्स लोग उपभोग पर देते हैं और गरीब अपनी अधिकांश आय का उपभोग करते हैं, जबकि अमीर अपनी आय का बड़ा हिस्सा बचाते हैं इसीलिए जीएसटी की मार गरीबों पर ज्यादा पड़ती है। औसतन् कालेक्शन का 64 प्रतिशत हिस्सा देश की आर्थिक रूप से निचली आधी आबादी मतलब् नीचे से 50 प्रतिशत से आता है।

# 7696 गौ आश्रय स्थलों पर गोवंश किये गये संरक्षित

## ठंड से किसी गोवंश की मृत्यु न हो, गौ आश्रय स्थलों में विशेष इंतजाम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की ठंड और शीतलहर को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने गौवंश संरक्षण पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि

> ● **निराश्रित गोवंश के संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है सरकार**

किसी भी गौवंश की ठंड के कारण मृत्यु न हो। इसके लिए प्रदेशभर के गौ आश्रय स्थलों पर त्रिपाल, अलाव, चारा, पानी और अन्य आवश्यक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। प्रदेश सरकार ने पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे नियमित रूप से गौ आश्रय स्थलों का दौरा करें और वहां गौवंश के उत्तम स्वास्थ्य, चिकित्सा, औषधि एवं देखभाल सुनिश्चित करें। साथ ही यह



भी सुनिश्चित किया गया है कि हर गौ आश्रय स्थल पर कार्यरत केयरटेकर रात में वहीं रुकें और गौवंश की देखभाल के लिए आवश्यक कार्य सुचारू रूप से करें। सीएम योगी ने निर्देश दिया है कि जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी गौ आश्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि चारा, भूसा, पानी, प्रकाश आदि की कोई कमी न हो। इसके अलावा, गौ संरक्षण केंद्रों की स्थापना का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया गया है ताकि निराश्रित गौवंश को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके। सरकार ने ग्राम्य विकास विभाग और अन्य सहयोगी विभागों को निर्देश दिया है कि वे समन्वय बनाकर गौ संरक्षण के कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करें। चारागाह भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने और मनरेगा के माध्यम से बहुवर्षीय और सीजनल चारे की बुआई सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। योगी सरकार ने सभी अवस्थापना संबंधी कार्यों को 25 फरवरी 2025 तक पूरा करने का निर्देश दिया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि कार्यदायी संस्थाएं मानक और लेआउट के अनुसार उच्च गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य करें। गौवंश शेड, पानी पीने की सुविधाएं, चारे का स्थान और खडंजा जैसी संरचनाओं को मजबूती और व्यवस्थित तरीके से तैयार किया जाए। योगी सरकार ने निर्देश दिया है कि जिन गौ आश्रय स्थलों में किसी प्रकार की अव्यवस्था या गौवंश की देखभाल से संबंधित शिकायतें प्राप्त होती हैं, वहां तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। बता दें कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 7,696 गौ आश्रय स्थलों पर 12,35,700 निराश्रित गौवंश का संरक्षण किया जा रहा है। सरकार की मंशा इन आश्रय स्थलों की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने की है। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया है कि ठंड से बचाव के लिए त्रिपाल, अलाव और अन्य आवश्यक उपायों को प्राथमिकता दी जाए।

# अखिलेश यादव के चाचा राजपाल यादव का निधन

विशेष संवाददाता (vol)

**सैफई, इटावा।** गुरुवार सुबह समाजवादी पार्टी के संरक्षक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के छोटे भाई राजपाल सिंह यादव का लंबी बीमारी के बाद गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। वे 73 वर्ष के थे और पिछले कुछ महीनों से स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे थे। तड़के 4 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से यादव परिवार और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में गहरा शोक व्याप्त हो गया। राजपाल

> ● **सैफई में हुआ अंतिम संस्कार**

यादव, जो समाजवादी पार्टी और यादव परिवार के लिए एक मजबूत स्तंभ माने जाते थे, इटावा के जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव उर्फ अंशुल यादव के पिता थे। उनकी पत्नी प्रेमलता यादव भी जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं।

राजपाल यादव ने अपने जीवन में समाजवादी विचारधारा को न केवल आत्मसात किया बल्कि पार्टी को हर कठिन समय में मजबूती प्रदान की। उनके निधन के बाद गुरुग्राम से उनके पार्थिव शरीर को सैफई लाया गया। परिवार के सदस्यों और समर्थकों ने सुबह से ही सैफई स्थित आवास पर जुटना शुरू कर



दिया। पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उनके भतीजे अखिलेश यादव के आवास के पास बने गेस्ट हाउस में रखा गया। राजपाल यादव का अंतिम संस्कार गुरुवार शाम उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के नए आवासीय परिसर गेट के सामने पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान यादव परिवार और समाजवादी पार्टी के कई दिग्गज नेता, कार्यकर्ता और शुभचिंतक मौजूद रहे। मुखाग्नि उनके बड़े बेटे अभिषेक यादव उर्फ अंशुल यादव ने दी। इस दौरान परिवार के सदस्य भावुक नजर आए। सैफई के आस-पास के गांवों और जिलों से हजारों की संख्या में लोग अंतिम विदाई देने पहुंचे। राजपाल यादव लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उन्हें कई बार सैफई मेडिकल कॉलेज और अन्य बड़े अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। उनकी स्थिति में सुधार न होने के कारण उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा था। लेकिन गुरुवार सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। राजपाल यादव ने न केवल यादव परिवार बल्कि समाजवादी पार्टी के लिए भी अपना जीवन समर्पित किया। वे पार्टी के प्रति निष्ठावान रहे और हमेशा समाज के कमजोर और पिछड़े वर्गों के लिए काम किया। उनके संघर्षशील व्यक्तित्व और सामाजिक सेवा के प्रति समर्पण को पार्टी और उनके समर्थक हमेशा याद करेंगे। अंतिम संस्कार में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, सांसद डिंपल यादव, शिवपाल सिंह यादव, प्रो. रामगोपाल यादव, धर्मेंद्र यादव, अक्षय यादव, आदित्य यादव, तेजप्रताप यादव समेत परिवार के सभी सदस्य शामिल हुए। इसके अलावा समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद नरेश उत्तम पटेल, पूर्व सांसद राजा रामपाल, सांसद जितेंद्र दोहरे सहित कई विधायक, पूर्व मंत्री और हजारों कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। राजपाल यादव का निधन न केवल यादव परिवार बल्कि समाजवादी पार्टी के लिए भी एक अपूरणीय क्षति है। उनके निधन ने समाजवादी विचारधारा के एक मजबूत स्तंभ को खो दिया है। उनका जीवन संघर्ष और सामाजिक सेवा का प्रतीक था, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा। सैफई में हर किसी की आंखें नम थीं। समर्थकों ने उन्हें याद करते हुए कहा कि राजपाल यादव का योगदान समाजवादी आंदोलन और पार्टी के इतिहास में हमेशा अमिट रहेगा।

# इतिहास और विकास के संगम पर गोरखपुर महोत्सव का आगाज आज से

## पर्यटन मंत्री करेंगे उद्घाटन, रविवार को औपचारिक समापन करेंगे मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोरखपुर इतिहास और गवानुर्भूति कराने वाले विरासत से समृद्ध है तो बीते सात सालों से यहां का विकास नजीर पेश कर रहा है। इतिहास और विकास के संगम पर साल दर साल गोरखपुर की ब्रांडिंग का बड़ा मंच बन रहे गोरखपुर महोत्सव का इस वर्ष आगाज शुक्रवार (10 जनवरी) को हो रहा है।

> ● **गोरखपुर की ब्रांडिंग का बड़ा मंच बन रहा है गोरखपुर महोत्सव**

रामगढ़ताल के सामने स्थित चम्पा देवी पार्क में गोरखपुर महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह करेंगे। जबकि औपचारिक समापन समारोह में 12 जनवरी (रविवार) को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सानिध्य प्राप्त होगा। महोत्सव 16 जनवरी तक जारी रहेगा। बीते सालों की भांति इस साल भी गोरखपुर महोत्सव कला, संस्कृति, ज्ञान, विज्ञान, मेधा, मनोरंजन और रोजगार का मंच देने के लिए तैयार है।

गोरखपुर महोत्सव की खासियत यह भी है कि यह हाल के छह-सात सालों में गोरखपुर की विकसित पहचान को एक उत्सवी मंच दे रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 से गोरखपुर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रगति की नई उड़ान भरी है। कभी पिछड़ेपन का दंश झेलने वाले इस जिले ने विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। शानदार इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, बेहतरीन रोड और एयर कनेक्टिविटी, खाद कारखाना, पिपराइच चीनी मिल, एम्स, रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर, आयुष विश्वविद्यालय, चिड़ियाघर, वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जैसे अनेक प्रोजेक्ट्स की सौगात पाने के साथ निखरे रामगढ़ताल की अगुवाई में एक नए टूरिस्ट सेंटर के रूप में भी ख्याति बटोर रहा है। विकास और रोजगार के साथ यहां की कला, संस्कृति भी लगातार संरक्षित और समृद्ध हुई है। इन सबको समेटते हुए गोरखपुर महोत्सव एक आईना के रूप में है। यह महोत्सव कला, संस्कृति, पर्यटन व रोजगार का भी सशक्त मंच बना है।

# रजिस्ट्री के लिए चक्कर लगा रहे थे दंपति, शिकायत पर बाबू निलंबित

## मण्डलायुक्त ने जन सुनवाई में शिकायत मिलने पर दिये कार्यवाही के निर्देश, स्वर्ण जयंती सभागार का उद्घाटन, सिंगल विन्डो प्रणाली व कॉल सेंटर का निरीक्षण

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बसन्तकुंज योजना के भूखण्ड का पूरा पैसा 2021 में जमा करने के बाद भी डॉ. आलोक तिवारी व उनकी पत्नी मीनू तिवारी रजिस्ट्री के लिए एलडीए के चक्कर लगाकर थक चुके थे। दिल्ली में लेक्चरर रहते हुए उन्हें बार-बार लखनऊ आना पड़ रहा था मगर एलडीए के बाबू उनकी रजिस्ट्री करने को तैयार नहीं था।

गुरुवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष, मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की जनसुनवाई में डॉ. दम्पत्ति ने अपनी पीड़ा बयां की। कमिश्नर ने बाबू की लापरवाही सामने आने पर उसे तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिये। कमिश्नर ने प्राधिकरण भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जन सामान्य की समस्याओं की सुनवाई की। इस मौके पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा एवं सीपी त्रिपाठी समेत अन्य अधिकारी व अभियंता गण उपस्थित रहे। जनसुनवाई के बाद मण्डलायुक्त ने प्राधिकरण भवन के भूतल पर नवनिर्मित स्वर्ण जयंती सभागार का उद्घाटन किया। साथ ही सिंगल विन्डो प्रणाली के तहत बनाये गये काउंटर व कॉल सेंटर का निरीक्षण करके व्यवस्था की सराहना की। जनसुनवाई में पहुंचे डॉ. आलोक तिवारी व उनकी पत्नी मीनू तिवारी ने बताया कि उन्हें बसन्तकुंज योजना के सेक्टर-एन में भूखण्ड संख्या-173 आवंटित हुआ है। जिसकी सम्पूर्ण धनराशि वह वर्ष 2021 में ही जमा करा चुके हैं, लेकिन आवेदन के बाद भी रजिस्ट्री नहीं हो रही है। डॉ. आलोक ने बताया कि वह दिल्ली शिक्षा निदेशालय में लेक्चरर के पद पर कार्यरत हैं और रजिस्ट्री के लिए बार-बार चक्कर लगाने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। मण्डलायुक्त ने प्रकरण की रिपोर्ट तलब की तो कनिष्ठ लिपिक सुनील कुमार पाल की लापरवाही सामने आयी। इस पर मण्डलायुक्त ने आरोपी बाबू को तत्काल प्रभाव से निलिम्बत करने के निर्देश दिये। साथ ही सम्पत्ति की मौके पर ही गणना कराकर एक सप्ताह के अंदर रजिस्ट्री कराकर सूचित करने के निर्देश दिये। इसके अलावा गोमती नगर में रहने वाली एसिड अटैक पीड़िता ने प्रार्थना पत्र दिया कि उन्होंने 1090 चौराहा स्थित चटोरी गली में स्टॉल लगाने के लिए आवेदन कर रखा है। लेकिन, स्मारक समिति की ओर से जगह आवंटित नहीं की जा रही है। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने बड़ी मुश्किल से स्टॉल के लिए संसाधन जुटाये हैं और जीविका चलाने के लिए अन्य कोई साधन नहीं है। इस पर मण्डलायुक्त ने मानवीय दृष्टिकोण के तहत तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिसके अनुपालन में मौके पर ही पीड़िता को जगह आवंटित करते हुए पत्र सौंपा गया। इस क्रम में गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-1 निवासी मनोज कुमार राणा ने सुलभ आवास योजना में भवनों की मरम्मत, पुताई व बाउन्ड्रीवॉल बनवाने के सम्बंध में प्रार्थना पत्र दिया। इस पर उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने अवगत कराया कि योजना में आवश्यक कार्यों के लिए टेंडर कराया जा चुका है और इसी सप्ताह से काम शुरू हो जाएगा। इसके अलावा भीमेश कुमार आठवानी ने प्रार्थना पत्र दिया कि वह प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराकर गोमती नगर के विशेष खण्ड में आवासीय भवन का निर्माण करा रहे हैं। जिसमें प्रवर्तन अनुभाग की रिपोर्ट पर विहित न्यायालय ने वाद योजित कर लिया है। पीड़ित ने बताया कि वह शमन मानचित्र स्वीकृत कराकर अशमनीय भाग स्वयं ध्वस्त करा देंगे। इस पर मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि नियमानुसार कार्यवाही कराते हुए वाद निस्तारित कराया जाए। जनसुनवाई में मोहनलालगंज के हरकंशगढ़ी में पद्मजा बिल्डर के राजीव सिंह की ओर से अवैध प्लाटिंग किये जाने की शिकायत आयी। जिस पर मण्डलायुक्त ने अवर अभियंता को फटकार लगाते हुए जोनल अधिकारी को स्वयं निरीक्षण करके कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में कुल 28 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिनमें से 11 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं, शेष प्रकरणों में समय सीमा निर्धारित करते हुए सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गये हैं।

# जेई और एसडीओ से भी असरदार है संविदा कर्मी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उपभोक्ता को समय से बिजली मिले इसके लिए शक्ति भवन से प्रतिदिन निर्देश जारी होता है। लेकिन फिर भी बिजली कटौती हो रही है। ऐसा इसलिए हो रहा है कि अधिकारी तो अपना निर्देश जारी कर देते है पर मौके पर संविदा कर्मी ही काम को पूरा करने की जिम्मेदारी आ जाती है।

फिर संविदा कर्मी उपभोक्ता से कहते है कि आखिर हमारे पास ही आना पड़ा। ऐसे में अधिकारियों पर संविदा कर्मी भारी पड़ रहे है। वर्षो से एक ही उपकेन्द्र पर तैनात संविदा कर्मी इतना मजबूत हो चुके है कि उन्हें अधिकारी भी चाह कर नही हटवा सकते है। जैसे ही उन्हे हटाने का निर्देश आता है तो यह संविदा कर्मी अपने रसूखदार नेताओं के पास पहुंच कर फिर से उसी उपकेन्द्र पर तैनात हो जाते है। सैकड़ो संविदा कर्मी ऐसे है जो अधिकारियों को फसाने के लिए वहां से विभागीय कागज भी दूसरो को निकाल कर दे देते है। ऐसे में जब अधिकारी ऐसे संविदा कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही करते है तो वे उल्टा उन्ही को फसाने का प्रयास करते है। अपट्रान में हुई उपभोक्ता के साथ कार्यवाही में भी अधिकारी और संविदा कर्मी की गलती थी जिसपर अधिकारी ने संविदा कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही किया तो मध्यांचल की तरफ से अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही किया गया।

**यहां वर्षो से तैनात है संविदा कर्मी:** उतरठिया पावर हाऊस, अम्बेडकर पावर हाऊस, शिवपुरी पावर हाऊस, अपट्रान उपकेन्द्र, ठाकुरगंज बिजली घर, आशियाना उपकेन्द्र, बीकेटी बिजली घर, नादरगंज उपकेन्द्र, इन्दिरा नगर उपकेन्द्र, गहरु उपकेन्द्र, वृन्दावन उपकेन्द्र, महानगर, तालकटोरा, राजाजीपुरम, दुबग्ग पावर हाऊस सहित अन्य बिजली घरो पर तैनात है ऐसे संविदाकर्मी

**दो माह के अन्दर सभी संविदा कर्मियों को विभिन्न उपकेन्द्रो पर बदलाव किया जायेगा, किसी को भी एक उपकेन्द्र पर तीन माह से अधिक नही रखा जायेगा।**

**रजत जुनेजा, मुख्य अभियंता लेसा सिस गोमती प्रथम**

# एसी बस में यात्रियों ने की पानी देने की मांग

लखनऊ। दिन पर दिन बढ़ती गर्मी को देखते हुए एसी बस में एक बार बैठने के बाद बस से नीचे नही उतरना चाहते है। जबकी गर्मी में पानी की जरुरत यात्रियों को होने पर उन्हें बस के बाहर जाकर लाना पड़ता है। ऐसे में यात्रियों ने परिवहन मुख्यालय को लिखित रुप से दिया है कि एसी बस के अन्दर ही पानी यात्रियों को दिया जाय। अवध बस स्टेशन से गोरखपुर जाने के लिए सुरेश सुबह से एसी बस का इंतजार कर रहे थे। अचानक यात्रियों की सख्या गोरखपुर जाने के लिए बढ़ी तो आनन-फानन में एक एसी बस का इंतजाम कर गोरखपुर जाने के लिए यात्रियों को बैठाल दिया गया।

# बिजली संविदाकर्मी छंटनी के विरोध में मध्यांचल पर करेंगे विरोध सभा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविसंविदा कर्मचारी संघ ने बैठक कर कहा कि मध्यांचल प्रबंधन द्वारा 33/11 के वी विद्युत उपकेंद्रों के परिचालन एवं अनुरक्षण कार्य के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के विद्युत उपकेन्द्रो पर 12:5 व शहरी क्षेत्रों के विद्युत उपकेन्द्रो पर 18.5 कर्मचारियों को तैनात करने का आदेश निर्गत किया गया है जिससे जहां एक तरफ बड़े पैमाने पर पूर्व से कार्य कर रहे बिजली के आउटसोर्स कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे।

वहीं दूसरी तरफ कर्मचारियों के ऊपर कार्य का अधिक भार पड़ने से उनकी दुर्घटनाओं में वृद्धि होगी तथा उपभोक्ताओं को समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। जबकि पावर कॉरपोरेशन के ज्ञापन संख्या 295 दिनांक 15 मई 2017 में प्रत्येक 33/11 के वी विद्युत उपकेन्द्रो के परिचालन एवं अनुरक्षण कार्य है ग्रामीण क्षेत्रों में 20 और शहरी क्षेत्रो में 36 कर्मचारियों को तैनात करने का आदेश निर्गत किया गया है। इसके बावजूद भी मध्यांचल प्रबंधन द्वारा पावर कारपोरेशन के उक्त आदेश का उल्लंघन कर कर्मचारियों की छटनी की जा रही है जिसको ध्यान में रखकर संगठन द्वारा 17 जनवरी 2025 को प्रबन्ध निदेशक मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड 4 ए गोखले मार्ग लखनऊ कार्यालय पर सत्याग्रह करने का निर्णय लिया गया है तथा मध्यांचल प्रबन्धन को आगाह किया गया है कि यदि 17 जनवरी 2025 को संगठन के मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो 18 जनवरी 2025 से मण्डल कार्यालयों से लेकर प्रबन्ध निदेशक मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड गोखले मार्ग लखनऊ कार्यालय तक पर सत्याग्रह शुरू कर दिया जाएगा जिसकी सारी जिम्मेदारी मध्यांचल प्रबंधन की होगी।

# शिवरी कचरा प्लांट में हो सकेगा 2000 टन कूड़े का निस्तारण

## मेयर ने अत्याधुनिक 700 फ्रेश वेस्ट संयंत्र का किया शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल ने वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह एवं पार्षदों की उपस्थिति में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत शिवरी स्थित ठोस अपशिष्ट प्रोसेसिंग प्लान्ट पर फ्रेश कूड़े के निस्तारण कार्य के लिए संयत्र का शुभारंभ किया। शहर में प्रतिदिन जनित लगभग 2000 मीट्रिक टन फ्रेश कूड़े के निस्तारण कार्य के लिए द्वितीय चरण में 700 मीट्रिक टन क्षमता का प्लांट लगाया गया है। महापौर ने शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये जाने एवं नगर को कूड़ा व प्रदूषण मुक्त किये जाने के लिए नगर निगम के किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। मेसर्स भूमि ग्रीन एनर्जी संस्था की ओर से यह काम कराया जा रहा है।

सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों की जानकारी महापौर व भाजपा नेता को दी गई। साथ ही प्रथम व द्वितीय चरण में स्थापित 700-700 मीट्रिक टन क्षमता सहित कुल 1400 मीट्रिक टन क्षमता के पलांट की स्थापना करते हुए नगर से निकलने वाले कुल 2000 मीट्रिक टन ठोस अपशिष्ट के निस्तारण के लिए आगामी माह में प्लांट का विस्तार किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। यह नवीन फ्रेश वेस्ट प्रसंस्करण संयंत्र पूर्व स्थापित 700 मीट्रिक टन क्षमता वाले प्लांट के साथ मिलकर कार्य करेगा। दोनों संयंत्रों की कुल क्षमता 1400 मीट्रिक टन प्रतिदिन होगी। इस प्रकार शहर में उत्पन्न होने वाले कुल 2000 मीट्रिक टन कचरे में से 70 प्रतिशत का वैज्ञानिक प्रसंस्करण सुनिश्चित होगा। नए फ्रेश वेस्ट प्रसंस्करण संयंत्र में अत्याधुनिक सुविधाओं का समावेश किया गया है। इस नवीन प्लांट में लगी आधुनिक मशीनरी कचरे का वैज्ञानिक विधि से प्रसंस्करण करेगी। पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण मित्र प्रसंस्करण प्रणाली स्थापित की गई है। कचरे के बेहतर उपयोग के लिए इससे खाद और ऊर्जा उत्पादन की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। कचरे के उचित निस्तारण के लिए स्वचालित श्रेणीकरण और पृथक्करण प्रणाली लगाई गई है, जो कचरे को उसकी प्रकृति के अनुसार अलग-अलग करेगी। वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए दुर्गंध नियंत्रण प्रणाली भी स्थापित की गई है। साथ ही, संयंत्र में एक आधुनिक प्रयोगशाला भी स्थापित की गई है, जो प्रसंस्करण की गुणवत्ता की निरंतर जांच करेगी और मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करेगी। यह संयंत्र अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप स्थापित किया गया है। इससे न केवल पर्यावरण की रक्षा होगी बल्कि लैंडफिल साइट्स पर दबाव भी कम होगा। संयंत्र से प्राप्त जैविक खाद कृषि कार्यों में उपयोगी होगी तथा ऊर्जा उत्पादन से बिजली आपूर्ति में सहायता मिलेगी।

**सांसद की फ्यूचरिस्टिक सोच पर खरा उतर रहा नगर निगम :**

इस अवसर पर नीरज सिंह ने कहा कि सांसद राजनाथ सिंह की फ्यूचरिस्टिक सोच के अन्तर्गत जो कार्य होने चाहिए थे उन्हें नगर निगम की ओर से सुचारू रूप से किया जा रहा है। साथ ही शरीर में जैसे दिल होता है जो धमनियों में रक्त का संचार करता है उसी प्रकार से नगर निगम की तुलना शरीर में स्थित दिल से की गयी एवं सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट क्षेत्र में नगर निगम द्वारा किये जा रहे प्रयासों को सस्टेनेबल डेवलपमेन्ट (सतत विकास) की अप्रोच के साथ बनने वाले दिशा को प्रोत्साहित किया गया। महापौर ने शिवरी प्लान्ट पर बनाये गये नवीन सभागार का नाम श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी के नाम से रखने की बात कही। इस दौरान कार्यक्रम में पार्षद, नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, पंकज श्रीवास्तव, अरूण कुमार गुप्ता, डा. अरविन्द कुमार राव समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# निजीकरण के खिलाफ आज बिजली कर्मी मनायेंगे विरोध दिवस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन की एनर्जी टास्क फोर्स द्वारा बिजली के निजीकरण ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने की प्रक्रिया को अनुमति प्रदान करने से बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा व्याप्त हो गया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने 10 जनवरी को विरोध दिवस मनाने और निजीकरण वापस होने तक सतत संघर्ष का ऐलान किया है।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन की एनर्जी टास्क फोर्स द्वारा पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण को अंजाम देने ट्रांजैक्शन कंसलटेंट नियुक्त करने आर एफ पी डॉक्यूमेंट को अनुमति प्रदान करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और भड़काने वाला कदम है। उन्होंने कहा की इससे समस्त ऊर्जा निगमों के कर्मचारियों में भारी गुस्सा व्याप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि 5 अप्रैल 2018 और 6 अक्टूबर 2020 को तत्कालीन ऊर्जा मंत्री और वित्त मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री के साथ हुए लिखित समझौते में स्पष्ट कहा गया है कि उत्तर प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में कर्मचारियों को विश्वास में लिए बिना कोई निजीकरण नहीं किया जाएगा। गुरुवार को एनर्जी टास्क फोर्स द्वारा निजीकरण के लिए कंसल्टेंट की नियुक्ति हेतु दिया गया अनुमोदन इस समझौते का खुला उल्लंघन है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों राजीव सिंह, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय, महेन्द्र राय, सुहैल आबिद, पीके दीक्षित, राजेंद्र घिल्डियाल, चंद्रभूषण उपाध्याय, आर वाई शुक्ला, छोटेलाल दीक्षित, देवेन्द्र पाण्डेय, आरबी सिंह, राम कृपाल यादव, मो वसीम, मायाशंकर तिवारी, राम चरण सिंह, मो इलियास, श्रीचन्द, सरजू त्रिवेदी, योगेन्द्र कुमार, एके श्रीवास्तव, केएस रावत, रफीक अहमद, पीएस बाजपेई, जीपी सिंह, राम सहारे वर्मा, प्रेम नाथ राय, विशम्भर सिंह एवं राम निवास त्यागी ने कहा कि वर्ष 2000 में जब उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद का विघटन किया गया था तब भी कंसल्टेंट की नियुक्ति की गई थी और लगभग 15 करोड रुपए कंसलटेंट पर व्यय किए गए थे। विद्युत परिषद के विघटन का प्रयोग पूरी तरह विफल साबित हुआ है। एक बार फिर कंसल्टेंट की नियुक्ति कर सरकारी धन का अपव्यय किया जा रहा है और अनावश्यक तौर पर ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशांति का वातावरण पैदा किया जा रहा है। संघर्ष समिति ने एनर्जी टास्क फोर्स द्वारा कंसल्टेंट नियुक्त करने की प्रक्रिया को प्रारम्भ करने की अनुमति देने के विरोध में 10 जनवरी को विरोध दिवस मनाने का ऐलान किया है।

# अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कर दो करोड़ की जमीन खाली करायी

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। नगर निगम के सम्पत्ति विभाग ने गुरुवार को ग्राम-सलेमपुर पतौरा में सरकारी जमीन पर हुआ कब्जा ध्वस्त कराया। जमीन पर प्रापर्टी डीलरों ने प्लाटिंग कर दी थी। फिर उसे बेच दिया। खसरा संख्या-209 की भूमि तालाब दर्ज थी।

उसे बेच दिया। प्राचीन परती, ऊसर भूमि पर भी बडे पैमाने पर प्रापर्टी डीलरों ने अवैध प्लाटिंग की। अस्थाई बाउण्ड्रीवाल व सड़क बना दिया। 0.1500 हेक्टेयर भूमि से विरोध के बीच कब्जा हटवा दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि प्रापर्टी डीलरों ने काफी विरोध किया। लेकिन बिना किसी झगड़े के जमीन पर हुआ निर्माण तोड़ दिया गया है। भूमि को अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया। मुक्त कराई गई भूमि की बाजारू कीमत लगभग दो करोड़ रुपये है।

# छह लाख बिजली उपभोक्ताओं ने ओटीएस में कराया पंजीकरण

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। मध्यांचल (डिस्कॉम) के सभी वितरण कार्यालयों में एक मुश्त समाधान योजना में गुरुवार तक कुल 6,91,620 विद्युत उपभोक्ताओं ने अपना पंजीकरण करवाया एवं 503.77 करोड़ धनराशि की प्राप्ति हुई। लेसा के अमौसी क्षेत्र में अबतक सर्वाधिक पंजीकरण किया गया।

जिसमें 5 हजार से 25 हजार तक के कुल 11,147 विद्युत उपभोक्ताओं ने अबतक अपना पंजीकरण करवाया जिसमें विद्युत वितरण खण्ड-मलिहाबाद में सर्वाधिक लाभ उपभोक्ताओं द्वारा लिया गया तथा हाई वैल्यू बिल की श्रेणी में भी 37 उपभोक्ताओं द्वारा योजना में पंजीकरण कराया गया जिसमें सर्वाधिक विद्युत उपभोक्ता विद्युत वितरण खण्ड-मोहनलालगंज के थे। लेसा के अमौसी क्षेत्र में 25 हजार से 5 लाख तक के कुल 3,341 विद्युत उपभोक्ताओं ने अबतक अपना पंजीकरण करवाया जिसमें विद्युत वितरण खण्ड-दुबग्गा में सर्वाधिक 880 उपभोक्ताओं द्वारा लाभ लिया गया तथा 5 लाख से बड़े बकायेदारों में 3 विद्युत उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराकर योजना का लाभ उठाया। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0, के समस्त क्षेत्रों में अयोध्या क्षेत्र में अबतक 1,82,555 विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा योजना के अन्तर्गत पंजीकरण कराया गया। जिसमें पांच लाख से बड़े 968 बकायेदार, 25 हजार से 5 लाख तक 30,684 बकायेदार एवं 5 हजार से 25 हजार तक 76,903 विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा अपना पंजीकरण कराया।

# मंडलायुक्त ने किया चौराहों का औचक निरीक्षण, अवैध होर्डिंग हटाने के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने गुरुवार को शहर की यातयात व्यवस्था सुगम व सुदृढ़ बनाने को लेकर कई चौराहों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विभागीय अफसर मौजूद रहे। उन्होंने एलडीए की ओर से निर्माणधीन चौराहों के सुदृढ़ीकरण एवं ब्लैक टॉप बढ़ोतरी के कार्यों का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

मौके पर चौराहों पर नजर आने वाली अवैध होर्डिंग व एलईडी पर नाराजगी जताई। जिसके बाद उन्होंने वहां मौजूद अधिकारियों को तत्काल अवैध एलईडी/होल्डिंग बैनर को हटाने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब अचानक डॉ एपीजे अब्दुल कलाम चौराहा, अटल चौराहा (जानकीपुरम), इंजीनियरिंग कालेज चौराहा व अटल चौक (हजरतगंज) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अवैध अतिक्रमण हटाकर व चौराहे के आयरलैंड में ग्रीनरी करते हुए ब्लैक टॉप की बढ़ोतरी कराई जाए। जिससे ट्रैफिक व्यवस्था सुगम व सुचारू रूप से चलती रहे। मंडलायुक्त ने बताया कि डालीगंज चौराहा, आईटी चौराहा, लोकबंधु चौराहा, हनीमैन चौराहा, समता मूलक चौराहे के साथ साथ 1090 चौराहे के सुदृढ़ीकरण एवं ब्लैक टॉप बढ़ोतरी के लिए एलडीए की ओर से टेंडर कराया जा चुका है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चौराहे पर बिना किसी देरी के तत्काल सिविल कार्य प्रारम्भ किया जाए।

# अवैध निर्माणों का ड्रोन से सर्वेक्षण करायेगा एलडीए

## अवैध निर्माणों को लेकर शासन में आज बैठक, दोषी अफसरों व इंजीनियरों पर होगा फैसला

आशीष मौर्य

लखनऊ। राजधानी में अवैध निर्माणों की पहचान के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से शहर का ड्रोन सर्वेक्षण कराया जाएगा। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य अवैध निर्माणों को चिन्हित करने के साथ ही भूमि स्तर का निर्धारण, सड़कों की स्थिति तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों की भौगोलिक जानकारी एकत्र करना भी है। एलडीए प्रशासन ने ड्रोन सर्वेक्षण के लिए विशेषज्ञ एजेंसी वेगसीर प्रा. लि. का चयन भी कर लिया है।

जिला प्रशासन की ओर से अनुमति मिलने के बाद सर्वेक्षण का काम शुरू करा दिया जाएगा। एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव की ओर से ड्रोन सर्वेक्षण के लिए अनुमति मांगे जाने को लेकर डीएम व पुलिस उपायुक्त (साउथ) कमिश्नरेट, लखनऊ को पत्र भी लिख दिया है। लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है फिर भी कई अवैध निर्माण चिह्नित होने से रह जाते हैं। वहीं इंजीनियर भी अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई करने में मनमानी करते रहे हैं। इसकी लगातार शिकायतें प्रशासन को मिलती रहीं हैं। इसलिए अब एलडीए ने ड्रोन सर्वे और थ्रीडी स्ट्रक्चर एनालिसिस के जरिये से अवैध निर्माण चिह्नित कराने पर विचार किया है। इसके अलावा निर्माण और नियोजन संबंधी कार्यों में भी ड्रोन सर्वे काम आएगा। इससे नाली, सड़क समेत दूसरी नागरिक सुविधाओं की रीयल टाइम मैपिंग भी हो सकेगी। अधिकारियों का कहना है कि ड्रोन सर्वे की मदद से अवैध निर्माण का सटीक रिकॉर्ड तैयार हो सकेगा ताकि अतिक्रमण और अवैध निर्माण पर लगाम लगाई जा सके। सर्वे और एनालेसिस के माध्यम से अवैध निमार्णों का सटीक चिन्हांकन किया जा सकेगा। जिससे चोरी-छिपे होने वाले निर्माण को भी चिन्हित किया जा सकेगा। अवैध निर्माण किस समय किया गया है यह भी स्पष्ट हो सकेगा। जिससे अवैध निर्माण के संबंध में संबंधित टीम का उत्तरदायित्व भी निर्धारित किया जा सकेगा। उधर, अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई न किये जाने से हाईकोर्ट की नारागजी के बाद एलडीए में फाइलें खंगाली जाने लगी हैं। वहीं प्रमुख सचिव से हलफनामा मांगे जाने के चलते इस सम्बंध में विचार-विमर्श के लिए महेन्द्र प्रसाद भारती विशेष सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की अध्यक्षता में शासन में बैठक बुलाई गई है। अनुसचिव चंद्र श्याम मिश्र की ओर से बैठक की जानकारी देते हुए कहा गया है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण अन्तर्गत अवैध निर्माण के विरूद्ध सुसंगत एवं प्रभावी कार्यवाही न किये जाने से सम्बन्धित अभियन्ताओं के विरुद्ध कार्यवाही से सम्बन्धित प्रकरणों की विस्तृत जांच व जांच के बाद विभिन्न प्रकरणों में दोषी पाये गये अधिकारियों व कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध स्पष्ट रूप से कार्यवाही की संस्तुति सहित आख्या शासन को भेजने के लिए अपर आवास आयुक्त आवास विकास की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की गई थी। मगर कार्रवाई आगे नहीं बढ़ सकी। शुक्रवार को इस मामले में बड़ा निर्णय लिए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# सीआरपीएफ जवान ने खुद को मारी गोली, मौत





विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ड्यूटी पर तैनात सीआरपीएफ जवान ने सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जवान केंद्रीय रिजर्व पुलिस लाइन की 93 बटालियन में तैनात था। बटालियन इंस्पेक्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस घायल जवान को लोकबंधु अस्पताल ले गई। डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने जवान को मृत घोषित कर दिया।

आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया, कॉन्स्टेबल उपेंद्र कुमार सिंह (36) पुत्र पिता पारस नाथ सिंह गुरुवार सुबह 8:45 पर ड्यूटी पर तैनात था। इसी दौरान सर्विस राइफल से सिर में सटाकर गोली मार ली। फायरिंग की आवाज सुनकर अन्य साथी मौके पर पहुंचे तो जवान खून से लथपथ पड़ा था। बताया जा रहा है कि जब यह घटना हुई उस समय उपेंद्र अपनी पत्नी से वीडियो कॉल पर बात कर रहा था। दो साल पहले 36 बटालियन अरुणाचल प्रदेश से लखनऊ आया था। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंची और जांच पड़ताल की। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उपेंद्र मूल रूप से बिहार के लखपुरवा रसूलपुर जिला छपरा के रहने वाले थे। आत्महत्या किन कारणों से की है अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मामले की जांच की जा रही है। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी गई है। उपेंद्र की भर्ती 2010 में हुई थी। बताया जा रहा है कि जवान दो दिन पहले ही अल्फा यूनिट पारा से आया था। हेड कॉन्स्टेबल पद पर प्रमोशन होना था। इसके लिए ट्रेनिंग लेने अजमेर जाने वाला था। परिवार में पत्नी रूबी सिंह और दो बच्चे ऋषिकेश कुमार सिंह (14), उज्जवल कुमार सिंह (11) हैं। जानकारी के अनुसार, सिपाही उपेंद्र ने सुसाइड करने के लिए इंसास राइफल से सिंगल शॉट गोली चलाई। इस वजह से उपेंद्र की मौके पर मौत नहीं हुई। इंसास में ट्रिपल शॉट ऑटोमेटिक ऑप्शन होता है। जिससे एक साथ तीन गोली चलती है और इंसान को बचने का मौका नहीं मिलता। पुलिस का कहना है कि जवान उपेंद्र के सुसाइड करने की जानकारी परिजनों को दी गई है। परिजन शव लेने लखनऊ नहीं आ रहे हैं। शव जवान के घर भेजा जाएगा। पोस्टमॉर्टम की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। अभी तक की जांच में सामने आया है उपेंद्र ने पत्नी से विवाद के बाद खुद को गोली मारी है।

## गेहूं की फसल देखने गये युवक को दबंगों ने जमकर पीटा



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगराम के अंबवा मुर्तजा पुर गांव में गुरुवार दोपहर गेहूं की फसल देखने जा रहे युवक को गांव के ही दबंग युवक ने गाली गलौज कर हाकी व डंडों से पिटाई कर दिया। थानाध्यक्ष नगराम के अनुसार पीड़ित के भाई द्वारा दी गई तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

नगराम के अंबवा मुर्तजा पुर गांव निवासी राम केतार के लड़के दीपक द्वारा नगराम थाने पर दी गई तहरीर के अनुसार गुरुवार दोपहर उसका छोटा भाई महावीर अपने खेत में लगी गेहूं की फसल की देखभाल करने जा रहा था। तभी गांव के ही जगदीश का लड़का राजा उसके भाई महावीर का रास्ता रोककर बेवजह गाली गलौज करने लगा। गाली गलौज का विरोध करने पर हाकी व डंडों से मारा-पीटा जिससे उसके भाई के कान व सिर में गंभीर चोटें आई हैं। डायल 112 पर सूचना के बाद पहुंची पुलिस द्वारा एंबुलेंस बुलाकर उसके भाई को इलाज के लिए सी एच सी नगराम ले जाया गया। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि पीड़ित के भाई द्वारा दी गई तहरीर पर आरोपी युवक राजा के विरुद्ध मार-पीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# महाकुम्भ को लेकर तैयार है अभेद्य सुरक्षा चक्रव्यूह

- जमीन से लेकर आसमान तक हो रही हाइटेक निगरानी, 102 मोर्चे पर जवान मुस्तैद
- पांच वज्र और 10 ड्रोन कर रहे चौबीसो घंटे निगरानी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महाकुम्भ की सुरक्षा को लेकर यूपी पुलिस नें प्रयागराज के चारों तरफ अभेद्य सुरक्षा चक्रव्यूह तैयार कर चप्पे चप्पे पर पुलिस का सख्त पहरा लगाया गया है। जमीन से लेकर आसमान तक हाइटेक संसाधन निगरानी कर रहे है। डीजीपी प्रशांत कुमार नें बताया कि आगामी महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर प्रयागराज को जोड़ने वाले सात मार्गो तथा उन मार्गों में पड़ने वाले जनपद एवं सीमावर्ती जनपदों को मिलाकर प्रयागराज के चारों तरफ अभेद्य सुरक्षा का एक चक्रव्यूह बनाए जाने के निर्देश दिए गए थे। जिसके अनुपालन में जनपद प्रयागराज को जोड़ने वाले सभी 07 सड़क मार्गो तथा उन मार्गों पर पड़ने वाले 08 जनपदों में आने-जाने वाले वाहनों एवं व्यक्तियों की चेकिंग एवं फ्रिस्किंग किए जाने के लिए यूपी पुलिस नें कुल 102 मोर्चे बनाए हैं जिनमे 1026 पुलिसकर्मियों को लगाया गया है। डीजीपी प्रशांत कुमार नें कहा कि इनमें 71 निरीक्षक, 234 उपनिरीक्षक, 645 आरक्षी और मुख्य आरक्षी एवं 76 महिला आरक्षी शामिल है। डीजीपी नें बताया कि 113 होमगार्ड/पीआरडी के जवान तथा तीन सेक्शन पीएसी को नियुक्त किया गया है। डीजीपी नें बताया कि महाकुम्भ की सुरक्षा के लिए 05 वज्र वाहन और 10 ड्रोन एवं 04 एंटी सबोटाज टीम लगाई गईं है। इन टीमों द्वारा 24 घण्टे मार्गों की निगरानी की जा रही है। डीजीपी नें बताया कि महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस कृतसंकल्पित है। डीजीपी नें कहा कि महाकुम्भ में सुरक्षा को लेकर पुख्ता प्रबंध है। शीर्ष स्तर पर इसकी सघन मॉनिटरिंग हो रही है। हर स्थिति से निपटने के लिए यूपी पुलिस के जवान तैयार है। मेला परिक्षेत्र में सीसीटीवी और ड्रोन कैमरो से कड़ी नजर रखी जा रही है। सभी नाको और चौकी पर हर जवान मुस्तैद है। डीजीपी नें कहा है कि कुम्भ मेले की स्थिति पर वह खुद नजर रख रहे है। सुरक्षा की काफी मजबूत व्यवस्था की गईं है।

## पीजीआई इलाके में मकान में लगी आग

लखनऊ। पीजीआई इलाके में एक मकान में गुरुवार शाम आग लग गई। आग की लपटों ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। इससे लाखों की गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी रवि शंकर त्रिपाठी और दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीजीआई के आराधना कॉलोनी के रहने वाले अखिलेश कुमार रस्तोगी के मकान में अचानक आग लग गई। घटना के समय मकान मालिक मकान में मौजूद नहीं थे।

### सूचना

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 2645565 मूल प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। **रिफाकत हुसैन पुत्र हबिबुल्ला ग्राम- परसा उर्फ अगलहवा, पोस्ट- ककरही, गोरखपुर।**

### सूचना

मेरे पिता द्वारा एक एल.आई.सी. पॉलिसी सं. 218992918 ली गई थी जिसमें मेरा नाम त्रुटिवश फैसल अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा सही नाम अमान दर्ज है। दोनों मेरे ही नाम हैं। एल.आई.सी. पॉलिसी में भी मेरा सही नाम ही लिखा पढ़ा व पहचाना जाये। **अमान पुत्र नाज़िम अली नि.- 355/387, थड़ी, आलमनगर, लखनऊ।**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम दीपा देवी है, जबकि मेरे अन्य अभिलेखों में मेरा नाम गंगा देवी अंकित है। दीपा देवी व गंगा देवी दोनों ही नाम मेरे है। **दीपा देवी (गंगा देवी) पुत्री स्व. बृजलाल सिंह पत्नी स्व. शंकर लाल, के निवासिनी - 6/472 विकास नगर, लखनऊ।**

### सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री के इण्टरमीडिएट प्रमाण पत्र में उसका नाम अंग्रेजी अक्षर में त्रुटिवश SHRISHTI GUPTA D/o PRAHLAD GUPTA दर्ज है जबकि उसका सही नाम SRISTI GUPTA D/o PRAHALAD GUPTA है। उसके इण्टरमीडिएट प्रमाण पत्र में भी उसका सही नाम ही दर्ज किया जाये। **प्रहलाद गुप्ता पुत्र रामधनी नि.- ग्राम धस्का बलुआ पोस्ट कोड़ीराम, जिला गोरखपुर।**

## ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों की तस्वीर होगी वायरल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ परिवहन विभाग अभियान चला रहा है। नियमों को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। हजरतगंज और 1090 चौराहे पर गुरुवार को करीब 200 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। मौके पर आरटीओ प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज सहित परिवहन विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

आरटीओ संदीप कुमार पंकज का कहना है कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की जाएगी। इसका डेटा परिवहन विभाग जुटा रहा है। उन्होंने कहा बिना सीट बेल्ट लगाए चार पहिया और दो पहिया वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई हुई है। रेड लाइट का उल्लंघन करने और जेब्रा लाइन क्रासिंग क्रॉस करने, उल्टी दिशा से आने वाले लोगों का चालान किया गया है। उनका कहना है कि इंटरसेप्टर वाहन से यह कार्रवाई की गई है। परिवहन विभाग द्वारा बिना सीट बेल्ट लगाए चार पहिया वाहनों पर 35 चालान, बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन पर 60 चालान, रेड लाईट का उल्लंघन करने वालों पर 43 चालान, जेब्रा लाइन क्रॉसिंग का उल्लंघन करने पर 39 चालान और उल्टी दिशा में वाहन चलाने वालों के खिलाफ 23 चालान किए गए हैं।

साथ ही ऐसे लोगों जागरूक किया गया है। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने और रेड लाइट नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

# जालसाजों ने एचडीएफसी बैंक का लिंक भेजकर ठगे 82 हजार




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने बीते दिनों सरोजनीनगर में रहने वाले एक व्यक्ति को एचडीएफसी बैंक का लिंक भेज अकाउंट बैलेंस जॉचने और अकाउंट स्टेटमेंट निकालने का झांसा देकर उसके खाते से 82 हजार रुपये पार कर दिए। खुद के साथ ठगी होने की भनक लगने पर पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूल रूप से बिहार प्रांत के समस्तीपुर स्थित हथौड़ी थाना अंतर्गत जगदर गांव निवासी विक्रांत कुमार झा राजधानी लखनऊ के सरोजनीनगर स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में रहते हैं। विक्रांत का कहना है कि बीती 25 दिसंबर को उनके मोबाइल पर एचडीएफसी बैंक के नाम से एक लिंक आया। जिसमें अकाउंट बैलेंस जांच करने के साथ अकाउंट स्टेटमेंट निकालने को बताया गया। इस पर विक्रांत ने अकाउंट स्टेटमेंट निकालने के लिए मैसेज किया तो अकाउंट स्टेटमेंट की पीडीएफ डाउनलोड होकर व्हाट्सएप पर आ गई। लेकिन पीडीएफ में लॉक लगा था। पीडीएफ ओपन करने के लिए कस्टमर आईडी की मांग की गई। इस पर उन्होंने अपनी कस्टमर आईडी दे दी। विक्रांत का कहना है इसके बाद ही उनके अकाउंट से 82000 रुपये की रकम निकल गई। खाते से पैसे निकल जाने के बाद विक्रांत को खुद के साथ ठगी होने की भनक लगी तो उन्होंने इसकी रिपोर्ट सरोजनीनगर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल के जरिए जालसाज का पता लगाने में जुट गई है।

## ओटीपी किया साझा, हो गयी 90 हजार की ठगी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के मोबाइल फोन को हैक कर लिया। इसके बाद यूपीआई से 90 हजार अपने खातों में ट्रांसफर कर लिए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गुरुवार को मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कृष्णानगर थाना क्षेत्र के एलडीए कालोनी सेक्टर डी-3 में अपने परिवार संग रहने वाले नितेश जायसवाल पुत्र एसपी जायसवाल के साथ ठगी हुई। जायसवाल ने बताया कि पराग रोड स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा में उनका बचत खाता है। बीते 18 नवम्बर की सुबह बिना किसी ओटीपी और बैंक डिटेल साझा किए उनके मोबाइल फोन को हैक कर उनके बैंक खाते से यूपीआई के माध्यम से दो बार में लगभग 90 हजार रुपए ट्रांसफर हो गए। बैंक खाते से पैसे निकलने की जानकारी होने पर पीड़ित खाता धारक ने साइबर सेल समेत स्थानीय कृष्णा नगर थाने में लिखित शिकायत दी, जिसके बाद पुलिस ने आईटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## गाड़ी में टक्कर मारने का विरोध करने पर जान से मारने की दी धमकी

**लखनऊ।** कृष्णा नगर के प्रेम नगर, आलमबाग निवासी रजनीश झा ने इनोवा कार चालक के खिलाफ गाड़ी में टक्कर मारने के साथ ही विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने की बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रजनीश का कहना है कि बीती 5 जनवरी को वह अपनी पत्नी और दो बेटियों के अलावा अपने एक दोस्त के साथ कार से घूमने जा रहे थे। तभी बिजनौर क्षेत्र में किसान पथ पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार इनोवा कर (यूपी 32 पीएल 6787) ने उनकी कार में टक्कर मार दी। जिससे पूरा परिवार सहम गया। रजनीश का कहना है कि बाद में जब उन्होंने इनोवा चालक से बात की तो वह काफी नशे में धुत था और उन्हें व उनके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके बाद डरे सहमे रजनीश ने घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। तब नशे में धुत इनोवा चालक अपनी कार लेकर भागने लगा। आरोप है कि जब रजनीश की पत्नी ने उसे रोकने की कोशिश की, तो इनोवा चालक ने उनकी पत्नी को धक्का देकर गिरा दिया और भाग निकला। फिलहाल बिजनौर पुलिस रजनीश की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर इनोवा के नंबर के आधार पर उसके चालक का पता लगा रही है।

## घर में घुसकर की छेड़छाड़, विरोध पर परिवार वालों को पीटा, केस दर्ज

**लखनऊ।** गोमतीनगर इलाके में दबंगों ने बुधवार को युवती के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ की। विरोध पर आरोपित ने अपने एक दर्जन से अधिक साथियों के साथ परिवार वालों की पिटाई कर दी इसके बाद घर के बाहर लगा अंडा का ठेला पलट दिया। गल्ले में रखे पांच हजार रुपए लूट लिए। यह आरोप लगाते हुए पीड़िता ने गोमतीनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। गोमतीनगर पुलिस दो आरोपितों को हिरासत मे लेकर पूछताछ कर रही है। पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराया कि बुधवार रात वह घर के बाहर खड़ी थी। इस बीच पड़ोस के ही कुन्दन गौतम व वासुदेव पंडित उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। उसने विरोध जताया तो वह गाली गलौज करने लगे। इस पर वह शोर मचाते हुए घर के भीतर भागी। इसके बाद आरोपित भी भीतर घुस आए। शोर सुनकर उसके माता- पिता भी आ गए। उन्होंने विरोध जताते हुए बीच- बचाव की कोशिश की तो आरोपितों ने अपने दर्जन से अधिक साथियों को बुला लिया। सभी ने माता- पिता की पिटाई कर दी। इसके बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए बाहर निकल आए। इस बीच घर के बाहर खड़ा अण्डे का ठेला भी पलट दिया। गल्ले में रखे पांच हजार रुपए भी लूट लिए। कहीं शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए भाग निकले। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी के मुताबिक तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। शुरूआती जांच में मारपीट की बात सामने आई है। लूट का आरोप निराधार है। इस मामले में दो आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# शिकार की तलाश में मचान के पास घूमता रहा बाघ, पिंजरों की जगह बदली

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रहमान खेड़ा के जंगल में बनाए गए मचान के आसपास बाघ घूम रहा है। क्योंकि मचान के पास मृत पड़वे को रखा गया है, जिसे बाघ खाने के आए और ट्रैंकुलाइज किया जा सके। गुरुवार को जंगल के जोन एक और तीन में बाघ के पगचिह्न मिले है। इसकी पुष्टि करते हुए वन कर्मियों ने कहा कि बाघ जंगल में ही रहे, इसके लिए अलग से तैयारी की जा रही है। इस बीच ग्रामीण को जागरूक करते हुए वन कर्मियों की टीम ने पैदल मार्च किया। वहीं बाघ के पगचिह्न जहां मिले हैं वहां हथिनियों से कॉम्बिंग नहीं कराई गई। केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के रहमानखेड़ा जंगल में ही बाघ की मौजूदगी मिली है। रात में जंगल से निकलकर दिनभर संस्थान के ही जंगल में बाघ आवास कर रहा है। गुरुवार को बाघ के नए पग चिन्ह जोन एक व जोन तीन में पाए गए है। जोन तीन में बाघ के आने व जाने के पग चिन्ह ट्रेस किये गए। जोन एक में बने मचान के पास रखे गए मृत पड़वे के शरीर को बाघ खाने नहीं आया। मचान पर बैठी निगरानी टीम को अलर्ट करते हुए बाघ के हर मूवमेंट तक नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। इस बीच बाघ मचान के आसपास लगे आम के बाग में बाघ घूम कर लौट गया।

**बाघ को ट्रैंकुलाइज करने की नई रणनीति बना रहे:** वन विभाग नई रणनीति के तहत बाघ को पकड़ने की तैयारी कर रहा है। बाघ को संस्थान में ही उसका आवास बनाने पर काम कर रहे हैं। टीम का प्रयास है कि बाघ संस्थान को आवास की तरह उपयोग करें, जिससे यहां पर उसे ट्रांकुलाइज किया जा सके। विशेषज्ञ डॉक्टर ने बताया कि संस्थान के अंदर बाघ को ट्रांकुलाइज करना आसान व सुरक्षित है। इसलिए हथिनियों द्वारा संस्थान के अंदर कॉम्बिंग नहीं की जा रही है।

**संस्थान में रखे गए पिंजरों की जगह बदली गई:** डीएफओ डॉ सितांशु पाण्डेय ने बताया कि गुरुवार को बाघ के नए पग चिन्ह जोन एक में आम के बाग और बेहता नाला के किनारे मिले हैं। बाघ मचान के आसपास ही घूम रहा है। इसीलिए नया शिकार बांधकर बाघ का इंतजार किया जा रहा है, किसी भी समय बाघ मृत पड़वे के अवशेष को या नए शिकार को कर सकता है। संस्थान के अंदर बाघ के मिले पगचिह्नों के आधार पर दो नए ट्रैप कैमरे लगाए गए है साथ ही साथ संस्थान में रखे दोनों पिंजरों को जगह बदल दिया गया है।

**वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को जागरूक किया:** रहमान खेड़ा के आबादी वाले क्षेत्रों में नोडल अधिकारी चंदन चौधरी व एसडीओ हरिलाल चौरसिया के साथ टीम ने पैदल गस्त की। बाघ को एक जोन में रखने के लिए गुरुवार को हथिनियों से कॉम्बिंग नहीं कराई गई। इसके साथ ही हाफिज खेड़ा, हबीबपुर, कुशमौरा हलवापुर, बुधड़िया, रहमानखेड़ा एवं अल्लुपुर में जन जागरूकता के तहत ग्रामीणों को सतर्क किया गया।

## वर्ष-2021 बैच के उन्नीस आईपीएस अफसरों को दिया गया वरिष्ठ वेतनमान

लखनऊ। यूपी शासन के गृह विभाग के ( पुलिस सेवायें ) अनुभाग-2 दो नें भारतीय पुलिस सेवा उत्तर प्रदेश संवर्ग के वर्ष-2021 बैच के सीधी भर्ती के उन्नीस आईपीस अफसरों भारतीय पुलिस सेवा का वरिष्ठ समयमान वेतनमान (पे-मैट्रिक्स लेवल-11 0 67,700-2.08,700) अनुमन्य प्रदान करने का आदेश जारी कर दिया है। जिन आईपीएस अफसरों को वरिष्ठ वेतनमान देने की प्रदेश की राज्यपाल स्वीकृति भी प्रदान कर दी है। जिन अफसरों को वरिष्ठ वेतनमान दिया गया है उनमें अंजली विश्वकर्मा, रोहन झा, शैव्या गोयल, आदित्य, कुंवर आकाश सिंह, अनंत चन्द्रशेखर, किरन यादव, अमृत जैन, अंशिका वर्मा, अमरिन्दर सिंह, शुभम अग्रवाल, रल्लापल्ली, बसंतकुमार, देवेन्द्र कुमार, डॉ० अमोल मुर्कुट, पुष्कर वर्मा, अरुण कुमार सिंह, व्योम बिंदल, आयुष श्रीवास्तव, भवरे दीक्षा अरुण कुमार शामिल है।

## नर्सिंग छात्रा की आत्महत्या के मामले में प्रेमी पर मुकदमा

लखनऊ। एक माह पूर्व दुबग्गा में 22 वर्षीय नर्सिंग छात्रा अंजलि देवी की आत्महत्या के मामले में उसके प्रेमी अनुज शुक्ला के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमा छात्रा की मां विमला ने दर्ज कराया है। विमला का आरोप है कि अनुज मूल रूप से हरदोई के माधौगंज गंगपुरवा का रहने वाला है। बेटी जेहटा स्थित चरक इंस्टीट्यूट से नर्सिंग का कोर्स कर रही थी। वह मोहन विहार में सुमन सिंह के मकान में किराए पर रहती थी। अनुज बेटी से प्रेम विवाह करना चाहता था। बेटी ने कहा था कि वह घरवालों की मर्जी के बिना शादी नहीं कर सकती है। अजुन ने बेटी को धमकाया था कि वह उसको जिम्मेदार ठहराते हुए सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर लेगा। शादी न करने पर उसने अंजली को जेल भेजवाने की धमकी दी थी। आठ दिसंबर की रात बेटी ने आत्महत्या की। विमला के मुताबिक उसके पहले अनुज ने किसी के नंबर से देर रात उन्हें फोन कर सूचना दी थी कि अंजलि को बचा लो वह मर जाएगी। इसके बाद दूसरा फोन भी किया कि अंजली ने फांसी लगा ली है। अंजली का शव सुमन सिंह के मकान में कमरे में लटका मिला था। इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## समारोह में डॉक्टरों और समाजसेवियों का सम्मान

लखनऊ। गोमती नगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में वैश्य समाज सेवा हिन्दू महिला सेवा समिति व सामाजिक पत्रकार एसोसिएशन की ओर से गुरुवार को सम्मान समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधेश कुमार गुप्ता रहे। यहां कई डॉक्टरों, समाज सेवी व पत्रकारों को सम्मानित किया गया। समारोह में शहर के वरिष्ठ डॉक्टर एके गुप्ता, डॉ. उस्मान व डॉ. मनीष राज, समाजसेवी रेनू श्रीवास्तव, सुषमा अग्रवाल, मोहनीश त्रिवेदी, मो. अरशद, पत्रकार गौतम सिंह, गोपाल सिंह, सिराज अहमद अशोक यादव को अंगवस्त्र, मोमेंटो व राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। दौरान समाजसेवी सुधांशु मोहन श्रीवास्तव, वैश्य समाज के अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, अरविन्द सोनकर, दानिश सिद्दीकी, गोपाल सिंह, सुभाष चंद्र, मंदीप जीनवाल समेत कई अन्य मौजूद रहे।


**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, लखनऊ अल्पकालीन ई-निविदा संख्या 33/वि.जा.मं.(वि.) द्वि./ल./ई- टेन्डर/ 2024-25**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा अनुभवी फर्म / ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं.** 1 **अल्पकालीन ई-निविदा संख्या** 33/ वि.जा.मं.(वि.)द्वि./ल./ई-निविदा/ 2024-25 **कार्य का नाम** 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र अहिबरनपुर एवं विधानसभा मार्ग, जनपद लखनऊ का विस्तारीकरण एवं अन्य आवश्यक जानपदीय कार्य। **कार्यावधि** 04 माह **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) (जी.एस.टी. सहित)** 4720.00 **धरोहर धनराशि (रू.)** 70,000.00 **निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय** 23.01.2025 (दोपहर 2:30 बजे तक) **निविदा खोले जाने का तिथि** 24.01.2025 (दोपहर 02:30 बजे) निविदा प्रपत्र क्रय करने का मूल्य "Executive Engineer, Electricity Civil Division (Distribution) Lucknow" के Punjab National Bank, Gomti Nagar Extension Branch, Lucknow के CurrentA/c No. 0294002100078232 एवं IFSC Code PUNB0586900 में RTGS/ NEFT के माध्यम से सीधे खाते में जमा की जायेगी तथा धरोहर धनराशि जो Executive Engineer to Managing Director, MVVNL, Lucknow, A/c No. 10101985738, IFSC Code: SBIN0003347, State Bank of India, Ashok Marg Branch, Lucknow में E - Bank Guarantee के माध्यम से जमा की जायेगी एवं निविदा का विवरण एवं Pre-Qualification Condition ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in साइट पर देखा जा सकता है। **अधीक्षण अभियन्ता (जानपद)**

**''राष्ट्रहित में बिजली बचायें, बल्ब की जगह एल.ई.डी. लगायें''**

**(पत्रांक 1105 / दि. 09.01.2025)**



**कार्यालय ग्राम पंचायत मुजेश विकासखंड कूरेभार, जनपद सुल्तानपुर**

पत्रांक - मेमो दिनांक 09.01.2025

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत मुजेश, विकासखंड कूरेभार, जनपद सुलतानपुर में मनरेगा व राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/दुकानदार दिनांक 10.01.2025 से दिनांक 15.01.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत मुजेश पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 15.01.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्र. स. | कार्य का नाम | योजना का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चुरवानपुर के मुख्य मार्ग से चकरोड तक इंटरलाकिंग कार्य। | मनरेगा | 6.92 लाख रुपये | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री |
| 2 | चक चुरवानपुर में श्री दत्त के घर से चकरोड तक इंटरलाकिंग कार्य। | मनरेगा | 4.39 लाख रुपये | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री |
| 3 | रहायकपुर में शिवाला के पास सौंदर्यीकरण एवं इंटरलाकिंग कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | 2.28 लाख रुपये | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री |

**नोट:**- समस्त नियम व शर्तें गाइड लाइन के अनुसार लागू।

**सचिव/ग्राम प्रधान**
**ग्रा.पं.-मुजेश वि.खं. कूरेभार,**
**जनपद सुल्तानपुर**

# विश्व हिंदी दिवस : दुनिया में बढ़ रहा हिंदी का रुतबा : कथाकार अखिलेश






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एक समय था जब व्यक्ति दूसरे लोगों के सामने हिंदी बोलने में संकोच करता था लेकिन अब वह दौर जा चुका है। हिंदी दिवस के मौके पर वॉयस ऑफ लखनऊ से खास बातचीत में कथाकार अखिलेश ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि गूगल, अमेजॉन एवं फ्लिपकार्ट जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियां बाजार में व्यवसाय करने के लिए हिंदी भाषा को प्राथमिकता दे रही हैं। इतना ही नहीं पूरे विश्व में हिंदी सिनेमा, हिंदी के सीरियल एवं रियलिटी शो देखे जा रहे हैं। आने वाले समय में हिंदी तीसरी सबसे ज्यादा बोले जाने वाली भाषा बनेगी। उन्होंने बताया कि एक सर्वेक्षण में पता चला है कि विश्व की 4700 भाषाओं में से इस समय सिर्फ 1100 भाषाएं ही जिंदा हैं। उनमें से 322 भाषाएं भारतीय उपमहाद्वीप में बोली जाती हैं लेकिन हिंदी एकमात्र ऐसी भाषा है जोकि विश्व स्तर पर लगातार बढ़ती जा रही है।

**व्हाट्सएप पर करोड़ों लोग हिंदी में कर रहे चैट:** कथाकार अखिलेश कहते हैं आज 68 करोड़ से ज्यादा लोग व्हाट्सएप पर हिंदी में चैट करते हैं। यूपी समेत अन्य दूसरे कई राज्यों में अपने खुद की भाषा के समाचारपत्र या न्यूज चैनल को देखने के अलावा हिंदी भाषा के समाचारपत्र एवं न्यूज चैनलों का बोलबाला है। आज यूपी में शायद ही कोई राष्ट्रीय हिंदी अखबार है जिसका हिंदी का संस्करण न हो।

## 1975 में नागपुर में हुआ था पहला विश्व हिंदी सम्मेलन

**लखनऊ।** राष्ट्रीय हिन्दी दिवस हर साल भारत में 14 सितंबर को मनाया जाता है। इसके अलावा 10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इन दोनों तारीखों के पीछे इतिहास है। राष्ट्रीय हिन्दी दिवस की बात करें तो इसी दिन साल 1949 में संविधान सभा ने एक मत से निर्णय लिया कि हिंदी ही भारत की राजभाषा होगी। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का फैसला किया था। वहीं, विश्व हिन्दी दिवस हर साल 10 जनवरी को इसलिए मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन 1975 में नागपुर में पहले विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसमें 30 देशों के 122 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। सम्मेलन का उद्देश्य दुनिया भर में हिंदी भाषा को बढ़ावा देना था। इसकी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में इसे हर साल मनाया जाता है। विश्व हिंदी दिवस पहली बार 2006 में पूर्व प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा दुनिया भर में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया गया था। हिंदी को इसका नाम फारसी शब्द हिंद से मिला है, जिसका अर्थ है सिंधु नदी की भूमि। 11वीं शताब्दी की शुरूआत में तुर्की के आक्रमणकारियों ने क्षेत्र की भाषा को हिंदी यानी, सिंधु नदी की भूमि की भाषा नाम दिया। यह भारत की आधिकारिक भाषा है, वहीं, अंग्रेजी दूसरी आधिकारिक भाषा है। भारत के बाहर कुछ देशों में भी हिंदी बोली जाती है, जैसे मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, गुयाना, त्रिनिदाद और टोबैगो और नेपाल में। हिन्दी अपने वर्तमान स्वरूप में विभिन्न अवस्थाओं के माध्यम से उभरी, जिसके दौरान इसे अन्य नामों से जाना जाता था। हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए भारत में सभी जगह इसके उपयोग की सलाह दी जाती है। खासतौर पर जहां ज्यादातर अंग्रेजी का उपयोग होता है। इसके लिए 14 सितंबर से लेकर 21 सितंबर तक राजभाषा सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान देश में कई तरह के साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाता है।

**विदेश में हिंदी पढ़ने का बढ़ रहा चलन:** आज हिंदी उन देशों में बहुत तेजी से बढ़ रही है, जहां पर भारतीयों की एक बहुत बड़ी संख्या वर्षों से अपना व्यवसाय कर रही है। वे भारतीय रीति.रिवाजों को वहां पर जिंदा रखे हैं। इनमें जापान, कनाडा, अमेरिका इंग्लैंड और मध्य यूरोपीय देशों के साथ रूस और कजाकिस्तान जैसे देश हैं।

**करीब 1,000 साल पुराना इतिहास:** कथाकार अखिलेश ने बताया कि हिन्दी भाषा का इतिहास करीब 1,000 साल पुराना माना गया है। सामान्यतः प्राकृत की अन्तिम अपभ्रंश अवस्था से ही हिन्दी साहित्य की शुरूआत मानी जाती है। उस समय अपभ्रंश के कई रूप थे और उनमें सातवीं.आठवीं शताब्दी से ही पद्य रचना शुरू हो गई थी। हिन्दी भाषा व साहित्य के जानकार अपभ्रंश की अंतिम अवस्था अवहट्ट से हिन्दी का उद्भव स्वीकार करते हैं।

**विश्व हिंदी दिवस से अलग है राष्ट्रीय हिंदी दिवस :** कथाकार अखिलेश कहते हैं कि हिदी दिवस साल में दो बार 10 जनवरी और 14 सितंबर को मनाया जाता है। 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है और 14 सितंबर को राष्ट्रीय हिंदी दिवस होता है, हालांकि, दोनों का उद्देश्य हिंदी का प्रचार प्रसार ही है। पंडित जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने 14 सितंबर को हिंदी दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा संसद में की। आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय हिंदी दिवस 14 सितंबर 1953 को मनाया गया था। वहीं, हर साल 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाने के पीछे की वजह ये है कि भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा 10 जनवरी 2006 को विश्व हिंदी दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा की गई थी। इस दिन के इतिहास की बात करें, तो पहला विश्व हिंदी सम्मेलन नागपुर महाराष्ट्र में 10 जनवरी 1975 में आयोजित किया गया था।

**राजभाषा है हिंदी:** कथाकार अखिलेश कहते हैं कि हिंदी राष्ट्रीय नहीं बल्कि राजभाषा है। 14 सितंबर 1949 को देवनागरी लिपि हिंदी को भारत की राजभाषा तौर पर स्वीकार किया गया था। वहीं, 26 जनवरी 1950 को संविधान के अनुच्छेद 343 में हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता दी गई थी। अनुमान के मुताबिक दुनियाभर में हिंदी बोलने वालों की संख्या करीब 75-80 करोड़ है। भारत में करीब 77 फीसदी लोग हिंदी लिखते, पढ़ते, बोलते और समझते हैं।

## महिलाएं सभी वर्जनाओं को तोड़कर लिखने का प्रयास कर रही हैं : गगन गिल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** वर्ष 2024 का साहित्य अकादमी पुरस्कार हिंदी की नामचीन साहित्यकार व कवयित्री गगन गिल को दिए जाने की घोषणा पिछले दिनों हुई थी। सम्मान मिलने के बाद गगन गिल ने कहा बस ईश्वर से प्रार्थना कर मां व डॉ. निर्मल वर्मा पर कविताएं लिखी हैं जो कि मेरे जीवन की महत्वपूर्ण दो घटनाएं हैं। मेरी कृति मैं जब तक आई बाहर वर्ष 2017 में प्रकाशित हुई थी। इसमें चार खंड हैं और हर खंड में सात कविताएं हैं। विश्व हिंदी दिवस को लेकर प्रस्तुत है उनसे बातचीत के प्रमुख अंश...।

**अपनी साहित्यिक यात्रा के बारे में कुछ बताइए, मैं जब तक आई बाहर तक का सफर कैसे तय किया ?**

अपने जीवन की दो घटनाओं जिसमें डॉ. निर्मल वर्मा व मां डॉ. महेंद्र कौर गिल को लेकर ईश्वर से इस कृति में प्रार्थना की है। यह चार खंडों में है। हर खंड में सात कविताएं लिखी हैं। मां जो कि दिल्ली में प्रधानाचार्य व पंजाबी की सुप्रसिद्ध लेखिका रही हैं। ऐसे में साहित्य का बोध हुआ और उस तरफ खुद को 20 वर्ष की उम्र में ही ढाल लिया। उसका परिणाम यह हुआ कि साल 1983 में उनकी कविताओं की सीरीज और दूसरा कविता संग्रह 'एक दिन लौटेगी लड़की' नाम से वर्ष 1989 में प्रकाशित हुआ।

**नये लेखक खासकर महिलाएं इंटरनेट मीडिया में लिख रहे हैं। आप किस तरह इस परिवर्तन को देखती हैं ?**

परिवर्तन है, लेकिन उनको चाहिए कि जीवन को अपने ऊपर घटने दें, घबराएं नहीं। जो अनुभव उन्होंने अपने जीवन में लिए हैं, उनको अपनी भाषा में कैसे लाया जाए, इसकी प्रतीक्षा जरूर करें। किसी जल्दबाजी की जरूरत नहीं है। निश्चित तौर पर महिलाएं सभी वर्जनाओं को तोड़कर लिखने का प्रयास कर रही हैं , सफल भी हैं। यह अच्छा परिवर्तन है।

**वर्तमान में जो समाज, देश के अंदर माहौल चल रहा है उसको आप किस तरह से देखती हैं ?**

देश व समाज के अंदर निश्चित तौर पर विद्वेष की भावना है। इसको लेकर जो मन में विक्षोभ था और है। इसके लिए एक कविता के माध्यम से लिखा है कि 'एक गऊ मेरे भीतर है, जिसे कटने का डर है'। यह कविता बहुत कुछ कहती है, जिसे मैं विस्तार से या इसका किसी रूप में वर्णन नहीं कर सकती हूं। कहा कि यह सांप्रदायिक विद्वेष है।

**इन दिनों क्या नया लिख रही हैं और पाठकों को कब तक पढ़ने को मिलने वाला है ?**

थोड़ा रुकते हुए बोलीं कि मैं कुछ कहने की स्थिति में नहीं हूं, अब कुछ संयत हो सकी हूं। फिर भी बताए देती हूं कि इन दिनों मैं गद्य की दो किताबों को लिखने का काम कर रही हूं। इसके साथ ही पांच कविता संग्रह और चार गद्य संग्रह भी हैं। यात्रा वृतांत जो वर्ष 2008 में प्रकाशित हुआ था अवाक नाम से जो कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर आधारित था। इसको बीबीसी ने सर्वश्रेष्ठ यात्रा वृतांत के तौर पर चुना है।

**यह गद्य साहित्य किस तरह के हैं, क्या नए वर्ष में पाठकों तक पहुंच जाएंगे ?**

जिन गद्य पुस्तकों को लिखने का काम मैं कर रही हूं। इनमें साहित्यिक निबंध और व्यक्तिपरक निबंध शामिल हैं। पूरी कोशिश रहेगी कि नए वर्ष में यह काम पूर्ण कर सकूं। कोशिश है और लगातार जारी रहेगी।

**साहित्य अकादमी का पुरस्कार मिलने की जानकारी कैसे हुई, कई बड़े नाम आपने पीछे छोड़ दिए क्या कहेंगी।**

अब बस और कुछ न पूछिए, मैं जवाब न दे पाऊंगी। मुझे तो साहित्य अकादमी के सचिव डॉ. केएस राव ने फोन कर जानकारी दी कि आपको इस वर्ष का साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया जा रहा है। इसके बाद तो मैं कुछ समझ नहीं पा रही। बड़े नामों को जानकर क्या करेंगे कि किनको पीछे छोड़ा, कुछ नाम तो हैं ही जिनको पीछे छोड़ा होगा।

# डॉ. करुणा पांडे को मिलेगा सुभद्रा कुमारी चौहान बाल साहित्य सम्मान

## हिंदी संस्थान के बाल साहित्य सम्मान से नवाजे जायेंगे डॉ. करुणा समेत आठ साहित्यकार

● बैठक में वर्ष 2023 के बाल साहित्य सम्मानों पर समिति ने निर्णय लिये गये

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान की बाल साहित्य संबर्द्धन योजना के अन्तर्गत बाल साहित्य सम्मानों के लिए गठित समिति की बैठक 9 जनवरी को निदेशक उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ कक्ष में हुई। इस बैठक में वर्ष 2023 के बाल साहित्य सम्मानों पर समिति ने निर्णय लिये गए। जिसमें सुभद्रा कुमारी चौहान महिला बाल साहित्य सम्मान से डॉ करुणा पांडे, लखनऊ। सोहन लाल द्विवेदी बाल कविता सम्मान डॉ आरपी सारस्वत, सहारनपुर। अमृत लाल नागर बाल कथा सम्मान डॉ मोहम्मद अरशद खान शाहजहाँपुर। शिक्षार्थी बाल चित्रकला सम्मान दिलीप शर्मा, अलीगढ। लल्ली प्रसाद पाण्डेय बाल साहित्य पत्रकारिता सम्मान से नरेन्द्र निर्गल गौतमबुद्ध नगर। डॉ रामकुमार वर्मा बाल नाटक सम्मान बलराम अग्रवाल गौतमबुद्ध नगर। कृष्ण विनायक फड़के बाल साहित्य समीक्षा सम्मान से देवी प्रसाद गोड मथुरा। जगपति चतुर्वेदी बवाल विज्ञान लेखन सम्मान से डॉ दीपक कोहली लखनऊ। उमाकान्त मालवीय युवा बाल साहित्य सम्मान अनिल कुमार 'निलय, प्रतापगढ को दिए जाने की घोषणा की गई। हिंदी संस्थान की प्रधान संपादक डॉ अमिता दुबे ने बताया कि प्रत्येक सम्मान, की धनराशि 51000 रुपए है। जल्द ही सम्मान समारोह की घोषणा की जायेगी। सम्मानित बात साहित्यकारों को पुरस्कार धनराशि अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया जायेगा।

### सम्मान जिम्मेदारी को बढ़ाता है : करुणा पांडेय



**लखनऊ।** सुभद्रा कुमारी चौहान महिला बाल साहित्य सम्मान मिलने पर लखनऊ की डॉ. करुणा पांडे ने कहा कि बाल सहित्य सम्मान मिलना एक गौरव का अनुभव कराता है। ऐसे सम्मान मिलने से साहित्यकार की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। बाल साहित्य के क्षेत्र में बच्चों के मन की व्यथा को समाज के सामने लाना मेरा उद्देश्य है। बच्चे देश का भविष्य हैं। इसलिए मेरी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। आगे करुणा पांडेय ने कहा कि मेरा मकसद है कि समाज की असली तश्वीर समाज के सामने ला सकूं ताकि हमारी लेखनी से बच्चों का विकास हो सके और सही दिशा मिल सके।

# 430वें युगऋषि वाङ्मय की स्थापना

● ऋषि साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है : उमानंद शर्मा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत उ.प्र. के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 430वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार के सक्रिय कार्यकर्ता श्री जयप्रकाश कुशवाहा ने अपने पूज्य माताजी की स्मृति में भेंट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, शिक्षिकाओं को (हिन्दी) अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की।

इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है। डा. नीलम गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का समापन संस्थान के प्रधानाचार्य श्री नीतीश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, डा. नीलम गुप्ता, श्रीमती सावित्री शर्मा, देवेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य नीतीश कुमार सहित संस्थान की शिक्षक, शिक्षिकायें एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

# कल संगोष्ठी में शामिल होंगे आध्यात्मिक गुरु पवन सिन्हा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में 11 जनवरी (शनिवार) को युवाओं के प्रेरक वीर बाल शहीद विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। स्वामी विवेकानन्द यूथ वेलफेयर सोसाइटी व उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी की ओर आयोजित संगोष्ठी में आध्यात्मिक गुरु व मोटिवेशनल स्पीकर प्रो पवन सिन्हा, वरिष्ठ पंजाबी विद्वान दविंदर पाल सिंह बग्गा, नरेंद्र सिंह मोंगा व युवा पंजाबी विदुषी रनदीप कौर अपने विचार रखेंगी। स्वामी विवेकानन्द यूथ वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष अनुराग साहू ने बताया कि संगोष्ठी सुबह 10.30 से शुरू होगी। युवाओं के लिए यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण रहेगा। इसमें वक्तागण, युवाओं से सीधे संवाद भी करेंगे।

# लखनऊ चिड़ियाघर में अजगर को ओढ़ाया गया कंबल

● ठंड से बचने के लिए जानवरों को हीटर का भी इंतजाम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** उत्तर भारत में ठंड के सितम को देखते हुए लोगों के लिए अलाव और रैन बसेरे का इंतजाम किया जा रहा है। लोग भी बहुत जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। इसी तरह लखनऊ के चिड़िया घर में भी डॉक्टरों की सलाह पर जानवरों को भोजन दिया जा रहा है। वहीं, कंबल और हीटर का भी इंतजाम किया गया है।

चिड़िया घर में जानवरों को ठंड से बचाने के लिए कंबल और हीटर का प्रबंध किया गया है। डॉक्टरों की सलाह पर उनके लिए भोजन में भी बदलाव किया गया है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के चलते मैदानी क्षेत्रों में ठंड बढ़ गई है। इस समय पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कई राज्यों में शीतलहर कहर बरपा रही है, वहीं उत्तर प्रदेश में भी पिछले 24 घंटों में दस से ज्यादा जिलों में पारा शून्य के नीचे पहुंच गया है। राजधानी लखनऊ में भी न्यूनतम पारा दर्ज किया गया है। बहरहाल जहां इंसान खुद को ठंड से बचाने के लिए अलाव, गर्म कपड़े हीटर-ब्लोअर आदि का सहारा ले रहे हैं तो वहीं ठिठुरा देने वाली सर्दी से पशु.पक्षियों को भी बचाने के लिए लखनऊ के चिड़ियाघर में खास व्यवस्था की गई है। बता दें कि लखनऊ के चिड़ियाघर में पशु.पक्षियों को कड़कड़ाती ठंड से बचाने के लिए हीटर की व्यवस्था की गई है। ठंड से बचने के लिए लखनऊ के चिड़ियाघर में शेर, चीता आदि जंगली जानवर धूप सेंकते भी नजर आए। ठंड से राहत मिली तो चिड़ियाघर में चीतों को एक दूसरे के साथ मस्ती करते हुए भी देखा गया।

जानवरों को बचाने के लिए गर्म कपड़े पहनाए जा रहे हैं, वहीं लखनऊ चिड़ियाघर के उप निदेशक उत्कर्ष शुक्ला ने बताया किए ठंड की तैयारी हम अक्टूबर से ही शुरू कर देते हैं। शेर के लिए हीटर और हिरण के लिए चटाई बिछाई गई है जिससे वो ठंड से बचे रहें।

# अवधी-भोजपुरी विमर्श संग 11 विभूतियां सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अवधी और भोजपुरी लोक साहित्य और संस्कृति पर चर्चा के साथ ही गुरुवार को 11 विभूतियों के सम्मान संग दो दिवसीय लोक विमर्श का समापन हुआ।

लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा अलीगंज के यूपी महोत्सव मेला परिसर में आयोजित कार्यक्रम के अन्तिम दिन डा. रामबहादुर मिश्र, प्रो. चन्द्रेश्वर, प्रो. अजीत प्रियदर्शी, डा. शशांक सिंह, डा. अशोक अज्ञानी एवं नागेन्द्र बहादुर सिंह ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर लविवि हिन्दी विभाग की सेवानिवृत अध्यक्ष प्रो. कैलाश देवी सिंह समेत 11 विभूतियों को लोक संस्कृति सम्मान प्रदान किया गया।

पद्मश्री विद्याविन्दु सिंह, विमल पन्त की उपस्थिति और लोक चौपाल प्रभारी अर्चना गुप्ता के संचालन में संगीत भवन की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं। सौम्या गोयल के निर्देशन में पायो जी मैंने राम रतन धन पायो, आली री मेरे नैनन बान परी और हरी तुम हरो जन की भीर जैसे भजनों की प्रस्तुति हुई साथ ही सुमन मिश्रा के संयोजन में डांडिया नृत्य हुआ जिसमें मीहिका, अविका, अथर्व, आद्रिका, अव्युक्ता, कर्णिका, संस्कृति और श्रीया ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष जीतेश श्रीवास्तव, सचिव सुधा द्विवेदी, आशीष कुमार गुप्ता सहित संस्थान के पदाधिकारी व अन्य उपस्थित रहे। लोक संस्कृति की मुरझाती बेल को अभिसिंचित करने में दो दिन तक चले विमर्श ने सार्थक भूमिका निभाई। संस्थान के जनसम्पर्क अधिकारी ने बताया कि अवधी, भोजपुरी, बुंदेली, कुमांऊनी, कन्नौजी पर आधारित परिचर्चा में निकले सुझावों पर संस्थान द्वारा कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

**ये हुए सम्मानित :** रत्ना शुक्ला को प्रो. कमला श्रीवास्तव स्मृति लोक संस्कृति सम्मान, विनीत सिन्हा को पद्मश्री डॉ. योगेश प्रवीन स्मृति लोक संस्कृति सम्मान, गीता शुक्ला को आरती पांडेय स्मृति लोक संस्कृति सम्मान, उमा त्रिगुणायत को प्रभा श्रीवास्तव स्मृति लोक संस्कृति सम्मान, ज्योति किरन रतन को शोभा देवी स्मृति लोक संस्कृति सम्मान, मंजू श्रीवास्तव को रमावती देवी स्मृति लोक संस्कृति सम्मान, सीमा अग्रवाल को सावित्री देवी स्मृति लोक संस्कृति सम्मान, डा. अनिल मिश्र को जे.पी.लम्बोदर स्मृति लोक संस्कृति सम्मान, सर्वेश माथुर को सीताराम तिवारी स्मृति लोक संस्कृति सम्मान, प्रो. कैलाश देवी सिंह को पद्मश्री डॉ. विद्याविन्दु सिंह लोक संस्कृति ध्वजवाहक सम्मान, सौरभ कमल को डा. रामबहादुर मिसिर लोक संस्कृति ध्वजवाहक सम्मान।

# 'स्टार हूं मैं' में बच्चों ने मंच पर मचाया धमाल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। डोरेमी क्लब ने ताल के सहयोग से आज वाल्मीकि रंगशाला, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में अपने बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम स्टार हूँ मैं का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और नृत्य के दिव्य देवता नटराज के आशीर्वाद के साथ हुई। इस कार्यक्रम ने रचनात्मकता और सीखने का एक अनूठा मिश्रण पेश किया, जिसने प्रतिभागियों और दर्शकों को इसकी जीवंत ऊर्जा और उत्साह से प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि आरुषि टंडन ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में रचनात्मकता और आत्मविश्वास पैदा करने हैं। उन्होंने डोरेमी क्लब और ताल की सराहना की जिन्होंने एक ऐसा कार्यक्रम आयोजित किया, जिसने युवा दिमागों को अपनी क्षमता की खोज करने और आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रेरित किया। स्टार हूं मैं को दो वर्गों के बच्चों में एक गतिशील और आकर्षक कार्यशाला के रूप में डिजाइन किया गया था। 3 से 6 वर्ष और 7 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें नृत्य, रंगमंच, कला और शिल्प तथा खेल सहित कई गतिविधियाँ शामिल हैं। प्रसिद्ध प्रशिक्षक अभिषेक सिंह- एक प्रसिद्ध रंगमंच कलाकार और अभिनेता; और वैष्णवी भाटिया- एक अनुभवी नृत्य प्रशिक्षक और कोरियोग्राफर और मयंक भारद्वाज- एक विशेषज्ञ कला और शिल्प कलाकार के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में। कार्यशाला ने बच्चों को अपनी रचनात्मकता का पता लगाने और अपने कौशल को बढ़ाने के लिए एक समृद्ध वातावरण प्रदान किया। अपने-अपने क्षेत्रों में प्रशिक्षकों की विशेषज्ञता ने सुनिश्चित किया कि प्रत्येक प्रतिभागी को एक समग्र अनुभव प्राप्त हो, जिससे शिविर शैक्षिक और आनंददायक दोनों बन गया। डोरेमी क्लब की संस्थापक साहिबा तुलसी ने माता-पिता और प्रतिभागियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया, इस प्रदर्शन उन्मुख कार्यशाला के लिए अपने बच्चों को नामांकित करने में उनके अटूट समर्थन और उत्साह को स्वीकार किया। उन्होंने बच्चों को अपनी प्रतिभा को उजागर करने और उसका पोषण करने के लिए और अधिक अवसर प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की, और अभिनव और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से समग्र विकास को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। स्टार हूं मैं का समापन प्रतिभागियों द्वारा किए गए प्रदर्शनों के एक शानदार प्रदर्शन के साथ हुआ, जो कार्यशाला में उनके समर्पण और कड़ी मेहनत को दशार्ता है। यह कार्यक्रम सहयोग, रचनात्मकता और युवा शिक्षार्थियों की अटूट भावना की शक्ति का प्रमाण था।

संक्षेप

## दबंग ग्राम समाज की भूमि पर कर रहे कब्जा

**पाटन, उन्नाव।** ग्राम प्रधान की शिकायत के बाद भी दबंगों द्वारा ग्राम समाज की जमीन पर किए जा रहे कब्जे का कार्य थमने का नाम नहीं ले रहा है। अवैध कब्जे दारों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही न होने से उनके हौसले बुलंद है।

तहसील बीघापुर के मुख्यालय पाटन के अंतर्गत ग्राम पंचायत मनिकापुर में दूसरे ग्राम पंचायत के दबंग लोगों द्वारा अवैध रूप से ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा किए जाने को लेकर ग्राम प्रधान माजिद आलम गिरी हस सानी ने 2 जनवरी 2024 को उप जिलाधिकारी बीघापुर रणवीर सिंह को प्रार्थना पत्र देकर मामले की शिकायत की थी, किंतु शिकायत के बाद अवैध कब्जेदारों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही न होने से उनके हौसले बुलंद हैं और वह बेखौफ होकर अपने इस कार्य को अंजाम दे रहे हैं। ग्राम प्रधान ने दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि लेखपाल द्वारा अवैध निर्माण रूक वाए जाने के बाद दबंग लोग रातों-रात अपने इस निर्माण कार्य को अंजाम देते हैं जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# लूटपाट की नीयत से घर में घुसे बदमाश को ग्रामीणों ने पीट कर उतारा मौत के घाट

**सकरन/सीतापुर।** थाना इलाके में लूटपाट की नीयत से घर में घुसे एक बदमाश को ग्रामीणों ने पीट कर मार डाला। इस घटना में एक ग्रामीण भी घायल हुआ है। मारा गया बदमाश लखीमपुर खीरी जिले का निवासी बताया जा रहा है। थाना सकरन इलाके के भडौली मजरा लखनियापुर गांव निवासी बेदप्रकाश व उनके परिवार बुधवार की रात घर में सो रहा था। इसी बीच आधी रात के वक्त घर की पीछे की खिड़की को तोडकर कई बदमाश घर मे घुस गए। बदमाश घर का सोना चांदी नगदी लूट कर जब जाने लगे, तभी आहट पाकर गृह स्वामी की नींद खुल गई। गृह स्वामी ने शोर मचाते हुए बदमाशों की घेराबंदी शुरू कर दी। आरोप है कि दबाव बढ़ाते देख बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के बावजूद ग्रामीणों ने हौसला नहीं तोड़ा और एक बदमाश को दबोच लिया। ग्रामीणों का यहां तक कहना है कि बदमाशों की फायरिंग से वेद प्रकाश घायल हो गया। जबकि पकड़ में आए बदमाश को ग्रामीणों ने जमकर पीटा। ग्रामीणों की पिटाई से पकड़ा गया बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में घायल बदमाश को लहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। लहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने घायल की नाजुक हालत को देखते हुए उसकी जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल जाते समय घायल बदमाश ने दम तोड़ दिया।

- मृतक बदमाश के ऊपर लखीमपुर के विभिन्न थानों में चोरी, राहजनी, लूट आदि से सम्बंधित 17 मुकदमे दर्ज
- फायरिंग में गृह स्वामी को लगी गोली, हालत गंभीर

इधर घायल वेद प्रकाश को भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से डॉक्टर ने घायल वेद प्रकाश को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है।



इधर पुलिस का कहना है कि मारे गए बदमाश के शव की शिनाख्त हो गई है। मृतक बदमाश की पहचान अमीन पुत्र अबरार निवासी महराजानगर थाना धौरहरा जनपद लखीमपुर खीरी के रूप में हुई है। मृतक शातिर किस्म का अपराधी था। जिसके ऊपर लखीमपुर के विभिन्न थानों में चोरी, राहजनी, लूट आदि से सम्बंधित 17 मुकदमे दर्ज है। मर गया बदमाश थाने का हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस द्वारा मृतक बदमाश के परिजनों को सूचना दे दी गई है। उधर बदमाश गृहस्वामी के घर से एक जोडी पायल, एक जोडी झुमकी, मांगबेंदी, कमर बिछुआ, नथुनी, हार, कपडा, बर्तन व सात हजार की नकदी लूट ले गए हैं। ग्रामीणों के अनुशार बदमाशों की संख्या पांच थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एएसपी उत्तरी प्रकाश कुमार ने जांच पडताल की। सुरक्षा के उद्देश्य से गांव में भारी पुलिस बल तैनात है। घायल गृहस्वामी के भाई फुद्दी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है द्य इस संबंध में एएसपी प्रकाश कुमार का कहना है कि गृहस्वामी को गोली लगने की पुष्टि नहीं हुई है द्य घटना में नियम अनुसार कार्रवाई की जा रही है।

## दोबारा मंडल अध्यक्ष बनाये जाने पर खुशी की लहर

**पाटन, उन्नाव।** तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के ब्लॉक सुमेरपुर का भारतीय जनता पार्टी का दूसरी बार मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर समाजसेवी लोगों द्वारा प्रतीक चिन्ह, अंग वस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान कर मुंह मीठा कराया गया।

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा पार्टी के प्रति ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करने वाले पिछड़े समाज से ताल्लुक रखने वाले ग्राम गोबरहा निवासी आशीष कुमार लोधी बाबा को दूसरी बार सुमेरपुर ब्लॉक का भारतीय जनता पार्टी का मंडल अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। बाबा के मंडल अध्यक्ष चुने जाने पर पिछड़े वर्ग सहित सामान्य वर्ग के लोगों ने भी खुशी जाहिर की है तथा उनका सम्मान किया।

इस कड़ी में कस्बा बिहार बसंत खेड़ा निवासी समाजसेवी सूरज सिंह ने मां देवी सप्तशती आश्रम गोबरहा पहुंचकर उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर बाबा ने अपने उद्बोधन में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि पार्टी ने मुझ अदना व्यक्ति पर दूसरी बार भरोसा करके मुझे पार्टी नियुक्त किया है।

## एसडीएम को अधिवक्ताओं ने बालक की बरामदगी के लिए सौंपा ज्ञापन



**सीतापुर।** गत 27 दिसम्बर 2024 को बिसवां के मोहल्ला सेठगंज निवासी प्रेम मौर्या का 3 वर्षीय पुत्र कार्तिक गुलजार शाह मेला देखने गया था। इसी बीच बालक संदिग्ध हालात में लापता हो गया। घटनाओं को लेकर परिजनों ने कोतवाली बिसवां में तहरीर भी दी थी। बालक को गए हुए 13 दिन बीत चुके हैं बावजूद इसके बालक बरामद नहीं हो सका। इस मामले को लेकर अधिवक्ता राजेंद्र प्रताप सिंह, रजनीश मिश्रा, आनंद मेहरोत्रा, इंतखाब आलम, संतोष कठेरिया, जीतेन्द्र मिश्र, ऋतुराज सिंह, राजेंन्द्र कुमार वर्मा, मोहम्मद शोएब, अनिल अवस्थी, आनंद सिंह, इकबाल तारीख खान, नावेद सिद्दीकी, ओम जी, अनीस मिया, कमल गुप्ता आदि अधिवक्ताओं ने बिसवां एसडीएम को ज्ञापन सोपा है। अधिवक्ताओं ने मांग की है कि बालक को जल्द से जल्द सकुशल बरामद किया जाए। इस मामले को क्राइम ब्रांच या सीबीआई को सौपा जाए।

## अराजक तत्वों ने मंदिर का शिवलिंग तोड़ा



**महोली/सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के नेरी में अराजक तत्वों ने बाजार में स्थापित सिद्धेश्वर मंदिर के शिवलिंग को तोड़कर एक कुएं में डाल दिया। वहीं मंदिर में लगे घंटे भी उठा कर ले गए हैं। गुरुवार वार सुबह ग्रामीणों ने मंदिर में शिवलिंग न देखकर अन्य ग्रामीणों को सूचना दी। जिससे कुछ ही पल में मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए कोतवाली पुलिस को सूचना दी गयी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल की। मंदिर के निकट एक सूखे कुएं में शिवलिंग पड़ा मिला। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कुएं से शिवलिंग को बाहर निकला। जिसकी सूचना पाकर मौके पर बजरंग दल के कार्यकर्ता एकत्रित हो गए और पुलिस को एक तहरीर दी है जिसमें मुकदमा पंजीकृत कर अराजक तत्व पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार बोलेरो पेड़ से टकराई, भाजपा नेता की मौके पर मौत



**महमूदाबाद/सीतापुर।** एनएच 727 महमूदाबाद-बिसवां मार्ग पर बुधवार की रात तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे उतरकर पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष की मौके पर मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी महमूदाबाद से प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। रामपुरकलां के तुलसीपुरवा के भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मनीष द्विवेदी 35 वर्ष लच्छीपुर के शेष कुमार मिश्र 30 वर्ष पुत्र श्रीकांत, श्यामलाल 50 वर्ष पुत्र रूदन लाल के साथ बुधवार की रात घर वापस जा रहे थे। इस दौरान एनएच 727 बिसवां-महमूदाबाद मार्ग पर पचदेवरी गांव के निकट रात करीब 10 बजे तेजगति से जा रही इनकी बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खाई में उतरकर पेड़ से जा टकराई। बोलेरो में तीनों सवार बुरी तरह फंस गए। सूचना मिलते ही कोतवाल अनिल सिंह मयफोर्स मौके पर पहुंचे और मौजूद लोगों ने क्रेन व जेसीबी की मदद से किसी तरह खींचकर बाहर निकाला। भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मनीष द्विवेदी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शेष कुमार मिश्र व श्यामलाल गंभीर रूप से घायल थे। आनन-फानन में दोनों घायलों को इलाज के लिए एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी महमूदाबाद पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों द्वारा ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक महमूदाबाद अनिल सिंह ने बताया कि दोनों घायलों का इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा है, मामले की जांच की जा रही है।

# बीटीपीएल में हसनगंज और मियागंज के बल्ले की रही गूंज, ममतेश और बीईओ मनींद्र मैन ऑफ द मैच

**उन्नाव।** बेसिक टीचर्स प्रीमियर लीग के मैचों में आज 7 मुकाबले हुए, जिनमें रामकली स्टेडियम में एफ 84 बनाम नवाबगंज, बिछिया बनाम बांगरमऊ, कर्ण बनाम हिलौली, सुमेरपुर बनाम सरोसी और पुरवा बनाम गंज मुरादाबाद के मैच संपन्न हुए तो वहीं डायवर्सिटी स्टेडियम निकट रौतापुर में मियागंज बनाम बीघापुर और औरास बनाम हसनगंज रहा। जीतने वाली टीमों में फतेहपुर चौरासी, बिछिया, हिलौली, सुमेरपुर, पुरवा, मियागंज और हसनगंज रहीं। डायवर्सिटी स्टेडियम में हुए दोनों ही मुकाबलो ने दर्शकों को रोमांचित किया। बीघापुर और मियागंज के बीच मैच में बीघापुर ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी और 15 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 98 रन बनाएं, जवाब में मियागंज ने 2 विकेट के नुकसान पर ही 9.4 ओवर में ही मैच अपने नाम कर लिया। मियागंज की ओर से मैन ऑफ द मैच रहे बीईओ मनींद्र कुमार ने 3 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट झटके तो वहीं मियागंज के अनवर अब्बास ने 18 गेंदों का सामना करते हुए कुल 38 रन बनाकर मैच को जीत के मुहाने पर ला खड़ा किया। औरास और हसनगंज के बीच हुए मुकाबले में औरास ने टॉस जीतकर फील्डिंग का निर्णय लिया। हसनगंज ने बैटिंग कर 15 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 117 रनों की लंबी लाइन खींच दी, जिसमें वैष्णव ने 11 गेंदों पर शानदार बल्लेबाजी करते हुए 23 रन की चोट की जो औरास के लिए मुश्किल खड़ी कर देने वाला रहा। औरास ने धीमी पारी की शुरूआत कर मैच पर अपनी पकड़ शुरू से कमजोर कर दी, लक्ष्य का पीछा करते हुए औरास 7 विकेट के नुकसान पर मात्र 99 रन ही बना सका। अनूप की क्षेत्ररक्षण और अच्छी विकेटकीपिंग एवं गोविंद के बल्ले से निकले 30 रनों ने मैच को अपने पाले में लाने का प्रयास तो किया लेकिन हसनगंज के बॉलरों अवनीश और दीपक एवं फील्डिंग में नीरज के कमाल ने औरास के कप्तान हैदर अब्बास और टीम को जीत का मुंह न देखने दिया। हसनगंज के ममतेश मैन ऑफ द मैच तो वहीं औरास के अनूप को प्लेयर ऑफ द मैच के सम्मान से नवाजा गया। हसनगंज के खिलाड़ियों में शैलेन्द्र, दीपक, ममतेश, नीरज, अखिलेश, वैशनव, अवनीश, विकास, रवि, शशांक, नितिन और सिद्धार्थ, रंजीत रहे। यूपीपीएसएस मियागंज अध्यक्ष अविनाश तिवारी ने अंपायरिंग के साथ ही मैदान में व्यवस्थाओं और नाश्ते की पूरी जिम्मेदारी संभाली। पीएसपीएसए के जिलाध्यक्ष संजीव संखवार, महामंत्री प्रदीप वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव दर्शन वर्मा ने मियागंज की टीम के मैन ऑफ द मैच बीईओ मनींद्र कुमार को ट्राफी देते हुए उनका सम्मान किया तो वहीं हसनगंज के ममतेश को बीईओ मनींद्र कुमार, शुचि गुप्ता और अविनाश तिवारी ने ट्रॉफी देकर सम्मान किया। डायवर्सिटी स्टेडियम में उपस्थित शिक्षकों में जिला व्यायाम शिक्षक पुरुषोत्तम, रईसुल इस्लाम गौहर, आशुतोष त्रिपाठी, चक्र सुदर्शन, मियागंज अध्यक्ष दीपेंद्र शर्मा, विवेक तिवारी आदि है।

- वैष्णव की हैट्रिक ने हसनगंज को जीत के करीब पहुंचया



## अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार

**सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कोतवाली क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सोनसरी निवासी बंटू पुत्र अनंतु को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने इस संबंध में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

## शिवलिंग खंडित करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर। थाना** पिसावा इलाके के अमानुल्लापुर जमुना नगर गांव में एक शिव मंदिर मौजूद है। 8 जनवरी की रात अमानुल्लापुर निवासी शिवकुमार उर्फ टोटरी राठौर पुत्र बाबूराम नशे में धुत का मंदिर पहुंचा। आरोप है कि नशे में होने के कारण उसने मंदिर के अंदर मौजूद भगवान शिव के शिवलिंग को खंडित कर दिया। सूचना मिलते ही पिसावा थाने के पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर शांत किया। वहीं आरोपी शिवकुमार को तत्काल गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शिव कुमार के खिलाफ केस दर्ज करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है। घटना को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की सक्रियता के चलते गांव में तनाव बढ़ने से बच गया।

## महाकुंभ मेले में भेजी थाली और थैले

**सीतापुर।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि अवध प्रान्त द्वारा प्रयाराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ मेले को गन्दगी मुक्त रखने का अभियान चलाया जा रहा है। मेले को कचरा व गंदगी मुक्त तथा पर्यावरण युक्त कुंभ आयोजित कराने की दृष्टि से पूरे देश में एक थैला व एक थाली का अभियान चलाया जा रहा है। मेला में आने वाले श्रद्धांलुओं को निशुल्क थैला व थाली उपलब्ध कराया जा रहा है। ताकि मेला क्षेत्र में होने वाली गंदगी को कम किया जा सके। इसी को दृष्टि गत रखते हुए जनसहयोग के माध्यम से महेंद्र अग्रवाल, नरेश शर्मा, आरती अग्निहोत्री, शिल्पी सिंह, कमलापति त्रिपाठी, कमलेश, शिवप्रसाद, सुरेन्द्र शंकर मिश्र, शिल्पी मिश्रा, अरुण अग्निहोत्री, कौशल किशोर त्रिपाठी आदि ने बहुत से सहयोगीओ से प्राप्त 224थाली व 300थैला गुरुवार को पार्सल के माध्यम से भेजा है। इस मौके पर कमलेश पाण्डेय, श्रवण तिवारी, शिवनाथ आदि उपस्थित रहे द्य

## 80 सफाई कर्मचारियों की एक्स-रे स्क्रीनिंग कर क्षय रोग की जांच की गई

**लहरपुर/सीतापुर।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चलाए जा रहे 100 दिवसीय टीवी सघन अभियान के तहत टीबी पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को 80 सफाई कर्मचारियों की एक्स-रे स्क्रीनिंग कर क्षय रोग की जांच की गई। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर अरविंद बाजपेई ने बताया कि, अति संवेदनशील क्षेत्र के ग्रामीणों का भी टीबी जाँच हेतु एक्सरे किया गया है उन्होंने कहा कि क्षय रोग को जड़ से समाप्त करने के लिए आशाओं को भी प्रशिक्षित कर ग्रामीण अंचलों में क्षय रोगियों की खोज की जा रही है और लोगों को टीबी के होने वाले लक्षणों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है, उन्होंने कहा की क्षय रोग का अब इलाज संभव है और नियमित दवाइयां खाने से यह जड़ से समाप्त हो जाता है। उन्होंने कहा की एचएमपीवी वायरस को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं, यही नहीं मरीज को ठंड से बचने के लिए वार्डो मे हीटर भी लगाए गए है।

## कामांक्षा देवी मन्दिर के सुंदरीकरण के लिए पर्यटन विभाग से धन स्वीकृत हुआ

जिला संवाददाता(vol)

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** प्रदेश पर्यटन विभाग राज्य के प्रसिद्ध स्थलों के पास पर्यटक सुविधाओं का विकास कर रहा है। इसी कड़ी में क्षेत्र की नगर पंचायत में स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ के सौंदर्यीकरण तथा मंदिर के आस-पास बुनियादी सुविधाओं का विकास किये जाने हेतु एक करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृति की गयी है। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के अन्तर्गत ऊगू नगर पंचायत में सैकड़ो वर्ष से स्थित माता कामाक्षा देवी मन्दिर हेतु नगर पंचायत के अध्यक्ष के प्रयास से प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा मंदिर का सौंदर्यीकरण और पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाएगा। नगर पंचायत ऊगू चेयरमैन के प्रतिनिधि अनुज दीक्षित ने बताया कि एक करोड़ चौरानबें लाख से कामक्षा माता मंदिर का सौंदर्यीकरण, आने वाले मार्गो, मल्टीपरपज हॉल, शौचालय, गेट, हेल्प डेस्क, बेंचेज, साइनेज सहित कई और कार्य कराए जाएंगे। वहीं नगर पंचायत के नागरिकों में उत्साह छाया हुआ है, नागरिक प्रशन्न हैं कि उनके कस्बे का शक्ति पीठ कामाक्षा देवी मंदिर पर्यटन स्थल भी हो जायेगा। नगर पंचायत के निवासी रमाशंकर तिवारी ने बताया कि देश प्रदेश के उच्च पदो पर रहे नेता और अधिकारी पूजा अर्चना करने और अपनी मनोकामना लेकर आते रहे हैं।

चारो दिशाओं में माता के ही दरबार है स्थिति है। पूरब दिशा मे चंद्रिका देवी पश्चिम में काली माता मंदिर उत्तर मे शीतला माता मंदिर व दक्षिण में कामाक्षा माता मंदिर स्थिति है। कस्बे के बुर्जुग नागरिक बताते हैं की ऊग ऊगू नगर में कभी देवी आपदा नहीं आती देवी माँ द्वारा नगर की रक्षा की जाती है कामाक्षा माता नगर मे प्रधान मानी जाती है। नगरवासियों का मानना है कि कामाक्षा माता की पूजा करने अद्रश्य शक्तियां आती है। इसी नगर के रहने वाले उमाशंकर दीक्षित जो भारत सरकार के ग्रह मंत्री तथा कर्नाटक के गवर्नर रहे तथा दिल्ली की मुख्यमंत्री रही शीला दीक्षित व उत्तर प्रदेश सरकार मे गृहमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के पद पर रहे पंडित गोपीनाथ दीक्षित, यहाँ के निवासी आई ए एस अधिकारी रहे स्वर्गीय विनोद दीक्षित आदि जो माता के दरबार में समय समय पर हाजिरी लगाते रहे। कामाख्या माता के दर्शन करने यहां दूर दूर से लोगो का आना जाना लगा रहता है।

## शौचालय का नागरिकों को नहीं मिल रहा लाभ

सीतापुर। महोली नगर पंचायत के तहत शौचायलयों के नवीनीकरण के नाम पर लाखों रुपया खर्च किया गया है। मगर नगरवासियो को कोई भी मूलभूत सुविधाए नहीं मिल रही है। क्षेत्र मे बने अधिकतर शौचालय में सिर्फ ताला ही लटकता रहता है। जबकि इन शौचालय की देखने के लिए केयरटेकर की नियुक्ति की गई है। जिससे वहां पर लोगों को शौचालय की सुविधा मिल सके। मगर नगर पंचायत के जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते आम जनमानस को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# जिलाधिकारी ने दिए लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान सीएम युवा के सफल क्रियान्वयन के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासनादेश में उल्लिखित प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये अधिक से अधिक आवेदन कराये जायें, जिससे जनपद के प्रतिभाशाली युवा लाभान्वित हो सकें। उन्होंने लम्बित आवेदनों को शीघ्र निस्तारित किये जाने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित विभाग लाभार्थियों को चिन्हांकन कराते हुये निर्धारित पोर्टल पर शीघ्र आवेदन कराना सुनिश्चित करें। कौशल विकास, उच्च शिक्षा, आईटीआई, पॉलीटेक्निक, खादी ग्रामोद्योग, रोजगार सहायता, प्रोबेशन आदि विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि योजना में लक्ष्य के अनुरूप अधिक से अधिक आवेदन करायें। उन्होंने योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि देश के सर्वाधित युवाओं वाले प्रदेश उत्तर प्रदेश के युवाओं की असीमित क्षमता की गति देने तथा मुख्यमंत्री के विजन को साकार करने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा अत्यन्त महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान सीएम युवा की मिशन मोड में शुरूआत की गयी है। इस अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष का लक्ष्य सूक्ष्म उत्पादन एवं सेवा क्षेत्र की 01 लाख इकाईयों की स्थापना कराकर युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना तथा दस वर्षों में प्रदेश के कुल 10 लाख युवाओं को स्वरोजगार युक्त बनाये जाने का लक्ष्य है। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने प्रदेश सरकार द्वारा प्रशिक्षित युवाओं हेतु लांच की गयी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए अवगत कराया कि उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत ऐसे युवा जो कम से कम कक्षा 08 उत्तीर्ण हो, उनकी आयु 21 से 40 वर्ष के मध्य हो तथा किसी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से कौशल सम्बन्धी प्रमाण पत्र आदि हो अथवा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, ओडीओपी प्रशिक्षण योजना, एससीएसटी ओबीसी प्रशिक्षण योजना, आरसेटी एवं उ.प्र कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षित हो, आवेदन कर सकते है। उपायुक्त उद्योग द्वारा योजना से सम्बन्धित ब्रोशरध्पम्पलेट भी बैठक में वितरित किये गये। उन्होंने बताया कि योजना के प्रथम चरण के अन्तर्गत 05 लाख तक के परियोजनाओं हेतु 04 वर्षों तक 100 प्रतिशत ब्याज तथा गारण्टी मुक्त ऋण प्रदान किये जाने की व्यवस्था है। पात्र आवेदक एमएसएमई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।




## मेडिकल कालेज में सहयोगात्मक और सकारात्मक सहयोग का अनुभव जैसे महत्वपूर्ण विषय पर व्याखानशाला का आयोजन



जिला संवाददाता(vol)

**नवाबगंज।** सरस्वती चिकित्सा महाविद्यालय के शिशु एवं बालरोग विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण विषय रोगियों के उपचार अवधि में अनुकूल एवं सहयोगात्मक अनुभव की महत्तापर व्याखानशाला का आयोजन संस्थान के प्रधानाचार्य डा0 आर.एन. श्रीवास्तव एवं शिशुरोग विभागाध्यक्षा डा0 मंजू मिश्रा त्रिपाठी के नेतृत्व में हुआ, व्याखानकर्ता दिल्ली से विशेष आमंत्रित वैश्विक स्तर पर अपनी रोगी सेवाओं एवं स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए ख्यातिलब्ध डा0 राजन जौहरी ने अपने संबोधन में कहा कि कि कैसे उपचार अवधि में रोगियों के अनुकूल एवं सकारात्मक अनुभव स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, रोगियों की संतुष्ट भावना और चिकित्सा कर्मियों के मनोबल को सीधे प्रभावित करता है। डॉ. जौहरी ने कहा, अस्पताल का सकारात्मक एवं सहयोगात्मक अनुभव रोगियों के स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने और स्वास्थ्य सुविधाओं की सफलता में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रभावी संवाद, रोगी-केंद्रित देखभाल, सुलभता और सहायक वातावरण को प्राथमिकता देकर, हम अपने रोगियों के लिए एक सकारात्मक और सार्थक अनुभव बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि रोगी अनुभव में सुधार के लिए नियमित प्रतिक्रिया तंत्र, प्रशिक्षण और शिक्षा, सहयोगात्मक दृष्टिकोण और तकनीकी एकीकरण जैसी रणनीतियाँ अपनाई जानी चाहिए। डॉ. राजन जौहरी ने सभी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को रोगी अनुभव में निरंतर सुधार करने और यह सुनिश्चित करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया कि हर रोगी मूल्यवान, सम्मानित और देखभाल महसूस करे, व्याखानशाला के दौरान विभिन्न विभागों के सीनियर सहित प्रशिक्षु के छात्रों की अत्यधिक संख्या में उपस्थिति रही।

## सपा विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और निस्तारण का दिया आश्वासन



**लहरपुर/सीतापुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं और जनता के मध्य समाजवादी पार्टी के शासन काल व उसकी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताने के उद्देश्य से लहरपुर सपा विधायक अनिल वर्मा के द्वारा चलाए जा रहे जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत व क्षेत्र के ग्राम कुल्ताजपुर, गनेशपुर, भेलावा, तारनपुर, नगई मल्लापुर, आदि ग्रामों में, ग्रामीणों से व्यापक जनसंपर्क कर उनकी समस्याओं को सुना और निस्तारण का आश्वासन दिया। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गांवों में पेयजल पाइप डालने के लिए सभी रास्तों को खोद कर डाल दिया गया हैं और अभी तक कहीं पर कोई भी गांव के अंदर जो रास्ते हैं पाइप डालने के उपरांत ठीक नहीं कराए गए हैं उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत तारनपुर के मजरा शेखूपुर में पाइपलाइन डालने के बाद अभी तक रास्ता सही नहीं किया गया हैं सभी जगह पर आरसीसी खड़ाजा खुदे पड़े हुए हैं। बैठक में प्रमुख रूप से कौशलेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष, जाबिर खां, भगीरथ मौर्य पुरुषोत्तम मौर्य, रामप्रसादभार्गव, ईमानदार, बराती लाल, बीरबलभार्गव, प्रधान राकेश भार्गव, पूर्व प्रधान नसीम खान, अनीश खान, प्रधान मुन्ना खान, शकीलखान, शिव शंकर वर्मा सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## साड़ ने बुजुर्ग घायल पर किया हमला

**सीतापुर।** कोतवाली नगर के मोहल्ला नारायण नगर निवासी गंगाराम राठौर उम्र 60 वर्ष पुत्र स्वर्गीय हजारी लाल राठौर मोहल्ले में ही जा रहे थे। इसी बीच आवारा साँड़ ने उन पर हमला कर दिया। इससे गंगाराम राठौर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने गंगाराम राठौर की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया है। मोहल्ले के लोगों ने मांग की है कि आवारा पशुओं पर जिम्मेदार ध्यान दें, ताकि और हादसे न हो।

संक्षेप

## महिला मजदूर को बच्चे समेत भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम सेमरा भागनगर निवासी गजराज पुत्र मेहरबान राजपूत ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी 45 वर्षीय ममता देवी बुरौगांव चिगलौआ स्थित बजाज पावर प्लाण्ट में मजदूरी करती थी। बताया कि प्रतिदिन की भांति बीती 15 दिसम्बर को भी उसकी पत्नी पावर प्लाण्ट में काम करने के लिए अपने चार वर्ष के पुत्र मनीष को लेकर गयी हुयी थी। शाम को ड्यूटी समाप्त होने के बाद उसकी पत्नी घर वापस नहीं पहुंची। इस बात की जानकारी होने पर उसने अपने पड़ौसियों व रिश्तेदारों के यहां जानकारी की तो उसकी पत्नी का कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने आरोप लगाया कि बजाज पावर प्लाण्ट में कार्यरत अल्ट्रा टेक कम्पनी बुरौगांव चिगलौआ प्लाण्ट में कार्यरत नीरज नाम का युवक उसकी पत्नी को उसके चार वर्षीय पुत्र के साथ बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित की तहरीर पर बार पुलिस ने नीरज के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## घायल राहगीर की उपचार के दौरान मौत

**ललितपुर।** मड़ावरा अंतर्गत ग्राम प्लासा में रहने वाले बहादुर पुत्र दशरथ निरंजन ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि बीती 27 दिसम्बर 2024 को उसका पुत्र सीताराम खेत से घर की ओर आ रहा था। तभी नाराहट के ग्राम बछराई में रहने वाले अंगद पुत्र पृथ्वीराज ने मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.एच. 7582 को तेजी व लापरवाही से चलाते हुये सीताराम में शाम करीब 5 बजे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। आसपास के लोगों ने गांव के रामपाल पुत्र दयाराम की मदद से एम्ब्युलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ावरा पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर सीताराम को जिला अस्पताल और फिर झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। झांसी में भी सीताराम की हालत में सुधार नहीं हुआ, लिहाजा 28 दिसम्बर की सुबह 5 बजे सीताराम को ग्वालियर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां अगले दिन सुबह 4 बजे चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मोटर साइकिल चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## कार नहर में गिरी, एक की मौत, तीन घायल

**बहेड़ी, बरेली।** प्रधान पति की कार अनियंत्रित होंकर नहर में जा गिरी जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और प्रधान सहित तीन गम्भीर रूप से घायल हो गए। तीनो घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार में सवार चारो लोग नशे में धुत थे। चुरैला गांव की प्रधान के पति दिलीप गंगवार, हेमेंद्र गंगवार, हेमेंद्र व नरपथ बरेली से किसी काम से गए थे वह लोग अपनी कार से रात के समय गांव वापस लौट रहे थे। बहेड़ी आने पर वह लोग सैदपुर बुजुर्ग की तरफ से निकल रहे थे। मितीडांडी गांव के पास उनकी कार पुलिया से टकराकर नहर में जा गिरी।

कार के गिरते ही ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद कार के शीशे तोड़कर चारों को बाहर निकाला।

सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर क्राइम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और एम्बुलेंस से चारों घायलों को अस्पताल भिजवाया।

# शिकायतों के निस्तारण में जनपद को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान

जिला संवाददाता(vol)



**ललितपुर।** समन्वित जन शिकायत प्रणाली (आईजीआरएस) शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। आईजीआरएस प्रणाली के अन्तर्गत जनपद को माह दिसम्बर 2024 में जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में जनपद को दूसरी बार यह उपलब्धि प्राप्त हुयी है। अब तक जनसुनवाई पोर्टल पर 35 हजार 385 सन्दर्भ प्राप्त हुये है जिसके सापेक्ष जनपद द्वारा 34 हजार 371 सन्दर्भो का निस्तारण कराया जा चुका है। शेष सभी 1014 सन्दर्भ समय सीमा के अन्दर लम्बित है। जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतो के निस्तारण की स्थिति बेहद शानदार रही है।

- डीएम के सार्थक प्रयासों से प्रदेश की रैकिंग में जिले को मिले 97.69 प्रतिशत अंक
- आवेदक की संतुष्टि ही निस्तारण का मानक: डीएम अक्षय त्रिपाठी

जनसुनवाई पोर्टल पर प्रदेश की रैकिंग में भी जिले को 97.69 प्रतिशत अंक मिले है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निदेर्शों के क्रम में एडीएम/नोडल अधिकारी आईजीआरएस अंकुर श्रीवास्तव ने माह दिसम्बर 2024 में जिन अधिकारियों के सन्दर्भ जनसुनवाई पोर्टल पर डिफाल्टर पाये गये, सम्बन्धित सभी अधिकारियों को माह दिसम्बर, 2024 में चेतावनी/स्पष्टीकरण जारी किये गये। साथ ही जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश के क्रम में सम्बन्धित सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि आवेदन निस्तारण करते समय एक बार आवश्यक रुप से शिकायतकर्ता से निस्तारण की सन्तुष्टि एवं असन्तुष्टि जान ली जाये। ताकि मुख्यमन्त्री कार्यालय द्वारा फीडबैक लेते समय शिकायतकर्ता द्वारा असन्तुष्टि व्यक्त न की जाये।

जिलाधिकारी द्वारा निरन्तर इस बात पर वल दिया जा रहा है कि आवेदक शिकायत के निस्तारण से सन्तुष्ट हो। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक माह 60 सन्दर्भो पर ग्रेडिंग करते हुये निस्तारण की गुणवत्ता की जांच जनसुनवाई पोर्टल पर की जा रही है। साथ ही जनपद के समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि निस्तारण की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी नही होनी चाहिये। अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारी के विरुद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा आईजीआरएस टीम के नोडल अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, सह नोडल ज्ञानेन्द्र विक्रम एवं तकनीकी सदस्य ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अंशुल खरे के कार्यो की प्रशंसा की है।

### सरकारी कर्मियों ने निस्तारण में दिखाई रुचि

आईजीआरएस पोर्टल के नोडल अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायतों के निस्तारण में अब तक मुख्यमंत्री सन्दर्भ में 1167 के सापेक्ष 1124, जिलाधिकारी सन्दर्भ में 6741 के सापेक्ष 6153, पुलिस अधीक्षक सन्दर्भ में 9722 के सापेक्ष 9661, भारत सरकार सन्दर्भ में 2029 के सापेक्ष 1954 मामलो का निस्तारण हो चुका है।

बाकी बचे मामले समय सीमा के अन्दर है। सभी विभागो के अधिकारियो ने जनसुनवाई पोर्टल के शिकायतो का निस्तारण कराने में रूचि दिखाते हुये समय सीमा के अन्दर 08 जनवरी 2025 तक 35 हजार 385 मामलो को निस्तारित करा दिया है। जिले में 1014 सन्दर्भ समय सीमा के अन्दर लम्बित है।

## युवक का अपहरण कर हत्या के बाद मुरादाबाद में शव को गड्ढे में दबाया



**बिजनौर।** तीन दिन से गायब युवक का शव मिलने से परिजनो में कोहराम मचा हुआ है। युवक का अपहरण कर उसकी हत्या के बाद शव जनपद मुरादाबाद के छजलेट क्षेत्र में दबा दिया था।

पुलिस ने हत्यारोपियों की निशानदेही पर युवक का शव बरामद कर कार्रवाही शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शेरकोट थाना क्षेत्र के ग्राम छिबरी निवासी प्रमोद (30 वर्ष) पुत्र विजयपाल सिंह मंगलवार को बाइक से धामपुर तहसील पहुंचने के बाद वहां से गायब हो गया था और बाइक तहसील पर ही खड़ी मिली थी। काफी तलाश करने के बाद भी युवक का कोई पता नही चलने पर युवक के भाई ने 8 जनवरी को शेरकोट थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस के अलावा परिजन भी विजयपाल को तलाश करने में लगे थे। मृतक के भाई ने बताया कि उनके भांजे पंकज ने उन्हें बताया कि उसने प्रमोद को गांव बालकिशनपुर निवासी विपिन व एक अन्य के साथ अल्हेपुर ब्लॉक के सामने वैगनआर कार में स्योहारा की ओर जाते देखा है। सूचना पर पुलिस ने विपिन को हिरासत में लेकर पूछताछ तो पहले तो वह पुलिस को गुमराह करता रहा लेकिन कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने सब कुछ उगल दिया। पुलिस ने विपिन और उसके दो अन्य साथियों को गिरफ्तार करते हुए उनकी निशानदेही पर बुधवार की देर रात छजलैट पुलिस की सहायता से मृतक का शव थाना छजलैट के ग्राम इस्माईलपुर के जंगल से बरामद कर लिया। हत्यारोपियों ने युवक की हत्या कर उसके शव को गहरे गड्ढे में दबा दिया था। मृतक के भाई तेजेन्द्र ने बताया कि हत्यारोपी नगर के एक राष्ट्रीय बैंक में कृषि कार्ड का काम करता था। उसके भाई के विपिन पर 60 हजार रुपये थे। विपिन ने ही पैसे लौटाने के बहाने फोन कर उसे बुलाया था। तथा उसने अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने सभी आरोपियों का चालान कर उन्हे जेल भेज दिया है।

## छात्रों को यातायात नियमों, हेलमेट प्रयोग की जानकारी दी



**बांदा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत गुरूवार को महाराणा प्रताप चैक पर परिवहन, शिक्षा एवं यातायात विभाग ने संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने राजकीय इंटर कालेज एवं भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने के बारे में हेलमेट के योगदान के बारे में जानकारी दी। परिवहन विभाग के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी शंकरजी सिंह ने नाबालिग छात्रों को वाहन न चलाने और बगैर वैध लाइसेंस के वाहन न चलाने की नसीहत दी। शिक्षा विभाग के मंडलीय मास्टर ट्रेनर डॉ पीयूष मिश्र ने छात्रों को नोडल छात्र-छात्रा के रूप में आह्वान करते हुए जागरूकता अभियान को घर से ही शुरू करने का अह्वान किया और बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने तथा बगैर सीट बेल्ट चार पहिया न चलाने एवं यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बच्चों को आम जनमानस तक प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रेरित किया। यात्रीकर अधिकारी ने बच्चों से अपनी लेन में ही सुरिक्षत वाहन चलाने और बिना मोबाइल फोन का प्रयोग किए वाहन चलाने की अपील की। यातायात प्रभारी राजेशचंद्र मिश्र ने यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के निर्देशन में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, यात्रीकर अधिकारी, मंडलीय मास्टर ट्रेनर एवं यातायात प्रभारी ने छात्रों के सहयोग से लोगों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों में हेलमेट के प्रयोग की अनिवार्यता की जानकारी दी और नियमों का पालन नही करने वाले संभ्रांत लोगों को गुलाब का फूल देकर उन्हे जीवन में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

## निर्देशों के बावजूद फार्मर रजिस्ट्री को परेशान किसान ,साइड न चलने से समस्या

**बांदा।** फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं होने से किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की अगली किस्त नहीं मिलेगी लेकिन दिन में साइड न चलने व रात के समय चलने से किसान परेशान हैं। हालांकि इसके लिए जिले में सीएससी सेंटर के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत पंजीकरण किया जा रहा है। जिले के सभी सीएससी सेंटरों में रात-दिन अनेक विभागों के सहयोग से फार्मर रजिस्ट्री का कार्य कराया जा रहा है। इसमें राजस्व विभाग के उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, कोटेदार आदि के जरिए सीएससी सेंटर में किसानों को लाने में सहयोग किया जा रहा है। कुछ गांवों में सीएससी संचालक फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं जिसके चलते कार्य में प्रगति नहीं हो पा रही है। इसे देखते हुए डीएम के निर्देश पर जिले के 12 सीएससी संचालकों की आईडी निरस्त करने के लिए शासन को पत्र भेजकर उनकी सीएससी आईडी निरस्त करवा दी गई है। इनमें, सुनील कुमार ग्राम डूरेंडी बड़ोखर खुर्द, आपदा खतून अछरौंड बड़ोखर खुर्द, हिमांशु तिवारी लामा बड़ोखर खुर्द, सय्यद अयाजुद्दीन बिसंडीखुर्द बबेरू, सरफराज चिल्ली बड़ोखर खुर्द, हामिद राजा हरदौली बबेरू, किरन पल्हरी बबेरू, सुधांशु सिंह भदवारी बबेरू, संगीता बॉजा बबेरू, आशीष सिंह निभौरा बबेरू, पुष्पेंद्र कुमार करतल नरैनी, अशुतोष अवस्थी नौगवां नरैनी शामिल हैं। बताते चलें कि अधिकांश सीएससी, जन सेवा केन्द्रों व कैफे में साइड न चलने के कारण हजारों की संख्या मे किसान फार्मर रजिस्ट्री के लिए परेशान घूम रहे हैं। हालांकि इस मामले पर शासन के कड़े निदेर्शों के चलते जिलाधिकारी ने अनेक विभागों के कर्मचारियों को इस कार्य के लिए लगाने के निर्देश दिए हैं। फिर भी साइड न चलने की वजह से सभी परेशान हैं।

## भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए 94 ने किया नामांकन



**बांदा।** भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए बड़ी संख्या में नेताओं ने आवेदन किया। इस दौरान जिला चुनाव अधिकारी ने नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों से रायसुमारी भी की। संगठन महापर्व को उत्सव के रूप में मनाते हुए भाजपा नेताओं ने जिलाध्यक्ष और प्रदेश परिषद सदस्य के लिए जिला कार्यालय में सुबह 10 बजे से आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी थी और यह दोपहर तक चलती रही। जिला निर्वाचन अधिकारी बाल्मीकि तिवारी, सह निर्वाचन अधिकारी पंकज रैकवार तथा दिलीप तिवारी को जिलाध्यक्ष पद के लिए वर्तमान जिलाध्यक्ष संजय सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष बालमुकुंद शुक्ला एवं लवलेश सिंह ने भी आवेदन किया है। इनके अलावा आवेदन करने वालों में ममता मिश्रा, शीला सिंह, प्रभा गुप्ता, अखिलेश नाथ दीक्षित, प्रेम नारायण द्विवेदी, राजनारायण द्विवेदी, सत्यदेव अवस्थी, अजय पटेल, विवेकानंद गुप्ता, कल्लू राजपूत, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, विजय बहादुर सिंह परिहार, प्रभाकर अवस्थी, धीरेन्द्र सिंह, संतू गुप्ता, पंकज रैकवार, अरविंद चंदेल, देवा त्रिपाठी, सीताराम वर्मा, वेद निराला सहित 94 लोग शामिल रहे। इसके अलावा 12 लोगों ने प्रांतीय परिषद सदस्य के लिए नामांकन दाखिल किया।

## अधिकारी पूर्ण निष्ठा के साथ विकास कार्यों को पूरा करें: सभापति

जिला संवाददाता(vol)



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति की बैठक समिति के सभापति धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में भारद्वाज द्वारा जिला बिजनौर एवं जिला अमरोहा के निर्धारित 10 बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर समिति के सदस्य विच्छेदलाल राम, किरनपाल कश्यप, रामेन्द्र भाई पटेल, जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल, जिलाधिकारी अमरोहा निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा सहित बिजनौर एवं अमरोहा के विभागीय अधिकारी मौजूद थे। बैठक से पूर्व एंव अंत में सभापति को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

समिति के सभापति धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज ने निर्देश दिए कि राजस्व विभाग के मेण्ड बंदी जैसे छोटे-छोटे वादों का पूर्ण गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें ताकि कोई वाद विकराल रूप धारण न करने पाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि निर्वाचित सदस्यों की निधि से जो भी विकास कार्य सम्पादित कराए जाएं, कार्य के विवरण के साथ संबंधित सदस्य का नाम भी अनिवार्य रूप से सूचना पट पर लिखवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सांसद, विधायक एवं निर्वाचित सदस्यों द्वारा प्रस्तावित कार्यों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें पूरा कराएं और विकास कार्यों की गति को बनाएं रखें।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के विकास के प्रति गंभीर और अति संवेदनशील है। अतः सभी विभागीय अधिकारी पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ विकास कार्यों को पूर्ण मानक के अनुसार पूरा करें। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित पेंशन एवं अन्य योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ उपलब्ध कराएं। उन्होंने लोनिवि के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अति क्षतिग्रस्त बास्टा-चांदपुर मार्ग को सुदृढ़ीकरण कराने के लिए तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिले के शेरकोट क्षेत्र में स्थापित एकमात्र राजकीय डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य द्वारा महिला अध्यापिकाओं की शिकायतों का गंभीर संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए कि वे अपनी कार्य प्रणाली में अपेक्षित सुधार लाएं अन्यथा उनके विरूद्ध कार्यवाही के लिए लिखा जाएगा। उन्होंने आरएचओ द्वारा समीक्षा बैठक में उपस्थित न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें लखनऊ उपस्थित होने के निर्देश दिए। उन्होंने समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि साईबर क्राइम पर नियंत्रण करने के लिए विशेष प्रयास करें और साईबर क्राइम, लूट, डकैती, हत्या एवं रेप से संबंधित वादों का पूर्ण विवरण उपलब्ध कराएं।

जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने समिति के सभापति एवं सदस्यगणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा निर्गत निर्देशों का पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा सभापति एवं सदस्यगणों को काष्ठ हेण्डीक्राफ्ट घड़ी, महिला समूह द्वारा बनाई गई विदुर ब्राण्ड की डलिया प्रदान एवं शाल औढ़ाकर सम्मानित किया गया।

## शराब पार्टी को लेकर तीन युवकों से की मारपीट

**ललितपुर।** दबंगों ने एकराय होकर युवक को रास्ते में रोक लिया और शराब पार्टी के लिए पांच हजार रुपये की मांग की। रुपये न देने पर एकराय होकर हमला कर घायल कर देने का आरोप लगाया गया है। पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला पिसनारी बाग में रहने वाले सुमित पुत्र बालकिशन ने बताया कि बीती 7 जनवरी को शाम करीब 5 बजे वह अपने मित्र जितेन्द्र व ऋषभ के साथ नेहरू महाविद्यालय से अपने घर के लिए वापस आ रहा था। बताया कि रास्ते में रामराजा मंदिर के पास ग्राम कुलुआ व हाल गोविन्द नगर बंध के नीचे रहने वाले शक्ति राजा पुत्र भरतसिंह जूदेव, ग्राम कलौथरा निवासी पवन राजा, राज बरौदिया, उत्कर्ष साहू, अमन सोनी, बलराम रिछारिया पुत्र शिवनारायण निवासी चैकाबाग ने रोक लिया।

आरोप है कि उक्त लोगों ने एकराय होकर शराब पार्टी के लिए पांच हजार रुपये की मांग की। रुपये न देने पर उक्त लोगों ने एकराय होकर उसके साथ लोहे के पाइपों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया।

## निपुण भारत, शिक्षा अनुश्रवण की बैठक संपन्न

जिला संवाददाता(vol)



**बांदा।** निपुण भारत मिशन टास्क फोर्स और जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने जिन प्राथमिक विद्यालयों में टायलीकरण, चहारदीवारी एवं दिव्यांग शुलभ शौंचालय बनाने का कार्य शेष है, इसे पूरा कराए जाने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी, मनरेगा व जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देश दिए। उन्होने खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों की आधार फीड़िंग का कार्य एक सप्ताह में पूरा कराएं। इस काम को पूरा करने में बैंक अधिकारियों को भी सहयोग के लिए निर्देश दिए। उन्होने विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन कराने के लिए इससे बचे विद्यालयों में शीघ्र कनेक्शन कराने के निर्देश अधिशाषी अभियंता विद्युत को दिए। डीएम ने ब्लाक टास्क फोर्स के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालयों का प्रतिमाह निरीक्षण कर फीडिंग एवं रिपोर्ट भेजें। उन्होने कस्तूरबा गांधी विद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए जानकारी ली। जिलाधिकारी को बताया गया कि जामू एवं महुआ का कार्य पूरा हो गया है। उन्होने बिसंडा व नरैनी में भूमि के चिन्हीकरण की कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में मध्यान्ह भोजन छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की समीक्षा की और निर्देश दिए कि पंजीकरण के अनुसार बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षकों की उपस्थिति भी कराने के निर्देश खंड शिक्षाधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, बेसिक शिक्षाधिकारी अव्यक्त राम तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड शिक्षाधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला जज ने वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण



**ललितपुर।** जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक कुमार पाराशर ने पं.दीनदयाल उपाध्याय वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण किया। जिला जज ने विजिट में वृद्ध पुरूष, महिला कक्षों, भोजन-शाला का निरीक्षण किया।

वृद्धजनों से वातार्लाप किया गया तथा उनसे किसी भी प्रकार की समस्या की शिकायत के बारे में पूंछा गया तो किसी प्रकार की समस्या से अवगत नहीं कराया गया। भोजनशाला में साफ-सफाई पायी गयी तथा मीनू के अनुसार कढ़ी, चावल, रोटी परौसी गयी।

पं.दीनदयाल उपाध्याय वृद्धाश्रम में विजिट के दौरान अपर जिला जज प्रथम गुलाब सिंह, अपर जिला जज/सचिव यशवन्त कुमार सरोज, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभान्शु सुधीर, केयरटेकर/प्रबंधक दामोदर शर्मा, सेवादार स्नेहलता निगम, अजय बहादुर, ज्योति व न्यायालय से रोहित राठौर व विकास कुशवाहा मौजूद रहे।

## बाबा कमाल शाह की दरगाह पर 13 से होगा वार्षिक उर्स का आयोजन



**नगीना, बिजनौर।** हजरत कमालशाह रहमतुल्ला अलैह के मजाऱ शरीफ पर लगने वाले चार दिवसीय प्राचीन सालाना उर्स 13 जनवरी से शुरू हो जाएगां। उर्स कमेटी की ओर से सभी तैयारियो को पूर्ण रूप से आखिरी विराम दे दिया गया है।

नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम पुरैनी में प्राचीन व प्रसिद्ध हजरत कमालशाह रहमतुल्ला अलैह के मजाऱ शरीफ पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 13 जनवरी से उर्स शरीफ का आगाज हो जाएंगा। पुरैनी में स्थित इस मजार शरीफ पर यह उर्स कई दशकों से लगता चला आ रहा है। उर्स कमेटी के व्यवहार कुशल मुतवल्ली डॉक्टर गौहर सईद व प्रबंधक वसीयत अली ने संयुक्त रूप से बताया कि 13 जनवरी सोमवार को दोपहर 3 बजे बाद बाद नमाज-ए-जोहर कुरान खानी, नमाज-ए- मगरिब मिलाद शरीफ और नमाज-ए-ईशा महफिल -ए- कव्वाली का आगाज होगां। अगले दिन मुकाबले के रुप में 14 व 15 जनवरी को भी महफिल-ए-कव्वाली का बेहतरीन प्रोग्राम रहेगा। 16 जनवरी दिन गुरुवार की सुबह 8 बजे कुल-ए-शरीफ की रस्म अदा कर उर्स के समापन की घोषणा कर दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि बहुत दूर दूर से आस्था से बंधे अकीदतमंद लोग इस उर्स पर आकर अपनी जायज मन्नतो को मांगते हैं और खुब इबादत करतें है।

## आयुक्त ने मंडलीय अधिकारियों के साथ की बैठक

जिला संवाददाता(vol)



**बांदा।** नवागंतुक आयुक्त अजीत कुमार ने मंडलीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होने मंडलीय अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और उनके विभाग में किए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा इन्हे समय से गुणवत्तापूर्ण सम्पादित करने के निर्देश दिए। उन्होने महाकुंभ के आयोजन की तैयारियों के बारे में भी जानकारी ली और अधिकारियों को कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने महाकुंभ में जाने वाले कल्पवासियों को मुख्य तीर्थ स्थल चित्रकूट में आकर दर्शन पूजन करने के लिए जरूरी व्यवस्थाएं कराने के बारे में अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होने तीर्थ स्थानो में सफाई व्यवस्था, प्रमुख चैराहों में यातायात प्रबंधन के लिए व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होने अस्थाई शौंचालयों की व्यवस्था और रामघाट व कामदगिरी परिक्रमा क्षेत्र में प्रकाश, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं के निर्देश दिए। ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था के साथ ही प्रयागराज जाने वाले मार्गों की मरम्मत कराने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए। चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को मेडिकल टीम, आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं, एंबुलेंस और अन्य जरूरी दवाओं व उपकरणों की पैरामेडिकल स्टॉफ सहित व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होने जल संस्थान को शुद्ध पेयजल व्यवस्था, अस्थाई पानी के टैंकर, घाट की सफाई के साथ नदी के जल प्रवाह को स्थिर रखने तथा घाट पर नाविकों सहित सुरक्षा के निर्देश अधिकारियों को दिए। खाद्य पदार्थों की निगरानी रखने, अग्निशमन व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, पर्याप्त विद्युत आपूर्ति के बारे में भी अधिकारियों को निर्देश दिए। अधिकारियों से विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी लेने के साथ ही लक्ष्य के अनुरूप समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन, अपर आयुक्त द्वितीय, संयुक्त विकास आयुक्त व मंडलीय अधिकारी मौजूद रहे।

# साधु की सिर कुचलकर निर्मम हत्या, एसएसपी समेत अफसर जांच में जुटे

**बरेली।** देहात की फरीदपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के पचोमी गांव में स्थित काली माता मंदिर परिसर में एक साधु की सिर कुचलकर हत्या कर दी गई है। मृतक साधु के शव के पास एक खून से सनी ईंट और डंडा मिला है। जिसके चलते उम्मीद जताई जा रही है कि मृतक की हत्या ईंट से सिर कुचलकर की गई है। हत्या की सूचना पर एसएसपी अनुराग आर्य समेत तमाम पुलिस अफसर मौके पर पहुंचे। उन्होंने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। यह हत्या रंजिश में करने की बात सामने आई है। बताया जाता है कि साधु का रात किसी से झगड़ा हो गया था। इसी झगड़े के बाद हत्या की उम्मीद है।

**दो दिन पूर्व काली माता मंदिर के बने थे महंत:**

काली माता मंदिर में मौजूद अन्य बाबाओं ने मीडिया को बताया कि बाबा शिव चंद गिरी रात पंचेश्वरनाथ मंदिर में थे। वह एक दिन पूर्व ही काली माता मंदिर के महंत बने थे। इससे पूर्व अमित गिरी काली माता मंदिर के महंत हुआ करते थे, लेकिन राम गिरी के कुंभ मेले में चले जाने के कारण पंचेश्वरनाथ मंदिर पर अमित गिरी रहने लगे, जबकि काली माता मंदिर पर शिवनंदन गिरी ने महंत का काम दो दिन पूर्व ही शुरू किया था। पंचेश्वर नाथ मंदिर से शिवनंदन गिरी रात काली माता मंदिर पहुंचे थे। मगर, यहां मंदिर परिसर में शिवानंद गिरी की रात में ईट से कुचलकर और डंडों से हमला कर हत्या कर दी गई।

**इलाज से पहले बाबा की मौत**

इस घटना की सूचना गांव के लोगों ने ग्राम प्रधान को दी। उन्होंने तत्काल एंबुलेंस बुलवाई। हालांकि, इलाज के लिए अस्पताल ले जाने से पहले ही बाबा शिवनंदन गिरी की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी घटनास्थल पर पहुंच गए। पंचेश्वरनाथ मंदिर के एक बाबा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से डंडा, ईंट और अन्य साक्ष्य कब्जे में ले लिए हैं। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीण इस हत्या से स्तब्ध हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

**पहले भी हो चुकी है एक बाबा की हत्या**

वर्ष 2006 में पंचेश्वरनाथ मंदिर में एक बाबा की हत्या कर दी गई थी। उस वक्त मंदिर से लाखों रुपए का कीमती जेवर व सामान लूट लिया गया था।

## झेलम से पर्स व मंगला एक्सप्रेस से आईफोन चोरी

**ललितपुर।** महानगर झांसी के थाना मोंठ अन्तर्गत ग्राम अमरौख में रहने वाले दिनेश वर्मा पुत्र रमेशचंद्र ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती छह जनवरी को वह ट्रेन संख्या 11078 झेलम एक्सप्रेस जिसका प्लेटफार्म संख्या 01 पर आने का समय 17.34 है उससे वह ग्वालियर से ललितपुर आना था। बताया कि ग्वालियर से ट्रेन में चढ़ते समय उसका पर्स किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। बताया कि उसके पर्स में उसका आधार कार्ड, पैन कार्ड, डीसीबी, एटीएम और फीस रसीद व टिकिट इत्यादि के साथ कुछ फोटोज के अलावा 1520 रुपये भी थे। पीड़ित की तहरीर पर जीआरपी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। इधर गोवा राज्य के 113 चैमुल वाड़ा मार्सल गोवा में रहने वाले नवी साहब पुत्र शरीफ ने ललितपुर जीआरपी पुलिस को बताया कि वह ट्रेन संख्या 12618 मंगला एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-7 के सीट संख्या 73 पर नई दिल्ली से गोवा तक के लिए यात्रा कर रहा था।

# नक्सलियों का सफाया

हालांकि पशुपति से तिरुपति तक, लाल कॉरिडोर बनाने का सपना और षड़यंत्र ध्वस्त हो चुके हैं फिर भी नक्सली अभी भी देश के कुछ राज्यों में इस स्थिति में हैं कि सुरक्षा बलों की टीम पर बड़े हमले कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सली हमले में सुरक्षा बलों के आठ बहादुर जवानों की शहादत से भी यह स्पष्ट हो गया है कि लगभग खत्म होने के कगार पर भी नक्सली बड़ा नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए नक्सल सफाई अभियान में और अधिक सतर्कता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का कहना है कि मार्च, 2026 तक नक्सलवाद का अस्तित्व खत्म कर दिया जाएगा और इस लड़ाई में हमारे जांबाज जवानों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाएगा। वैसे अब नक्सलवाद घुटने टेक रहा है, नक्सली आत्म समर्पण कर रहे हैं। इससे यह भरोसा बढ़ा है कि एक दिन ऐसा होगा कि नक्सलवाद का नामलेवा भी नहीं बचेगा। देश चाहता है कि गृहमंत्री का दावा एक दिन साकार हो, चरितार्थ हो, क्योंकि नक्सलवाद भी एक खास किस्म का आतंकवाद है, लेकिन छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के अंबेली गांव में नक्सलियों ने



**बीजापुर, सुकमा, बस्तर और दंतेवाड़ा जैसे अधिक नक्सल प्रभावित जिलों में सुरक्षाबलों के सघन अभियान के जरिए इन्हें कमजोर करना चाहिए।**

आईईडी विस्फोट करके जिस तरह 8 जवानों और एक वाहन चालक को 'शहीद' किया है, वह घटना अत्यंत दुखद है। यह अप्रैल, 2023 के बाद का सबसे बड़ा, घातक हमला है और 2025 का पहला जानलेवा हमला है। छत्तीसगढ़ के ही दंतेवाड़ा क्षेत्र में 26 अप्रैल, 2023 को आईईडी विस्फोट में 10 पुलिसकर्मी शहीद हो गये थे। इस बार सुरक्षा बल अबूझमाड़ के जंगल में एक सफल ऑपरेशन में 5 नक्सलियों को मार कर लौट रहे थे। रोड ओपनिंग पार्टी रास्ते को साफ करती चल रही थी। काफिले में कुछ और वाहन भी थे, जो वैकल्पिक रास्ते पर चले गये। नक्सलियों ने एक वाहन को निशाना बनाया। बताया जाता है कि हमले में करीब 70 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। लिहाजा बेहद महत्वपूर्ण और गंभीर सवाल है कि 'रोड ओपनिंग पार्टी' इतने विस्फोटक को देख और पकड़ क्यों नहीं सकी? यदि रास्ते को गंभीरता से साफ किया जाता, तो विस्फोटक पकड़ में आ सकता था और उसे डि-फ्यूज, निष्प्रभावी किया जा सकता था। यह स्पष्ट लापरवाही या अनदेखी कैसे हुई इसकी जांच-पड़ताल भी जरूरी है। अब एक बार फिर बहस शुरू होगी कि सुरक्षा बलों की आवाजाही सड़क मार्ग के बजाय हवाई उड़ान के जरिए क्यों नहीं हो सकती? यह सवाल फरवरी, 2019 के पुलवामा (कश्मीर) आतंकी हमले के बाद भी उठा था, जिसमें हमारे 40 सुरक्षाकर्मियों को शहीद कर दिया गया था। बीजापुर जिले में इस बार का विस्फोट इतना ताकतवर था कि वाहन के पुर्जे 400 मीटर दूर तक बिखर गये। वाहन का एक हिस्सा करीब 30 फुट दूर पेड़ पर लटका मिला। घटना स्थल पर ही करीब 15 फुट गहरा और चौड़ा गड्ढा बन गया। जवानों के शव क्षत-विक्षत हो गये। नक्सली विस्फोट करके भाग निकले। हालांकि धमाका होते ही रोड ओपनिंग पार्टी के जवानों ने मोर्चा संभाल लिया, लेकिन तब तक देश को बड़ा नुकसाना हो चुका था और हमारे आठ जवान शहीद हो चुके थे। यह हमला ही साबित करता है कि नक्सलवाद अभी जिंदा है और नक्सली बड़ा हमला करने में अभी भी सक्षम हैं। उनके पास हथियार और घातक विस्फोटक हैं, लिहाजा सवाल है कि 2026 तक नक्सलियों का बिल्कुल खात्मा कैसे संभव है? 2024 में 287 नक्सली मारे गये थे और करीब 1000 गिरफ्तार हुए। 837 ने आत्म समर्पण किया, लेकिन हमारे जवान भी शहीद हुए हैं। हमारे लिए यह चिंताजनक बात है। नक्सलवाद अब भी देश के 30 जिलों में मौजूद है। इनमें 8 जिले छत्तीसगढ़ के हैं। दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुरऔर बस्तर तो नक्सलियों के गढ़ माने जाते रहे हैं। नक्सलवाद के कारण करीब 94 फीसदी वारदातें और मौतें इन्हीं जिलों में होती हैं। इसलिए उन क्षेत्रों में जहां नक्सलियों का प्रकोप ज्यादा है वहां सघन अभियान के जरिए नक्सलवाद की रीढ़ तोड़ने चाहिए। एक बार नक्सली कमजोर पड़ जायेंगे, तो इतने बड़े हमलों को अंजाम देने की स्थिति में नहीं रह जायेंगे। इससे सुरक्षा बलों की शहादत भी रुक जायेगी।

## विचार

प्रभुता पाते ही लोगों की निगाहें बदल जाती हैं, किसी को पहचानते तक नहीं, जमीन पर पांच तक नहीं रखते।

-प्रेमचंद.

लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपनी समस्त शक्तियों द्वारा परिश्रम करना ही पुरुषार्थ है।

-पतंजलि.

मृत्यु से नया जीवन मिलता है। जो व्यक्ति और राष्ट्र मरना नहीं जानते, वे जीना भी नहीं जानते।

-पं. नेहरू.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

-शेक्सपियर.

जब कोई प्रतिभाशालाी हस्ती इस दुनिया में आती है तो उसे इस लक्षण से पहचाना जा सकता है कि सभी मूर्ख लोग उसके विरुद्ध खड़े होते हैं।

-स्विफ्ट.

# वैश्विक फलक पर हिन्दी की बढ़ती गूंज





अरविन्द जयतिलक

**राष्ट्र के नागरिक निज भाषा से संस्कारित होकर ही अपने मूल्यों, विचारों, आदर्शों और प्रतिमानों को जीते हैं। कहा भी जाता है कि राष्ट्र के विचारों को गढ़ने-बुनने, संजोने-संवारने और उसे प्राणवान बनाने में भाषा की अहम भूमिका होती है। हिन्दी भाषा उन्हीं भाषाओं में से एक है जो भारत की कालजयी सभ्यता-संस्कृति, आचार-विचार, विज्ञान-दर्शन और इतिहास को आलोकित-प्रकाशित करती है।**

आज विश्व हिंदी दिवस है। आज ही के दिन 1975 में नागपुर में प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन हुआ। विश्व हिंदी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र में हिंदी को आधिकारिक भाषा बनाने की मांग के अलावा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी भाषा का प्रचार-प्रसार और मजबूत बनाना है। हिंदी के प्रचार-प्रसार और वैश्विक स्वीकार्यता का ही नतीजा है कि आज वह अपने सभी प्रतिद्वंदियों को पीछे छोड़ लोकप्रियता का आसमान छू रही है। आंकडों के लिहाज से देखें तो दुनिया भर में तकरीबन 62 करोड़ लोग हिन्दी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। इथोनोलॉज के आंकड़ों के मुताबिक अंग्रेजी भाषा का इस्तेमाल करने वाले लोगों की संख्या 113 करोड़ और चीनी भाषा मंडारिन की संख्या 112 करोड़ है। लेकिन जिस गति से हिन्दी भाषा की स्वीकार्यता व लोकप्रियता आसमान छू रही है उससे साफ है कि आने वाले दिनों में हिन्दी भाषा अंग्रेजी और मंडारिन भाषा के बराबर पहुंच जायेगी। वैश्विक स्तर पर यूजर्स के लिहाज से 1952 में हिन्दी भाषा पांचवें पायदान पर थी जो 1980 के दशक में चीनी और अंग्रेजी भाषा के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गयी।

विगत दशकों में विकासशील भारत के प्रति बढ़ते वैश्विक आर्थिक-व्यापारिक आकर्षण ने सभी के लिए हिन्दी भाषा को बोलने-समझने की अनिवार्यता सुनिश्चित कर दी। गौर करें तो एक भाषा के तौर पर हिन्दी का जितना अधिक अंतर्राष्ट्रीय विकास हुआ है, विश्व में शायद ही किसी अन्य भाषा का उतना हुआ हो। वे सभी संस्थाएं, सरकारी मशीनरी और छोटे-बड़े समूह बधाई के पात्र हैं जिन्होंने हिन्दी को इस ऊंचाई पर पहुंचाया है। 1999 में मशीन ट्रांसलेशन शिखर बैठक में टोकियो विश्वविद्यालय के प्रोफेसर होजुमि तनाका द्वारा पेश नए भाषायी आंकड़ों के मुताबिक अब चीनी भाषा के बाद हिन्दी का स्थान है। यानि अंग्रेजी भाषा पीछे छूट गयी है। गौर करें तो आज दुनिया के तकरीबन 40 से अधिक देशों के 600 से अधिक विश्वविद्यालयों और स्कूलों में हिन्दी की पढ़ाई हो रही है। दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका में हिन्दी की धूम मची है। यहां 30 से अधिक विश्वविद्यालयों में भाषायी पाठ्यक्रम में हिन्दी को महत्वपूर्ण दर्जा हासिल है। अमेरिका के अलावा यूरोपिय देशों में भी हिन्दी का तेजी से विकास हो रहा है। इंग्लैण्ड के लंदन, कैम्ब्रिज और यार्क विश्वविद्यालयों में हिन्दी को चाहने वालों की तादाद लगातार बढ़ रही है। जर्मनी के हीडलबर्ग, लोअर सेक्सोनी के लाइपजिंग, बर्लिन के हम्बोलडिट और बॉन विश्वविद्यालय में भी हिन्दी भाषा को पाठ्यक्रम के रुप में शामिल किया गया है। एक दशक से रुस के कई विश्वविद्यालयों में हिन्दी साहित्य पर शोध हो रहे हैं। यहां हिंदी का बोलबाला बढ़ा है। हिन्दी का जलवा सिर्फ जर्मनी ही नहीं बल्कि रुस में भी कायम है। विगत दशकों में अनेक रुसी विद्वानों ने हिंदी साहित्य का अनुवाद किया है। इनमें से एक तुलसीकृत रामचरित मानस भी है जिसका अनुवाद प्रसिद्ध विद्वान वारान्निकोव द्वारा किया गया है।

**विश्व हिन्दी दिवस**

मॉस्को राजकीय विश्वविद्यालय और कुछ अन्य विश्वविद्यालयों में एक अलग पूर्वी भाषाओं के विभाग को बनाया गया है जहां पर हिन्दी की शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। रुसी कवियों ने सबसे पहले जिस भारतीय कवि की रचनाओं का अनुवाद किया, वे कालिदास हैं। प्रसिद्ध रुसी कवि अलेक्सान्दर पूश्किन के पूर्ववर्ती कवि वसीली झुकोवस्की ने सबसे पहले कालिदास की रचना 'नल और दमयंती' का रुसी भाषा में अनुवाद किया। उनके बाद कालिदास की रचना 'शकुंतला' का अनुवाद कंस्तांतिन बालमंत ने किया। हिन्दी की बढ़ती लोकप्रियता का ही आलम है कि वेस्टइंडीज के कई विश्वविद्यालयों में हिन्दी पीठ की स्थापना की गयी है। एशियाई देश जापान में हिन्दी भाषा का बहुत अधिक सम्मान है। प्रोफेसर दोई ने टोकियो विश्वविद्यालय में हिन्दी विभाग की स्थापना की है। रुस की तरह जापान में भी हिन्दी साहित्य का अनुवाद हुआ है। प्रोफेसर तोबियोतनाका ने भीष्म साहनी के उपन्यास 'तमस' का जापानी भाषा में अनुवाद किया है। प्रोफेसर कोगा ने 'जापानी-हिन्दी कोष' की रचना की है। उन्होंने गांधी जी की आत्मकथा का भी जापानी में अनुवाद किया है।

प्रोफेसर मोजोकामी हर वर्ष हिन्दी का एक नाटक तैयार करते हैं और उसका मंचन भारत में करते हैं। गुयाना और मॉरिशस में भी हिन्दी भाषा को लेकर जबरदस्त उत्साह है। दरअसल यहां भारतीय मूल के लोगों की संख्या सर्वाधिक है। यहां प्राथमिक स्तर से लेकर स्नातक स्तर पर हिन्दी के पठन-पाठन की समुचित व्यवस्था है। मॉरिशस में अंग्रेजी राजभाषा है। फ्रेंच बोलने वालों की तादाद भी बहुत अच्छी है। लेकिन हिन्दी की लोकप्रियता में तनिक भी कमी नहीं है। यहां बहुत पहले हिन्दी सचिवालय की स्थापना हो चुकी है। आज ढेरों हिन्दी पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन हो रहा है। मॉरिशस में भारतीय मूल के लोगों की जनसंख्या कुल आबादी की आधे से अधिक है। लिहाजा यहां हिन्दी का एक सशक्त भाषा के रुप में स्थापित होना लाजिमी है। यहां हिन्दी भाषा में खूब पत्र-पत्रिकाओं तथा साहित्य का प्रकाशन हो रहा है। मॉरिशस की तरह फिजी, नेपाल, भूटान, मालदीव और श्रीलंका में भी हिन्दी का जलवा कायम है। फिजी में बोली जाने वाली प्रमुख भाषा हिन्दी है। इसे फिजियन हिन्दी या फिजियन हिन्दुस्तानी भी कहते हैं। यह फिजी की आधिकारिक भाषाओं में से एक है। नेपाल में भी हिन्दी बोलने व समझने वाले लोगों की तादाद अच्छी है। नेपाल में भारतीय टेलिविजन और सिनेमा अति लोकप्रिय है जिसके कारण हिन्दी बोलने-समझने वालों की तादाद लगातार बढ़ रही है। इसी तरह खाड़ी देशों में भी हिन्दी का तेजी से प्रचार-प्रसार हर रहा है। यहां के सोशल मीडिया में भी हिन्दी का दखल बढ़ा है। आज कई पत्र-पत्रिकाओं को ऑनलाइन पढ़ा जा रहा है। संयुक्त अरब अमीरात में हिन्दी एफएम चैनल लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। नए-पुराने हिन्दी गीतों को चाव से सुना जा रहा है। हिन्दी फिल्मों ने भी यहां धूम मचा रखी है। पिछले कुछ वर्षों से दुबई में लगातार हिन्दी कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है जो अपने-आप में एक बड़ी उपलब्धि है।

हिन्दी भाषा की यह असाधारण उपलब्धि कही जाएगी कि जिन देशों में भाषा को विचारों की पोषाक और राष्ट्र का जीवन समझा जाता है वहां भी हिन्दी तेजी से अपना पांव पसार रही है। हंगरी, बुल्गारिया, रोमानिया स्विटजरलैंड, स्वीडन, फ्रांस, नार्वे, जापान, इटली, मिस्र, कजाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, कतर और अफगानिस्तान, रुस और जर्मनी अपनी भाषा को लेकर बेहद संवेदनशील हैं। वे इसे अपनी सांस्कृतिक अस्मिता से जोड़कर देखते हैं। लेकिन इन दशों में हिन्दी को भरपूर स्नेह और सम्मान मिल रहा है। यह हिन्दी भाषा के लिए बड़ी उपलब्धि है। आज दुनिया का कोई ऐसा कोना नहीं जहां भारतीयों की उपस्थिति न हो और वहां हिन्दी का तेजी विस्तार न हो रहा हो। एक आंकड़े के मुताबिक दुनिया भर में ढ़ाई करोड़ से अधिक अप्रवासी भारतीय 160 से अधिक देशों में रहते हैं। यह सुखद है कि वह अपनी भाषा व संस्कृति से जुड़े हैं और हिन्दी के फैलाव में योगदान कर रहे हैं। गौर करें तो बहुराष्ट्रीय देशों की कंपनियां भी अपने-अपने देशों में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए सरकारों पर दबाव बना रही हैं। दरअसल उनका मकसद हिन्दी के जरिए एशियाई देशों में अपनी व्यपारिक गतिविधियों को बढ़ाना है। यह स्वीकारने में हिचक नहीं कि बाजार ने भी हिन्दी की स्वीकार्यता को नई उंचाई दी है। किसी भी राष्ट्र की जीवंतता और पहचान उसकी भाषा और संस्कृति है।

## सोशल मीडिया

यूपी बिहार पूर्वांचल के भाइयों को रोहिंग्या बांग्लादेशी कहने वाली बीजेपी ये भूल गयी गई कि अरविंद केजरीवाल ने सबसे ज्यादा टिकट पूर्वांचल के भाइयों को दिया है। संजय सिंह.



प्रति किमी के हिसाब से देश का सबसे महंगा एक्सप्रेस-वे जो कि 2022 में बनकर तैयार होना था, भाजपा सरकार के हर कार्य की तरह इंतजार की लाइन में लगा है।



आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नये आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन पर दिल्ली में समीक्षा बैठक की। अमित शाह.



# मन का प्रवाह

आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में एक ही सबसे बड़ी भूल होती है कि हम अपने आप को भूल जाते हैं और पराये को अपना समझने लगते हैं। ऐसी गलती कभी-कभी भूत-पलीतों के आवेश में होती है। जिस पर वह आवेश आता है वह अपने मुंह से कुछ कहता और कुछ से कुछ बताता है। ऐसी अटपटी बातें कहता है जो उस व्यक्ति के काम की तनिक भी नहीं होती। भूत के काम की भले ही हो, इसी प्रकार ज्वर की तीव्रता में जब मनुष्य बेचैन विकल हो जाता है तब भी ऐसी बातें कहता है जिसे बकवास ही कहा जा सकता है। क्रोध के आवेश में भी लोग ऐसी ही गाली गलौज देते हैं जिन्हें वज्रमूर्खता की संज्ञा दी जा सकती है। शराब पीकर उन्मादी व्यक्ति ऐसे ही वचन बोलता है और ऐसी ही कृत्य करता है। माया को भी एक प्रकार का उन्माद माना गया है। उसकी छाया जिस पर जितनी गहरी पड़ती, वह उतना ही असंगत अव्यवहारिक और अवास्तविक बन जाता है। सबसे बड़ी भुल यह होती है कि आत्मा को शरीर और शरीर का आत्मा मानने लगता है। फलस्वरूप सारा चिंतन और क्रियाकलाप गड़बड़ा जाता है। शरीर वाहन अथवा उपकरण है। आत्मा स्वामी, ईश्वर का पुत्र या प्रतिनिधि। आत्मा को कुछ महत्वपूर्ण कार्य सौंपे गये हैं और विश्वास दिलाया गया है कि इन प्रयासों को यदि ठीक तरह किया जा सके तो इसके परिणाम स्वरूप अगले दिनों उच्च स्तरीय पदोन्नति होगी। इसके अतिरिक्त शरीर ऐसा दिया गया है जैसा कि किसी और प्राणी के पास नहीं है। यह अनुकम्पा इसलिए की गयी है कि जो कार्य उच्च श्रेणी को सौंपी गये हैं उन सभी को ठीक प्रकार किया जा सके। शरीर और मस्तिष्क तथा उपलब्ध सुविधा साधन यदि इस स्तर के न मिले होते तो शायद मनुष्य इतना कुछ कर नहीं पाता जितना कि करना चाहिए। अपना अंश आत्मा को देकर भगवान ने कम अनुग्रह नहीं किया है। भूल यह हो जाती है कि शरीर की वासना और मन की तृष्णा इतनी बलवती हो उठती है कि उन्हें पूरा करने के लिए पूरा समय, श्रम, मनोयोग, खप जाता है। लगता है हम शरीर ही हैं। जो शारीरिक स्वार्थ हैं वे ही हमारे सवर्थ हैं। शरीर में भूख भौतिक आवश्यकता अन्न, वस्त्र और अच्छादन हैं। मन का प्रवाह जब ज्ञानेन्द्रियों की ओर बहने लगता है तो उनकी स्थिति भी यही होती है कि अनेक तरह के दृश्य स्वाद, स्पर्श मांगने लगती है। उनकी पूर्ति के लिए व्याकुलता होती है तो उसे वासना कहते हैं। शरीर की ही एक भाग मन की उमंगें लोभ, मोह और अहंकार के रूप में उफनती रहती हैं। यह सब मिलकर इतना जाल जंजाल खड़ा हो जाता है कि शरीर और मन की इच्छाएं पूरी करने में ही जीवन का समूचा सरतत्व खप जाता है।

अंतर्दृष्टि

# झूठ बोलना मौलिक अधिकार

व्यंग्यलोक

पन्नालाल जी की बातें से मैं ठगा सा रह गया। झूठ रोजी-रोटी बन गयी है तो फिर इसे रोकने के लिए प्रयास करना वाकई पाप है। मैंने तत्काल पन्नालाल जी से माफी चाही- माफ करिये! मुझे पता नहीं था कि झूठ आपका जीवनाधार बन गया है। जहां तक मेरा सवाल है, झूठ तो मैं भी बोलता हूँ, परन्तु बहुत ही न्यून। जब आप हरिश्चन्द्र हैं या उसकी औलाद, तो न्यून भी क्यों बोलते हैं? हम अधिकतम बोलते हैं तो क्या हुआ? झूठ बोलने से कोई किसी को नहीं रोक सकता। झूठ बोलना भी मौलिक अधिकारों में शामिल है। पन्नालाल जी ने कहा। अब बताइये, झूठ पाप कहां हुआ? यह तो वाकई, बकौल पन्नालाल जी बड़ी तपस्या है, साधना है, जिसे मुश्किलों के बाद प्राप्त किया जाता है। एक बार तो इच्छा हुई कि अपने बच्चे को एक थप्पड़ मारकर कहूं कि उसे झूठ को पाप का फतवा देने को किसने कहा था? फिर यह सोचकर कि उसकी मां ने बताया होगा तो व्यर्थ में घर में अशान्ति हो जायेगी चुप रहा। फिर भी मन नहीं माना। मैंने पत्नी से कहा-अरे भागवान, जरा सुनो! अपने टिंकू को आजकल यह पहाड़ा किसने रटाया है? कौन सा पहाड़ा? वही, झूठ बोलना पाप होता है? आपने ही बताया होगा। मैं यह बेवकूफी करने वाली नहीं हूँ। पत्नी ने कहा। मैं घबराकर बोला- भगवान कसम, यह बात मैंने उससे कभी नहीं कही। उसका थोड़ा ध्यान रखो। वह सच बोलने लगा तो हमारा जीवन चौपट कर देगा। बाहर मैंने जानकारी की है। सब लोग झूठ बोल रहे हैं। मुझे नहीं चाहिए यह हरिश्चन्द्र की औलाद। घबराओ नहीं, औलाद हरिश्चन्द्र की नहीं, आपकी है। आप पचास प्रतिशत झूठ बोलते हैं, यह शत्-प्रतिशत झूठ बोलेगा। आज ही स्कूल से शिकायत आयी है कि वह पांच दिन से स्कूल नहीं जाकर अपने हम उम्र दोस्तों के साथ इधर-उधर घूककर घर आ जाता है। मैंने उससे पूछा तो पता है, क्या कहा उसने? क्या कहा? मैंने पूछा। पापा भी तो ऑफिस का नाम करके अकेले-अकेले सिनमा देख आते हैं? मैं चुप रह गया। मेरी समझ में नहीं आ रहा कि क्या करूं? परन्तु मुझे यह तसल्ली जरूर हो गयी कि उसके हरिश्चन्द्र बनने का अब कोई अंदेशा नहीं है। पन्नालाल जी की बात अब भी याद आ रही है- झूठ बरोबर तप नहीं, सांच बरोबर पाप, जाके हृदय झूठ है, ताके हृदय आप सही है, झूठ बोलने वाले के हृदय में भगवान स्वयं निवास करते हैं। आज कल हर ऐरा-गैरा सत्य बोल रहा है तो आप -झूठ क्यों नहीं बोलें? जरूर बोलें।



पूरन सरमा

# ऑस्ट्रेलिया में बिना किसी ठोस योजना के खेला भारत



खेल जगत

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा निराशाजनक रहा। भारत ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 1-3 से हारी, एक टेस्ट बारिश की वजह से ड्रा रहा, और भारत पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी) के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने से रह गया। अब लॉर्ड्स में खिताबी मुकाबला (11-15 जून 2025) ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका होगा। 2023-25 के चक्र में ऑस्ट्रेलिया के अभी दो टेस्ट शेष हैं (श्रीलंका के विरुद्ध)। वह फाइनल से उसी सूरत में वंचित रह सकता है जब उसे श्रीलंका के दौरे पर 8 पेनल्टी प्वॉइंट्स मिलें, जोकि लगभग असंभव है।

भारत ने डब्लूटीसी फाइनल तक की अपनी राह उसी समय कठिन कर ली थी, जब वह अपने घरेलू मैदानों पर न्यूजीलैण्ड से 0-3 से अपना सूपड़ा साफ करा बैठा था। रही सही कसर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पूरी हो गई। यह पतन चिंताजनक है, विशेषकर इसलिए कि अभी हाल तक भारत की बेंच स्ट्रेंथ इतनी मजबूत थी कि वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर की एक नहीं बल्कि दो टीमें बना सकता था और ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो टेस्ट सीरीज जीतकर उसने अप्रत्याशित कमाल किया था, जिसमें से एक सीरीज तो उसने बिलकुल नये लड़कों के साथ अजिंके रहाणे की कप्तानी में जीती थी। और अब यह स्थिति रही कि ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चोटिल मुहम्मद शमी की जगह लेने के लिए कोई स्तरीय तीसरा तेज गेंदबाज ही नहीं था। यह सही है कि टेस्ट मैच गेंदबाज जिताते हैं क्योंकि वह 20 विकेट लें तो टीम को कामयाबी मिलती है। गेंदबाज भी तभी कमाल दिखा सकते हैं जब बैटर्स बचाव करने के लिए स्कोरबोर्ड पर कुछ रन तो खड़े करें। लेकिन न्यूजीलैण्ड के खिलाफ भी और ऑस्ट्रेलिया में भी भारतीय टीम की नाव को बैटर्स ने डुबोया। कोई चलकर ही नहीं दिया। अगर कोई चला भी तो उसमें भी निरंतरता न थी यानी एक पारी में चल गये और फिर तीन में फ्लॉप। भारत की दयनीय बल्लेबाजी का अंदाजा दो बातों से लगाया जा सकता है। एक, पांच टेस्ट की दस पारियों में भारत की तरफ से केवल तीन शतक लगे- यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली और नितीश कुमार रेड्डी। जायसवाल व कोहली के शतक पर्थ के मैच में आये और वही टेस्ट भारत जीत गया। दूसरा यह कि अगर आपके कप्तान व प्रमुख बैटर (रोहित शर्मा) को ही खराब फॉर्म के चलते प्लेयिंग इलेविन से बाहर बैठना पड़े तो टीम की बल्ले से परफॉरमेंस का अंदाजा स्वतः ही लगाया जा सकता था। ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध हमारी टीम की सफलता मुख्यतः इस बात पर निर्भर कर रही थी कि रोहित शर्मा, शुभम गिल व विराट कोहली बड़े बड़े स्कोर करें। लेकिन हुआ क्या? रोहित ने बीजीटी सीरीज में तीन टेस्ट खेले और 6 पारियों में कुल मिलाकर 31 रन बनाये। शुभम गिल को तीन टेस्ट की पांच पारियों में खेलने का अवसर मिला और उनके स्कोर रहे- 31, 28, 1, 20 व 13। विराट कोहली को 9 पारियां खेलने का अवसर मिला और वह केवल 190 रन ही 23.75 की औसत से बना सके, जिसमें एक शतक भी शामिल है। हालांकि जायसवाल (391 रन), रेड्डी (298 रन), केएल राहुल (276 रन) व ऋषभ पंत (255 रन) ने ठीक ठाक रन बनाये, लेकिन इन खिलाड़ियों में भी निरंतरता देखने को नहीं मिली, कभी चांदनी तो कभी एकदम घुप्प अंधेरा।

दरअसल, भारतीय टीम की तरफ से अगर उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए केवल एक नाम लिया जाये तो वह जसप्रीत बुमराह होगें, जो प्लेयर ऑफ द सीरीज भी रहे और ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध एक सीरीज में सर्वाधिक विकेट (32) लेने के हरभजन सिंह के रिकॉर्ड की भी उन्होंने बराबरी की। बुमराह की गेंदबाजी कितनी शानदार रही, इसका अंदाजा रिकी पोंटिंग के इस बयान से लगाया जा सकता है, ऑस्ट्रेलिया के टॉप आर्डर में बहुत से क्वालिटी बैटर्स हैं, लेकिन बुमराह के सामने वह अक्सर बेवकूफ ही नजर आये। हालांकि मुहम्मद सिराज ने भी सीरीज में 20 विकेट लिए, लेकिन उनमें भी निरंतरता का अभाव रहा। वह कभी बहुत अच्छी गेंद करते दिखायी दिए तो कभी औसत से भी खराब।

भारत को तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में मुहम्मद शमी की कमी शिद्दत से महसूस हुई। शेष गेंदबाजों के बारे में कुछ न लिखा जाये तो बेहतर, हां, प्रसिद्ध कृष्णा को जो एक अवसर मिला उसमें उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन तब हमारे बैटर्स निराश कर चुके थे। इसमें शक नहीं है कि हमारे कुछ स्टार्स (पढें रोहित शर्मा, विराट कोहली), जिन्होंने अतीत में देश की बहुत अच्छी सेवा की, अपने हिस्से की क्रिकेट खेल चुके हैं, अब टीम में उनकी जगह बनती नहीं है। **सारिम अन्ना.**

## आपकी बात

### गरीबों के उत्थान की योजनाएं

सरकारी योजनाएं गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसलिए सरकार को अधिक से अधिक गरीबों को कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करना चाहिए। प्रदेश सरकार जन कल्याण के अनेक कार्यक्रम चला रही है, लेकिन जनता को उससे विशेष लाभ नहीं हो रहा है। प्रदेश सरकार अनेक योजनाएं चला रही है लेकिन प्रायः जिनको जरूरत है उनको योजना का लाभ नहीं मिलता है।

सरकार एक करोड़ से अधिक स्मार्ट फोन व टैबलेट बांट नहीं है लेकिन जहां कालेज छात्रों को सबको दिया जा रहा है वहीं गरीबों के बच्चे स्कूलों में इससे वंचित रहेंगे जबकि कोरोना काल में सबकी हालत खस्ता हो गयी है। इसलिए जिन लोगों की आय कम है उनके बच्चों को भी स्मार्टफोन या टेबलेट देना चाहिए। प्रधानमंत्री जनआरोग्य अभियान अर्थात आयुष्मान भारत योजना को लागू हुए कई साल हो गये हैं। लेकिन इसका लाभ अभी बहुत सीमित लोगों को ही मिला है। पीएम-जय से आच्छादित परिवार गंभीर बीमारियों में सरकारी या सूचीबद्ध निजी अस्पताल में पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज करा सकेंगे। कैंसर सहित 1350 बीमारियों में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने वाली आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है। योजना में तमाम तैयारियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता।

**सुनील कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### कृषि उत्पादों की सरकारी खरीद

एमएसपी का दायरा बढ़ाकर सभी किसानों को उससे आच्छादित करना चाहिए। हालांकि केन्द्र सरकार ने खरीफ का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ा दिया है। यह जरूरी भी है कि क्योंकि किसानों को बहुत सी चुनौतियों के साथ आगे बढ़ना पड़ता है। भारत सरकार फिलहाल डॉ. स्वामीनाथन समिति के फॉर्मूले के अनुसार लागत पर पचास प्रतिशत मुनाफा जोड़कर एमएसपी तय करती है। लेकिन रबी और खरीफ सीजन से पूर्व न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने से पहले कृषि लागत और मूल्य आयोग कृषि इन्पुट्स की लागत को लेकर जो गणना करता है, उसकी दरअसल वास्तविक लागत से कोई बहुत साम्यता नहीं है। एक तरह से कह सकते हैं कि कृषि लागत और मूल्य आयोग फसली सीजन से पहले सरकार को एक रिपोर्ट सौंपता है जिसमें फसलों की लागत का जिक्र होता है और इसी आधार पर सरकार पचास प्रतिशत मुनाफा जोड़कर एमएसपी तय कर देती है। एमएसपी सभी किसानों को मिलती है, ऐसा भी नहीं कहा जा सकता है। इसके लाभार्थी किसानों की संख्या बहुत सीमित है। हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों को इसका सबसे अधिक लाभ मिलता है और यही कारण है कि जब सरकार ने तीन नये कृषि कानूनों के जरिए कृषि विपणन व्यवस्था में आमूल चूल बदलाव के लिए ऐतिहासिक कदम उठाये, तो इसका सबसे अधिक विरोध पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी यूपी के किसानों ने किया। दरअसल इन किसानों को यह समझाकर भड़काया गया था कि इससे परम्परागत मंडियां खत्म हो जायेंगी और किसान पूरी तरह बाजार के हवाले हो जायेगा। वैसे अगर कृषि को लाभकारी व्यवसाय से जोड़ना है तो खेती को बाजार से जोड़ना ही होगा। जब कृषि और किसान सीधे बाजार से जुड़ेंगे, बाजार की जरूरतों के अनुसार खेती करेंगे, तो उनको अधिक से अधिक फायदा होगा। एक तरह से तीनों कृषि कानून खेती को न्यूनतम समर्थन मूल्य अर्थात एमएसपी से आगे बढ़ाते हुए अधिकतम खुदरा मूल्य अर्थात एमआरपी की तरफ ले जाने का ऐतिहासिक प्रयास था लेकिन 'नकारात्मक राजनीति और टू-मच डेमोक्रेसी' ने सरकार के प्रयास को सफल नहीं होने दिया। बहरहाल यह सब एक अलग मुद्दा है और जहां तक एमएसपी की बात है तो भले यह न्यूनतम समर्थन मूल्य हो लेकिन वास्तव में जब फसल तैयार होती है।

**योगेश चन्द्र उपाध्याय, लखनऊ.**

संक्षेप

## 13 कलेक्ट्रेट कार्मिकों की मिली पदोन्नति की सौगात

**बहराइच** । कलेक्ट्रेट बहराइच के लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों की पदोन्नति हेतु गठित चयन समिति द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा अनुमोदन प्रदान करने से 08 कार्मिकों को वेतन बैण्ड 9300-34800 ग्रेड वेतन 4200 प्रधान सहायक तथा 05 कार्मिकों को वेतन बैण्ड 5200-20200 ग्रेड वेतन 2800 वरिष्ठ सहायक संवर्ग में पदोन्नति मिली है। यह जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि कलेक्ट्रेट के वित्त राजस्व लिपिक संजीव कुमार, एसीआरए शिवेन्द्र कुमार मिश्र व नमन गुप्ता, तहसील सदर के सहायक वासिल वाकी नवीस रिजवान मोईद, महसी की श्रीमती अनुबाठ, कैसरगंज के लाल जी, तहसीलदार नानपारा के पेशकार सुरेन्द्र पाण्डेय व तहसीलदार कैसरगंज के पेशकार अखिलेश राव को वेतन बैण्ड 9300-34800 ग्रेड वेतन 4200 प्रधान सहायक संवर्ग में पदोन्नत किया गया है। इसी प्रकार कलेक्ट्रेट के विविध लिपिक विकास निगम, उप जिलाधिकरी बहराइच के सहायक वासिल वाकी आदि है।

# प्रेमी ने की थी किशोरी की हत्या



**अयोध्या** । गोंसाईगंज कोतवाली क्षेत्र के गोकुलपुर मजरे सादुल्लापुर में हुई किशोरी की हत्या का खुलासा पुलिस ने 24 घण्टे के भीतर करते हुए आरोपी नाबालिग प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना मंगलवार आधीरात को घटी। बुधवार सुबह ग्रामीणों की नजर पड़ी तो सनसनी फैल

- बात बिगड़ी तो गला दबाकर उतार दिया मौत के घाट
- गोंसाईगंज क्षेत्र के गोकुलपुर मजरे सादुल्लापुर में हुई थी घटना

गई। भारी भीड़ जुटने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच कर छानबीन शुरू कर दी। गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया ।घटना का खुलासा कर रहे एसपी ग्रामीण ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर पुलिस टीमें गठित की गई थीं।

थाना गोंसाईगंज, महराजगंज पुलिस के अलावा क्राइम ब्रांच व सर्विलांस टीम लगातार छानबीन कर रही थीं। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक परशुराम ओझा के नेतृत्व में टीम ने दिलासीगंज से आरोपी नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के खुलासे के मुताबिक दोनों एक दूसरे से पहले से ही परिचित थे। 07 जनवरी को रात्रि में फोन कर बाल अपचारी ने मृतका को मिलने के लिए गांव के बाहर नहर पर बुलाया था जहां दोनों मे किसी बात पर विवाद हो गया। वाद विवाद इतना बढ़ गया कि बाल अपचारी ने मृतका का गला दबाकर हत्या कर दिया। शव को नहर में फेंक दिया।

गिरफ्तार बाल अपचारी ने अपना जुर्म स्वीकार किया है। उसकी निशानदेही पर मृतका की मोबाइल और घटना के समय खुद के पहने गए कपड़े को छुपा दिया था जिसे बरामद करते हुए आगे की विधिक कार्रवाई की गई है। पुलिस की पूछताछ में पीड़ित परिवार के लोगों ने बताया था कि रात्रि में 12 बजे के करीब दो बार मोबाइल पर फोन आया था। मृतका की मां ने रिसीव किया तो फोन कट गया। कुछ समय बाद घर से निकली थी। तभी से अनुमान लगाया जा रहा था कि कोई नजदीकी परिचित है। उधर मृतका के पिता रामगणेश ने पड़ोस गांव मानापुर के मजरे मुखमूलपुर के युवक को नामजद करते हुए तहरीर भी दी थी। जिसके बाद पुलिस ने नामजद व एक अन्य संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस को हत्या के खुलासे में देर नहीं लगी। हत्या का खुलासा कर रहे एसपी ग्रामीण बलवंत चैधरी ने बताया कि बाल अपचारी को दिलासी गंज से गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए सक्षम न्यायालय भेजा जा रहा है। खुलासा करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक परशुराम ओझा थाना गोसाईगंज के अलावा उपनिरीक्षक वीरेन्द्र कुमार, कांस्टेबल राय, मयंक पाल, महिला कांस्टेबल पूजा यादव सभी टीम थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या की थी।

## अविवि के परीक्षा नियंत्रक ने सेमेस्टर परीक्षा का लिया जायजा



जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या** । डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक, परास्नातक व अन्य पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षा में गुरूवार को 112513 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 2865 अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की परीक्षा में 39026, द्वितीय पाली में 56678, तृतीय पाली में 16809 में से क्रमशः 1753, 886 व 226 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस तीन पालियों की परीक्षा में 27608 छात्र व 84908 छात्राओं के सापेक्ष 1294 छात्र एवं 1571 छात्राएं अनुपस्थित रही। दूसरी ओर परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने आईईटी परिसर के केन्द्र का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर आईईटी के निदेशक प्रो0 संत शरण मिश्र ने परीक्षा कक्ष की सघन तलाशी कराई। वही विश्वविद्यालय के सचल दल द्वारा विभिन्न केन्द्रों को औचक निरीक्षण किया गया। मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुवेर्दी ने बताया कि कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सचलदल द्वारा विभिन्न केन्द्रों पर औचक निरीक्षण किया गया है। वही विश्वविद्यालय के कंट्रोल रूम से भी परीक्षा केन्द्रों की निगरानी कराई जा रही है।

## वाहन चालकों को नियमों का पाठ पढ़ाने के लिए परिवहन विभाग ने कसी कमर



**बाराबंकी** । नियमो को ताक पर रखकर फरार्टा भरने वाले वाहनो के विरुद्ध परिवहन विभाग की ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी है। अभियान के दौरान ओवरस्पीडिंग, ड्रक एंण्ड ड्राइव, बिना हेलमेट-सीटबेल्ट, बकाया टैक्स, स्पीड़ लिमिटिंग डिवाइस की जांच करते हुये सख्त कार्यवाही की जा रही है। अभियान के विषय मे जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने विभिन्न मार्गो पर अभियान के दौरान फरवरी 2024 से बिना फिटेनस के स्कूली बस, 6 महीने से बकाया टैक्स, बिना स्पीड़ लिमिटिंग डिवाइस के 1 डग्गामार बस समेत कुल 9 वाहनो को सीज किया गया। इसके साथ ही साई इण्टर कालेज के सामने छात्रो द्वारा बिना हेलमेट-सीटबेल्ट के वाहन चलाते मिलने पर कुल 33 चालान किये गये। तथा छात्रो को नियमो का पालन करने की शपथ दिलाई।

## 27 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी** । जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 6 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 27 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध सीओ और राजस्व निरीक्षक ने चलाया अभियान



**बाराबंकी** । अवैध होर्डिगो एंव फुटपाथ पर किये गये अतिक्रमण के विरुद्ध क्षेत्राधिकारी सुमित त्रिपाठी व नगर पालिका राजस्व निरीक्षक नदीम फरीदी के नेतृत्व मे अतिक्रमण अभियान चलाया गया। टीम ने थाना नगर कोतवाली से घंटाघर तक सड़क के दोनो तरफ फुटपाथ पर दुकानदारो द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटवाया। तथा सख्त चेतावनी दी। इस दौरान अतिक्रमणकारियो मे हड़कम्प मचा रहा। सीओ श्री त्रिपाठी ने बाजार के मुख्य सड़क को अतिक्रमण कर व्यापार कर रहे दुकानदारों को अपनी दुकान को समेटने का निर्देश दिया। तथा सड़क पर दोबारा अतिक्रमण करने पर सामान को जब्त किये जाने की चेतावनी दी। अभियान के दौरान सूजा खान, राजा शर्मा समेत पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

## 6 जुआरी गिरफ्तार

**बाराबंकी** । थाना मसौली पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 6 अभियुक्त तौकीर पुत्र कय्यूम, मुख्तार पुत्र शरीफ, मेराज पुत्र रज्जब, मारूफ पुत्र मकसूद, वसी अहमद पुत्र नासिर, चाँद बाबू पुत्र प्यारे निवासीगण ग्राम सुरसण्ड ताश के 52 पत्ते, मालफड़/जामातलाशी के कुल 1370 रुपए बरामद करते हुये गिरफ्तार किया।

# सीएम योगी से मिले विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान



**अयोध्या** । बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए विधायक डॉ. अमित सिंह चैहान ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर मुलाकात किया। उन्होंने मुख्यमंत्री से विधानसभा बीकापुर की विभिन्न सड़कों के नवनिर्माण, कई पुलों, कई पौराणिक मन्दिरों को पर्यटन हेतु सुंदरीकरण कराने,सिंचाई की सुविधाओं सहित जनपद अयोध्या में हो रहे विभिन्न विकास योजनाओं सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। विधायक ने गन्ना किसानों के लिए महत्वपूर्ण सड़क मसौधा सुचित्तगंज मार्ग के चैड़ीकरण और उच्चीकरण हेतु धन उपलब्ध कराने एवंम रौनाही ड्योढ़ी मार्ग के चैड़ीकरण और उच्चीकरण कराने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री ने विधायक डॉक्टर अमित सिंह चैहान को सभी मुद्दों के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया है।

# मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन भी सक्रिय, मतदान केंद्र पहुंच देखी सुविधा

**मिल्कीपुर-अयोध्या** । मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदाता मतदान कर सकेंगे। पुलिस प्रशासन इसी दिशा में तैयारी कर रहा है। इसीक्रम में गुरुवार को पुलिस टीमें मतदान केंद्रों पर पहुंचकर सुविधाओं का जायजा

- इनायत नगर, कुमारगंज और खण्डासा थाने की पुलिस ने किया निरीक्षण
- सुविधा एवं व्यवस्थाओं की बाबत उच्चाधिकारियों को देंगे रिपोर्ट

लिया। पेयजल, बिजली आदि की मतदान केंद्र में उपलब्धता की रिपोर्ट पुलिस टीमें उच्चाधिकारियों को करेंगी। उपचुनाव में 255 मतदान केंद्र व 414 बूथ बनाए गए हैं। मिल्कीपुर



विधानसभा उपचुनाव में 04 जोनल मजिस्ट्रेट औ? 41 सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाए जाएंगे। वहीं चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। गुरुवार को सर्किल के थाना कोतवाली इनायत नगर, थाना कुमारगंज और खण्डासा थाना क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर पुलिस टीम पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान बूथों पर लाईट, शौचालय, पानी की व्यवस्था देखी गई और अधूरे कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए गए। मिल्कीपुर में 10 जनवरी से 17 जनवरी के बीच नामांकन होना है और 5 फरवरी को मतदान होगा ।इसे देखते हुए प्रशासन जोर-शोर से तैयारी में जुट गया हैं। मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। मतदान केंद्रों पर मिली कमियों को ठीक करने के लिए संबंधित ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान को दुरुस्त करने के लिए वार्ता की गई । प्रभारी निरीक्षक थाना खण्डासा संदीप कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के दर्जनभर मतदान केंद्रों का पुलिस पार्टी के साथ निरीक्षण किया। मिली कमियों को दूर करने लिए निर्देशित भी किया गया है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रविजय सिंह ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार अनुसार विधान सभा उप निर्वाचन-2025 में चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को एक बैंक खाता अलग से खोले जाने हैं। बैंक खाता नामांकन से पूर्व खोला जाना है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को इसी खाते के माध्यम से चुनाव सम्बन्धी समस्त लेने-देन किये जाने है।

## चालक और परिचालकों/कर्मिकों का स्वास्थ्य परीक्षण



**बाराबंकी** । सड़क हादसो में कमी लाने हेतु परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आज परिवहन निगम के बस अड्डे पर यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की अध्यक्षता मे तीन दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे स्वास्थ्य विभाग सी0एच0सी जाटा बरौली के चिकित्सको डा0 वीरेन्द्र कुमार, डा0 विजय पाल सिंह, स्टाफ नर्स सीमा सिंह, नेत्र परीक्षण अधिकारी प्रीति मिश्रा, आशीष वर्मा की टीम द्वारा वाहन चालकों एवं परिचालकों, कर्मचारियों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया। परीक्षण शिविर में लगभग 100 चालको, परिचालको का ब्लड़ प्रेशर, शुगर समेत आंखो की जांच की गई। शिविर के दौरान यात्री/मालकर अधिकारी ने चालको को सड़क पर वाहन चलाते समय जल्दबाजी न करने, महिलाओ को पूरे सम्मान के साथ बसो मे यात्रा कराने हेतु निर्देशित किया। इस मौके पर बस स्टेशन प्रभारी ए0के0 अवस्थी समेत अन्य कर्मचारी, चालक-परिचालक मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त ने महाकुंभ की तैयारियों का लिया जायजा



**अयोध्या** । मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के साथ महाकुंभ-2025 के अन्तर्गत मकर संक्रांति सहित अन्य स्नान पर्वों पर अयोध्या में लाखों की संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं हेतु बेहतर आश्रम व्यवस्था के दृष्टिगत पर्यटन निगम द्वारा बनायी जा रही टेन्ट सिटी/आश्रय स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया।

मण्डलायुक्त ने सर्वप्रथम उदया तिराहे के समीप पूर्व में निर्मित पार्किंग स्थल में बनायी जा रही टेंट सिटी का निरीक्षण करते हुए कहा कि सभी व्यवस्थाएं 13 जनवरी 2025 से पूर्व पूर्ण कर ली जाय। महाकुंभ प्रयागराज से अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को अयोध्या की विशिष्टताओं के अनुरूप टेन्ट सिटी में व्यवस्था हो यह सुनिश्चित किया जाय। निरीक्षण के दौरान पर्यटन निगम के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि लगभग साढ़े पांच एकड़ में फैली टेन्ट सिटी के अन्तर्गत पार्किंग, किचन, डायनिंग एरिया सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मण्डलायुक्त ने कहा कि टेन्ट सिटी में प्रकाश हेतु लगने वाली लाईटें वार्म लाइट हो तथा सभी सुरक्षा मानकों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा नगर निगम व सम्बंधित एजेंसी आपस मे समन्वय कर यहां पर निकलने वाले कूड़े आदि का बेहतर प्रबंधन भी सुनिश्चित कराये।

अगले चरण में मण्डलायुक्त ने साकेत पेट्रोल पंप के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ अयोध्या के किनारे पर्यटन निगम द्वारा बनाये जा रहे आश्रय स्थल का भी भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने सभी तैयारियों को शीघ्र पूर्ण करते हुए संचालन प्रारम्भ करने के निर्देश दिये।

गौरतलब है कि पर्यटन निगम द्वारा अयोध्या में महाकुम्भ के दौरान तीन स्थलों यथा-उदया तिराहे के समीप लगभग 4000 व्यक्तियों हेतु 200 टेंट की व्यवस्था की गयी है, जिसमें खान-पान एवं प्रवास व्यवस्था होंगी। इसके अलावा 02 स्थलों पर आश्रम स्थल/रैन बसेरा बनाया जा रहा है, जिसमें बालू घाट तिराहे के समीप लगभग 2000 व्यक्तियों हेतु व स्फटिक शिला के समीप 1000 के व्यक्तियों की क्षमता वाला आवासीय टेन्ट बनाया गया है तथा इसके अतिरिक्त नगर निगम अयोध्या द्वारा भी पूर्व से विभिन्न स्थानों पर रैन बसेरे/आश्रय स्थल संचालित है। निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# झिनकू दुबे हत्याकांड : फरार साजिशकर्ता रामेश्वर दुबे गिरफ्तार



गोला, गोरखपुर। गोला पुलिस ने झिनकू दूबे हत्याकांड में संलिप्त फरार हत्यारोपित व मुख्य साजिशकर्ता रामेश्वर दूबे को गुरूवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दी। तो वही हत्याकांड में नामजद रहे दो अभियुक्तों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। शेष दो हत्यारोपितों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस की ताबड़तोड़ दबिश जारी है।

यह जानकारी पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला मनोज कुमार पांडेय ने दी। उन्होने बताया कि विगत 13 दिसंबर को गोला थाना क्षेत्र के धौरहरा गांव निवासी 62 वर्षीय झिनकू दुबे की जानीपुर पेट्रोल पंप के पास मुख्य सड़क मार्ग पर स्कार्पियों से ठोकर मारने और लोहे की रॉड से पीटकर हत्या कर दी गई थी। पीड़ित परिवार की तहरीर पर चार नामजद समेत अन्य के विरूद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम आरोपितों की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस टीम ने इस मामले में फरार चल रहे हत्यारोपित व मुख्य साजिशकर्ता रामेश्वर दूबे को गुरूवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दी। तो वही पुलिस ने इस मामले में संलिप्त परमेश्वर दुबे, तारकेश्वर दुबे तथा पवन यादव को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मुख्य आरोपी रामेश्वर दुबे, लक्ष्मीकांत उर्फ सोनू दुबे और एक अज्ञात फरार चल रहे थे।

## स्वच्छता के कर्मठ सिपाहियों को सभासद प्रतिनिधि किया सम्मानित



**बाराबंकी** । जहां स्वच्छता होती है वहीं ईश्वर भी निवास करते हैं। स्वच्छता के कार्य में सबसे ज्यादा योगदान सफाई कर्मचारी दे रहे हैं। ये लोग बिना समय की परवाह किए सड़कों, नालियों एवं नालों की सफाई व्यवस्था में जुटे नजर आते है। उक्त उद्गार स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के तहत बढ़ियन टोला वार्ड के सफाई कर्मचारी व सफाई मेठ अजय वर्मा, रामप्रताप, रामकुमार, संजीवन समेत अन्य कर्मचारियो को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित करने के उपरान्त बढ़ियन टोला वार्ड सभासद प्रतिनिधि मुजीबुददीन अंसारी ने व्यक्त किये। सभासद प्रतिनिधि श्री अंसारी ने आगे कहा कि यह कहना गलत नहीं है कि सफाई कर्मी स्वच्छता अभियान के सच्चे प्रहरी हैं। उन्हीं के प्रयासों से शहर को साफ रखने में मदद मिलती है।

# गोला में दो दिवसीय युवा महोत्सव 2025 का होगा भव्य आयोजन

- गोला युवा महोत्सव में दिखेगी महाकुंभ समेत उत्तर प्रदेश के धरोहर व गौरव की झलक: प्रदीप



गोला,गोरखपुर। दिव्य जागरण युवा मंच व एमसीए पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में 11 व 12 जनवरी को विद्यालय परिसर में दो दिवसीय युवा महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं। महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी अपने-अपने कार्यक्रम को तैयार करने में जी जान से जुटे हैं। 12 जनवरी को युग पुरुष स्वामी विवेकानन्द की जयंती के उपलक्ष्य में यह महोत्सव होने जा रहा है। महोत्सव की शुरूआत 11 जनवरी की सुबह दस बजे दीप प्रज्जवलन तथा सरस्वती बंदना के साथ शुरू जबकि समापन 12 जनवरी को शायं चार बजे दीप महायज्ञ के साथ होगा। होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष व विद्यालय प्रबंधक प्रदीप सिंह व शिक्षा निदेशिका रत्ना सिंह ने बताया कि गोला युवा महोत्सव आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को उभारना व एक मंच प्रदान कर क्षेत्र की गरिमा को बढाकर राष्ट्र सेवा हेतु प्रेरित समर्पित करना है। उन्होने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 11 जनवरी को पुस्तक मेला व विज्ञान प्रदर्शनी तथा हस्त शिल्प व हस्त कला प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर होगा। कला प्रदर्शनी में महाकुंभ समेत उत्तर प्रदेश की धार्मिक-सांस्कृतिक धरोहर एवं गौरव की झलक देखने को मिलेगी। महोत्सव के दूसरे दिन मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह व दीप यज्ञ के साथ महोत्सव सम्पन्न होगा। साथ ही कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी के अलावा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए स्वामी विवेकानंद का जीवन वृत्त संबंधित नाट्य मंचन का प्रस्तुतिकरण होगा।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला प्रोषण समिति की बैठक

**बहराइच** । बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला पोाण/कन्वर्जेन्स समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियो को पोषण ट्रैकर एप पर समस्त बिन्दुओ वजन, गृह भ्रमण, पोषाहार, ,आधार सीडिंग, सीबीई/वीएचएसएनडी गतिविधि इत्यादि की शत प्रतिशत फीडिंग प्रतिमाह कराना सुनिश्चित करें तथा विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति में सुधार जायें। डीएम ने डीपीओ व सीडीपीओ हुजूरपुर को निर्देश दिया कि आकांक्षी जनपद व ब्लाक के सभी इण्डिकेटरो की वेबसाइड पर डीईएसटीओ से समन्वय कर फीडिंग करायें तथा नियमित मानिटरिंग करना सुनिश्चित करें। डीपीओ को निर्देशित किया गया कि आकांक्षी नगर निकायों कैसरगंज, मिहीपुरवा एवं नवाबगंज के 03 आंगनबाड़ी केन्द्रो के भवन निर्माण के कार्यो की मॉनीटरिंग कर उन्हें समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

डीएम मोनिका रानी ने डीपीओ को निर्देश दिया कि समस्त बाल समस्त बाल विकास परियोंजना कार्यालयो के गोदामों की आवश्यकतानुसार मेन्टीनेन्स तथा प्रतिमाह 05 आंगनबाड़ी केन्द्रो के निरीक्षण कर माह के अन्त मे निरीक्षण आख्या जियो टैग फोटोग्राफ सहित प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। डीएम ने निर्देश दिया कि आधार बनाने हेतु खराब मशीनों को तत्काल सही कराने तथा आधार बनवाने हेतु निदेशालय व यूआईडीआई लखनऊ को सूचना भेजने के निर्देश दिये गये। डीएम ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री के सर्वे एरिया मे छूट गये बच्चों को केन्द्रो पर पंजीकृत किया जाय। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि डब्लूएचओ व वीएचएसएनडी फण्ड में उपलब्ध धनराशि से वीएचएसएनडी सत्रों के सफल संचालन हेतु आवश्यक लॉजिस्टिक जैसे वजन मशीन, इन्फेन्टोमीटर, स्टेडियोमीटर, डिजिटल हिमोग्लोबीनोमीटर की नियमानुसार केन्द्रों पर आनलाइन आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाय।

डीएम मोनिका रानी ने डीपीओ को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केन्द्रो पर हॉटकुक्ड मील वितरण हेतु प्रेषित धनराशि का शत प्रतिशत वितरण एवं उपभोग प्रमाण पत्र समस्त सीडीपीओ से प्राप्त करने उपरान्त नया प्रस्ताव



प्रस्तुत करें तथा सभी रसोईयो के खाते मे मानदेय शीघ्र भेजा जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के पूर्ण हो गये 45 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन के हस्तान्तरण की कार्यवाही शीध्र पूर्ण कराकर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लोकार्पण की कार्यवाही पूर्ण कर आईडी जनरेट करायी जाय। डीएम ने उपायुक्त मनरेगा को निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के 30 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन के अवशेष निर्माण को पूर्ण करायें।

सक्षम आंगनाबाड़ी केन्द्र के अन्तर्गत विकसित केन्द्रो पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग, रंगाई पुताई एंव बाला पेन्टिंग के लिये उपलब्ध कराई गई धनराशि के सापेक्ष कुछ ग्रामों में कार्य पूर्ण न होने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त कीते हुए कार्य पूर्ण न होने तक सम्बन्धित ग्राम विकास अधिकारियों का वेतन बाधित करने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि सक्षम आंगनाबाड़ी केन्द्रो पर विकसित पोषण वाटिका के उत्पादों का उपयोग बच्चों के भोजन में करने हेतु बीएसए को निर्देशित किया गया। डीएम ने कहा कि आर.ओ. प्लान्ट से आच्छादित केन्द्रों पर उपकरणों का रख-रखाव बेहतर ढंग से किया जाय। स्कूलो व आंगनबाड़ी केन्द्रो पर शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चो को सर्दी से बचाव हेतु सीएमओ व बीएसए को कम्बल व स्वेटर का वितरण कराये जाने के निर्देश दिये।

आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र भवनो को मूलभूत सुविधाओ से संतृप्त करने हेतु डीपीआरओ को पत्र निर्गत कराये जाने का भी निर्देष दिया।

## अपहृता सकुशल बरामद

**बाराबंकी** । थाना बड्डूपुर पुलिस ने मु0अ0सं0 11/2025 धारा 87 भारतीय न्याय संहिता से सम्बन्धित 1 अपहता को सकुशल बरामद किया गया। इसी क्रम मे थाना फतेहपुर पुलिस ने मु0अ0सं0 12/2025 धारा 87/137(2) भारतीय न्याय संहिता से सम्बन्धित 1 अपहता को सकुशल बरामद किया।

## साइबर ठगी का शिकार व्यक्ति के चेहरे पर लौटी मुस्कान



**बाराबंकी** । ओटीपी के माध्यम से साइबर फ्राड़ का शिकार हुये पीड़ित की सम्पूर्ण धनराशि को साइबर सेल टीम ने वापस करवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित शशिकांत पुत्र जितेंद्र प्रसाद निवासी जेवली मोहम्मदपुर खाला ने डेबिट कार्ड का ओटीपी पूछकर 95,000 रुपए का ठगी किये जाने को लेकर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार वर्मा, निरीक्षक विनय प्रकाश राय, उ0नि0 इफलाक अहमद, मुख्य आरक्षी नीरज यादव, आरक्षी राजन यादव, अभिषेक चपराणा, सुधाकर सिंह भदौरिया, पंकज सिंह की टीम ने पीड़ित की सम्पूर्ण धनराशि को वापस करवाया।

संक्षेप

## सीएम योगी से मिले जिपं अध्यक्ष

**मथुरा।** जिले के विकास को रफ्तार देने के उद्देश्य से बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से औपचारिक भेंट मुलाकात की। भेंटवार्ता के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने मथुरा जिले के पिछड़े हुए गांवों में विकास कराने की ओर सीएम का ध्यान आकृष्ट कराया। इस दौरान उनके साथ उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य ठाकुर ओमप्रकाश सिंह मौजूद रहे। मथुरा के विकास को लेकर प्रत्यनशील रहने वाले एवं सरल स्वभाव के धनी जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने जिले के विकास को और तेज करने के लिए सीएम से मुलाकात की है। सीएम योगी ने भी सोशल मीडिया के जरिए जिला पंचायत अध्यक्ष से हुई भेंटवार्ता की तस्वीर लोगों के साथ साझा की। वहीं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अपनी दो दिवसीय धार्मिक यात्रा पर परिवार सहित मथुरा आयें, जहां उनका जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने व्यक्तित्व रूप से मुलाकात की एवं उनको श्रीबांकेबिहारी की तस्वीर पटुका प्रसादी भेंट की है। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ का कान्हा की नगरी मथुरा पर ध्यान केन्द्रित है, मुलाकात के दौरान मथुरा जिले की सड़क, बिजली, पेयजल परियोजनाओं सहित अन्य योजनाओं पर चर्चा हुई है। उन्होंने बताया सीएम योगी ने उनकी बातों पर गौर करते हुए जिले के विकास को गति देने के साथ ही अन्य योजनाओं के संचालन का आश्वासन दिया जिससे जिले को विकास की गति को रफ्तार भी मिले।

## छात्र-छात्राओं ने किया केंद्रीय बकरी अनुसंधान केन्द्र का भ्रमण

**मथुरा।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहवन, मथुरा के छात्र-छात्राओं ने, जिला विद्यालय निरीक्षक, मथुरा,महोदय के आदेश अनुसार शासनादेश अनुसार कक्षा 9-12 तक के विधार्थियो हेतु शैक्षिक भ्रमण हेतु केंद्रीय बकरी अनुसंधान केंद्र, मुखदूम,फरह का अवलोकन कराया गया। जिसका उद्देश्य उनके शैक्षिक ज्ञान के साथ साथ विभिन्नताओ, विज्ञान व गणित उन्मुखी संस्थानों, कार्य प्रणाली और उनसे जुड़ी जानकारी प्राप्त करना है ताकि उन्हे समूह मे कार्य, नेतृत्व क्षमता और भाईचारे की भावना का विकास हो और छात्र खुले वातावरण मे शिक्षा को अपने व्यक्तिगत अनुभवों को कक्षाओं से जोड़ सके। जिसमें बच्चो को अपना करियर चुनने और बकरी पालन से संबंधित दिशा निर्देश दिये गए। अनुसंधान केंद्र की जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी बच्चों को दी गई। अंत में जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान मथुरा भी छात्रों को दिखाया और प्राचार्य राजेंद्र बाबू ने बच्चों को पढ़ाई से संबंधित दिशा निर्देश दिए और भोजन व्यवस्था भी बच्चों की गई। शैक्षिक भ्रमण में विद्यालय का स्टाफ श्रीमती प्रियंका, बीनेश शर्मा, पूजा शर्मा, ममता, रश्मि, लता पांडे ने बच्चो की व्यवस्था संचालित की जिसमें विद्यालय के सभी बच्चे भ्रमण पर गए और प्रसन्न मन से बकरी का जीवन व्रत और मयूर वन देखा। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती कविता सक्सेना स्वयं इस भ्रमण में बच्चों का मार्गदर्शन करती रही। शैक्षिक भ्रमण कर लौटे विधार्थियो हर्षित मन से नये अनुभव से अपने घर के लिए प्रस्थान किया। प्रधानाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति और मंदिर निर्माण को महाकुंभ में होगा महासंवाद

## 17 जनवरी को न्यास के संपूर्ण अभियान की महाकुंभ में साधु संत करेंगे घोषणा



● मथुरा से 11 जनवरी को होगी हस्ताक्षर की शुरुआत

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास ने श्री कृष्ण जन्म भूमि को मुक्त करने और वहां एक विशाल व भव्य मंदिर निर्माण कराने के आंदोलन की दिशा में गुरुवार को एक और बड़ा ऐलान किया है। इसकी अनौपचारिक शुरुआत 11 जनवरी को श्री कृष्ण जन्म भूमि के मुख्य द्वार से हो जाएगी, लेकिन औपचारिक घोषणा 17 जनवरी को साधु संतों के साथ प्रयागराज के महाकुंभ से होगी। एक फरवरी से महाकुंभ में महासंवाद कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम भगवान श्री कृष्ण जी के मंदिर निर्माण के कार्य में मील का पत्थर साबित होगा।

श्री कृष्ण जन्म भूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने केडीएस इंटरनेशनल स्कूल पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह जानकारी दी। पहले से ही अंतरराष्ट्रीय स्तर चल रहे आंदोलन की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि श्री कृष्ण जन्म भूमि के ही एक हिस्से पर विदेशी आक्रांताओं ने भगवान श्री कृष्ण के मंदिर को तोड़ कर वहां मस्जिद का निर्माण करा दिया गया था। जिस इस स्थान पर वर्तमान में मस्जिद है, वही स्थान मूल गर्भ गृह का है। मस्जिद को हटाकर वहां मन्दिर निर्माण कराने के लिए श्री कृष्ण जन्म भूमि मुक्ति न्यास का देश विदेश में चल रहे आंदोलन को और तेज करने के साथ ही हिन्दू समाज को जागृत करने के लिए अब हस्ताक्षर अभियान शुरू किया जा रहा है। इसकी अनौपचारिक शुरूआत तो 11 जनवरी को श्रीकृष्ण जन्म भूमि के मुख्यद्वार से होगी, लेकिन औपचारिक शुरूआत 17 जनवरी को प्रयागराज के महाकुंभ से होगी। उन्होंने बताया कि एक फरवरी से महासंवाद महाकुंभ से होगी। महासंवाद में शंकराचार्य, महामंडलेश्वर, पीठाधीश्वर, आचार्य, महंत, भागवताचार्य और कथा प्रवक्ताओं की भी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि यहां से पूरी दुनिया में एक बड़ा संदेश जाएगा कि अब हिन्दू जाग गया है। वह अपना हक मांग रहा है और उसे प्राप्त करके रहेगा। यही लड़ाई श्री कृष्ण जन्म भूमि मुक्ति न्यास लड़ रहा है।

वृंदावन धाम के संत गोविंदानंद तीर्थ जी महाराज ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का मंदिर पांच हजार साल पहले का है, लेकिन विदेशी आक्रांता तो चार पांच सौ साल पहले आए थे। मुस्लिमों ने भारत आ करके मंदिरों को तोड़ा और मस्जिद बनाई। श्री कृष्ण जी का मंदिर बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है, उसमें सभी हिन्दू अपने हस्ताक्षर करें और अपना पता अवश्य लिखे। जो भी अपने हस्ताक्षर करेगा, वही इस अभियान से जुड़ जाएगा। वहीं, वृंदावन के संत डॉक्टर आदित्यानंद जी महाराज ने कहा कि अब तो बस न्यायालय से आदेश मिलने की देरी है, मंदिर तो बनेगा ही। उन्होंने श्री कृष्ण जन्म भूमि मुक्ति न्यास की सफलता की भी कामना व्यक्त की। इस मौके पर पंडित श्यामानंद जी महाराज, प्रदीपानंद जी महाराज, आरबी चौधरी, कुंवर जितेंद्र सिंह, अधिवक्ता डीडी चौहान, मोनू ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## मप्र के सीएम ने किये श्रीकृष्ण जन्मभूमि के दर्शन

**मथुरा।** मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने गुरुवार प्रातः 9:15 श्रीकृष्ण जन्मस्थान के दर्शन वैदिक मंत्रोच्चारण एवं श्रीहरिनाम संकीर्तन के मध्य किये। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के पदाधिकारी/ अधिकारियों ने मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव का स्वागत प्रसादी-पटुका ओढ़ाकर एवं पूजाचार्यों ने मंगलाचर्न-स्वस्तिवाचन के साथ किया। वैदिक मंत्रोच्चारण एवं मृदंग-मजीरे की मंगल ध्वनि के मध्य सर्वप्रथम मोहन यादव ने भगवान श्रीकेशवदेव महाराज को माल्यार्पण चन्दन अर्पित करने के उपरान्त, अष्टभुजा माँ योगमायाजी के दर्शन-पूजन कर श्रीगर्भ गृह में प्रवेश किया। श्रीगर्भ गृह में श्री यादव ने तुलसी एवं पुष्प के साथ अनन्त लीलापुरूषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की। भागवत-भवन में श्रीराधाकृष्ण युगल सरकार के सन्मुख भावपूर्ण मुद्रा में विराजमान हो, मोहन यादव ने ठाकुरजी को माल्यार्पण, नैवेद्य अर्पण करने के उपरान्त पूजा-अर्चना की। मंदिर पूजाचार्यों ने श्री यादव को प्रसादी के रूप में पटका, प्रसाद एवं पगड़ी प्रदान की। श्रीकृष्ण जन्मभूमि दर्शनार्थ पधारे श्रद्धालुजन अचानक मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव को अपने मध्य पाकर अभिभूत हो उठे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ



**टूंडला।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कृषक इण्टर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद का सात दिवसीय विशेष शिविर प्राथमिक विद्यालय बुर्ज नत्थू में शुभारम्भ हुओ शिविर का उद्धघाटन उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग के सदस्य एवं दर्जा प्राप्त मंत्री रमाकांत उपाध्याय संस्थाध्यक्ष संतोष उपाध्याय प्रबंधक ब्रजेश उपाध्याय उमाशंकर बाबा किशनेंद्र उपाध्याय वेद प्रकाश एवं प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय द्वारा ध्वज स्थापना तथा फीता काटकर एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। प्रबंधक ब्रजेश उपाध्याय ने समस्त स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की शपथ दिलाई। कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार जैन ने समस्त आगंतुकों का परिचय एवं सप्त दिवस की प्रस्ताविकी प्रस्तुत की एवं समस्त स्वयंसेवकों को डायरी एवं बैज प्रदान किये। स्वयंसेविकाओं द्वारा सरस्वती वंदना लक्ष्य गीत एवं स्वागत गीत गाकर एवं बेज लगाकर अतिथियों का स्वागत किया। प्रबंधक ब्रजेश उपाध्याय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर छात्रों में स्वयंसेवकत्व की भावना जगाकर उन्हें स्वावलम्बी बनाना है। स्वयंसेवकों ने रैली के माध्यम से अधिग्रहित बस्ती बुर्ज नत्थू में अलग-अलग घरों में वहां की महिला एवं पुरुषों को साक्षरता के महत्व के बारे में जागरूक किया कि किस प्रकार से साक्षरता व्यक्ति के जीवन को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से मजबूत बनाती है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने शिक्षा के अधिकार का अवश्य लाभ उठाना चाहिए। शिविर में स्वयंसेवकों ने सबसे पहले शिविर स्थल पर पहुंचकर साफ सफाई की और गांव में जाकर लोगों को अपने शिविर के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका इक्षिता जैन ने किया। इस अवसर पर उमेश पाराशर अमित उपाध्याय, सुरेश पचौरी शीर ध्वज शर्मा, आलोक उपाध्याय, हरिओम शर्मा, रिचा गुप्ता, गोकुल चंद्र गौतम, एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हर पंचायत में पुस्तकालय का निर्माण हो : डीएम

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में ग्राम विकास से संबंधित मनरेगा के तहत हुए कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वप्रथम मनरेगा के तहत मनरेगा पार्क के कार्यों की समीक्षा की गई, उनको अवगत कराया गया की 124 चयनित पार्कों में से 27 पूर्ण हो चुके हैं और शेष निमार्णाधीन है, जिलाधिकारी ने कहा कि यह पार्क मानक के अनुरूप होना चाहिए, उन्होंने फील्ड विजिट न करने पर डीसी मनरेगा पर अत्यंत नाराजगी व्यक्त की। इसी प्रकार मनरेगा के तहत ग्राम पंचायतों में बन रहे पुस्तकालय की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि इन पुस्तकालय से बच्चों का मानसिक विकास होगा, उन्होंने कहा कि हर ग्राम पंचायत के हर गांव में एक पुस्तकालय अवश्य होनी चाहिए, जो बच्चों को प्रतिस्पर्धी, ज्ञानवर्धक बनाएगी, इस कार्य में वीडीओ सक्रियता दिखाएं और अपने यहां निमार्णाधीन पुस्तकालय को पूर्ण कराऐं, यहां पर किताबों की उपलब्धता हों, इंग्लिश और हिंदी समाचार पत्र की उपलब्धता हो, विद्युत की व्यवस्था ठीक हो, अगर बिजली चली जाए तो इनवर्टर की वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए, जिलाधिकारी को अवगत कराया गया की 175 पुस्तकालय अभी तक पूर्ण कराए जा चुके हैं, परंतु जिलाधिकारी ने कहा कि हर ग्राम पंचायत में पुस्तकालय होना चाहिए। उचित दर राशन की दुकान की समीक्षा करते हुए, उन्होंने कहा कि राशन की दुकान पंचायत भवन के पास ही होनी चाहिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, डीडीओ, डीसी मनरेगा सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष पद के लिए तीन दर्जन से अधिक ने किये नामांकन

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष के पद के लिए चुनावी बिगुल बज गया है। वहीं पुष्पांजलि स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष जिलाध्यक्ष बनने के लिए कार्यकताओं में जोश देखा गया। जिला चुनाव अधिकारी नवाब सिंह नागर व महानगर चुनाव अधिकारी विमल शर्मा द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत नामांकन प्रक्रिया पूरी की गयी। वहीं जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया संगठन महान पर्व में जिले में 32 अध्यक्ष व प्रांतीय प्रतिनिधि तीन वहीं महानगर में 43 अध्यक्ष एवं चार प्रांतीय प्रतिनिधि के लिए नामांकन किया। वहीं मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया जिले से

निर्भय पांडे मुकेश प्रधान महिपाल सिंह, मुदिता शर्मा, मनीषा पाराशर , कृष्णकांत पचैरी , सुमित शर्मा, देवेश पाठक, ज्ञानेंद्र शर्मा , विवेक श्रीवास्तव , प्रेम नौहवार, राहुल पाराशर सहित 29 लोगों ने वहीं महानगर अध्यक्ष के लिए घनश्याम सिंह लोधी , राजू यादव, संजय गोविल, अवधेश उपाध्याय, प्रदीप गोस्वामी, चंद्रपाल कुंतल, गंभीर सिंह गुर्जर, हरिओम शर्मा, योगेश आभा, चिंता हरण चतुर्वेदी ,योगेंद्र चतुर्वेदी, नीरू सक्सेना, रश्मि शर्मा, सुनील चतुर्वेदी, हेमंत अग्रवाल, विनीत शर्मा, कपिल पटेल, कल्पना गर्ग, मुदिता शर्मा , राजेश गुप्ता, सचिन चतुर्वेदी, हेमंत खंडोली, दीपा अग्रवाल, पूर्व महापौर मुकेश आर्य बंधु सहित 43 लोगों ने नामांकन किया।वहीं मीडिया प्रभारी ने बताया प्रांतीय परिषद सदस्य के लिए जिले से तीन व महानगर से चार लोगों ने नामांकन किया। वहीं चुनाव अधिकारी विमल शर्मा ने बताया चुनाव सभी आवेदन लेकर लखनऊ हाईकमान संगठन मंत्री के समक्ष अपनी रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत करेंगे उसके पश्चात नाम का ऐलान कर दिया जायेगा। समझा जाता है आवेदन के उपरांत संभावित महानगर अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष पद के दावेदार आज से लखनऊ की दौड़ लगाएंगे। नामांकन के दौरान जिला चुनाव अधिकारी के साथ सह चुनाव अधिकारी के रूप में संजय शर्मा कुंज बिहारी चतुर्वेदी मौजूद रहे।

# फार्मर रजिस्ट्री कार्य असंतोजनक पाये जाने पर सीएससी का होगा लाइसेंस निरस्त : डीएम



जिला संवाददाता (vol)

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में फार्मर रजिस्ट्री के अंकन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा, जिला कृषि अधिकारी के साथ-साथ समस्त पंचायत सचिव, पंचायत सहायकों इत्यादि ने भी प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने बैठक में कहा कि फार्मर रजिस्ट्री किसानों के हितार्थ हेतु अत्यंत अनिवार्य है, इसलिए इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, इस कार्य को पूर्णतः गंभीरता से लें और मिशन मोड पर कार्य करें, साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में ढाई से तीन लाख किसान हैं, परंतु केवल साठ हजार किसानों का ही फार्मर रजिस्ट्री हो पाया है, यह स्थिति अत्यंत असंतोजनक है।

उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री एक ऐसी प्रणाली है, जिसमें किसानों की अलग-अलग भूमि विवरण की जानकारी को डिजिटल रूप से संग्रहित किया जाता है, इस प्रक्रिया के माध्यम से किसान अपनी भूमि का विवरण फसल की जानकारी जैसे जरूरी डाटा को सरकारी पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं, उसके बाद सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाया जा सकता है, उन्होंने कहा कि जो भी सीएससी इस कार्य को गंभीरता से नहीं कर रहे हैं या जिनकी प्रगति नगण्य है, उनका लाइसेंस निरस्त किया जाए।

उन्होंने नारखी के बीएलई अजय प्रताप और बीएलई लोकेंद्र सिंह का अच्छा कार्य करने पर उनकी सराहना की साथ ही त्रिलोकपुर बेदीपुर सीएससी पर इस संबंध में असंतोषजनक पाई गई, अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि जिस भी सीएससी पर फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित कार्य असंतोजनक पाया जाएगा उसका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।

# संस्कृति विवि में सभी पाठ्यक्रम एआई से जुड़ेंगे



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में सभी विषयों के पाठ्यक्रमों में क्रांतिकारी परिवर्तन किए जा रहे हैं। लगभग सभी पाठ्यक्रमों को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से जोड़ा जा रहा है।

संस्कृति विश्वविद्यालय की सीईओ डॉ श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान दौर ऐसा है जिसमें विश्व पटल पर टेक्नोलॉजी में तेजी से बदलाव हो रहा है। औद्योगिक क्षेत्र हो या फिर सामान्य जीवन शैली, सभी की जरूरतें पूरी करने के लिए टेक्नोलॉजी नित्य नए रूप में तैयार हो रही है। यही कारण है कि शिक्षा में भी आमूल चूल परिवर्तन हो रहे हैं। पारंपरिक शिक्षा का स्वरूप टेक्नोलॉजी से जुड़कर नई जरूरतों के अनुरूप बदलाव कर रही है।

सीईओ ने बताया कि विश्व की जरूरतों और आधुनिक काल की शिक्षा से कदम मिलाते हुए संस्कृति विश्विद्यालय में लगभग सभी विषयों के पाठ्यक्रमों में बदलाव किया जा रहा है जो आने वाले नए सत्र से शुरू कर दिए जाएंगे। इन सभी पाठ्यक्रमों आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से जोड़कर तैयार किया जा रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस ने मनुष्य के जीवन के हर क्षेत्र में पकड़ बनाना शुरू कर दिया है। अब बहुत से काम एआई द्वारा कर दिए जा रहे हैं। ऐसे में जब पाठ्यक्रम एआई आधारित होंगे तो उनकी शिक्षा पाकर विद्यार्थी सहजता से रोजगार पा सकेंगे और अपना उद्यम खड़ा कर सकेंगे।

डॉ शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय ने इसके लिए अलग अलग विषय के शिक्षकों कि कई टीमें बनाई हैं जो इस काम को जल्द से जल्द पूरा करने में जुटी हुई हैं। उन्होंने कहा नए सत्र से ये बदले हुए पाठ्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति लाएंगे, ऐसा अनुमान है।

# बंद मकान में करोड़ों की चोरी करने वाला बदमाश गिरफ्तार

**मथुरा।** हाईवे थाना क्षेत्र के शिवासा एस्टेट में रहने वाले लोकसभा अध्यक्ष के रिश्तेदार के घर पर एक करोड़ की चोरी करने वाले बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़ा है। पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया है। उसके कब्जे से कॉलोनी में चोरी किए गए सोने के आभूषण, कृष्णा आर्किड कॉलोनी में चोरी किए गए आभूषण, एक तमंचा, एक कारतूस और एक बाइक और घटना में प्रयुक्त कार को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि दिन दहाड़े में घर में घुसकर चोरी करने वाले गिरोह के एक बदमाश से मुठभेड़ बीतीरात गोवर्धन रोड स्थित एफ्सीआई गोदाम के पास हाईवे पुलिस से हो गई। पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया है। पूछताछ में उसने अपना नाम महेश कुमार निवासी अटाली थाना छायसा फरीदाबाद, हरियाणा बताया है। बदमाश ने गिरोह के साथियों के साथ मिलकर चोरी की कई वारदात की है। उसके कब्जे से शिवासा कॉलोनी में चोरी किए गए सोने के आभूषण, कृष्णा आर्किड कॉलोनी में चोरी किए गए आभूषण, एक तमंचा, एक कारतूस और एक बाइक बरामद हुई है। घायल बदमाश के खिलाफ हरियाणा, दिल्ली समेत कई जिलों में कई मुकदमे दर्ज हैं। पकड़े गए बदमाश महेश कुमार ने बताया वह अपने साथियों के साथ आई-20 कार एचआर29 बीडी 1911 की प्लेट को उतारकर उसके स्थान पर ए/एफ नम्बर की प्लेट लगाकर मथुरा शहर में दिन में मौका मिलने पर बन्द मकान के गेट का ताला तोडकर चोरी करते है। और चोरी में बरामद माल को आपस में बांटकर उसी से अपना खर्चा चलाते है। 15/10/2024 को दिन में कृष्णा आर्चिड व 31/12/2024 को दिन में शिवासा स्टेट में बन्द मकान से चोरी की थी अपने हिस्से में आये उक्त बरामद सामान को अपनी मौसी के घर कामा (राजस्थान) रखता था।

# पुलिस मुठभेड़ में चार लुटेरे गिरफ्तार लूटी हुई वैगनार कार बरामद



**फिरोजाबाद।** थाना सिरसागंज पुलिस ने चार शातिर लुटेरो को पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार कर 6 घण्टे के अन्दर लूट की घटना का सफल अनावरण किया गया। पुलिस मुठभेड़ में दो अभियुक्तों के पैर में गोली लगी जिन्हे इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार को थाना सिरसागंज पर नरेन्द्र शर्मा निवासी त्रिलोकपुरी द्वारा कल्याणपुरी पूर्वी दिल्ली से उसकी वैगनार कार व आवश्यक दस्तावेज तथा मोबाइल की लूट के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी जिसके आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर रात्रि में ही थाना सिरसागंज पुलिस टीम लुटेरों को पकड़ने को सघन चैकिंग शुरू की गई इस दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि लुटेरे भदान रेलवे ओवरब्रिज की तरफ आ रहे है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा भदान रेलवे ओवरब्रिज पर चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान सामने से आती हुई एक सफेद रंग की वैगनार कार को पुलिस टीम द्वारा रोका गया तो कार सवार व्यक्तियों ने भागने का प्रयास करते हुए जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया । आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी फायरिंग में दो व्यक्तियों के पैर में गोली लगने से घायल अवस्था में तथा अन्य दो व्यक्तियों सहित कुल चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान थाना पर दर्ज वैगनार कार लुटेरों सुमन यादव पुत्र संजय यादव, अखिलेश साहनी पुत्र जवाहर साहनी, गोपाल यादव पुत्र प्रदीप यादव, प्रवीन यादव पुत्र देवेन्द्र यादव सभी निवासी जिला मधुबनी बिहार के रुप में हुई, अभियुक्तगण के कब्जे से लूटी हुई सफेद वैगनआर कार, एक लूटा हुआ मोबाइल, 4 तमंचे मय 4 जिंदा कारतूस व 4 खोखा कारतूस बरामद किए गए। घायल दो अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करा थाना पुलिस द्वारा अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई है।

## गौ सेवा आयोग सदस्य ने गौ शालाओं का निरीक्षण किया

**टूंडला।** गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने गुरुवार को गौ आश्रय स्थल पहाड़ीपुर भोंडेला व फिरोजाबाद स्थित कान्हा गौ शाला का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि गौशालाओं में ठंडी को देखते हुए गोवंशों के लिए हरे चारे की व्यवस्था ठंडी से बचाव के लिए तिरपाल इत्यादि की व्यवस्था आदि हो, साथ ही साथ गौशालाओं में कीचड़ इत्यादि न हो, साफ-सफाई की भी व्यवस्था हो, अधिकारी इस बात को भली-भांति सुनिश्चित कर लें किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## 2 चोर गिरफ्तार 6 चोरी की बाइक बरामद

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस द्वारा मोटर साइकिल चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 02 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया, अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 06 मोटर साइकिल बरामद की गई। थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा थाना उत्तर पर चोरों द्वारा मोटर साइकिल चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्त मोहित पुत्र निहाल सिंह निवासी चिन्तामन की गढ़ी थाना राजाखेड़ा जिला धौलपुर राजस्थान व आशीष पुत्र सतीश निवासी गंगा नगर थाना उत्तर फिरोजाबाद मूल पता ग्राम लखौवा थाना फरिहा फिरोजाबाद को गोपाल नगर जलेसर रोड थाना उत्तर फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया, अभियुक्तों के कब्जे से थाना पर पंजीकृत मोटरसाइकिल चोरी के मुकदमा से सम्बन्धित चोरी की गयी 4 मोटरसाइकिल व अन्य 2 चोरी की गयी मोटर साइकिल बरामद की गई। थाना पुलिस ने अभियुक्तगणों के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

# हेमामालिनी वं नितीश भारद्वाज ने ठाकुर राधारमण के दर्शन किये



**मथुरा।** वृन्दावन नगर के प्राचीन सप्तदेवालयों के अन्यतम ठाकुर राधारमण मन्दिर में आचार्य श्रीवत्स गोस्वामी महाराज एवं संत वेणुगोपाल गोस्वामी महाराज के आचार्यत्व में शीतकालीन सेवा महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसमें अनेकों प्रतिष्ठित एवं सुपरिचित व्यक्तिगत ठाकुर जी की पूजा अर्चना करने आ रहे हैं। बुधवार को मथुरा से लोकसभा सांसद हेमामालिनी ने ठाकुर राधा रमण मंदिर में देहरी पूजन किया एवं ठाकुर जी के दर्शन किए। उससे पहले अस्सी के दशक के प्रसिद्ध धारावाहिक महाभारत में श्री कृष्ण की भूमिका निभाने वाले नितीश भारद्वाज ने ठाकुर राधा रमण मंदिर में दो दिन पूजा अर्चना एवं साधना किया। मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह ने भी मंदिर पूजा अर्चना किया। प्रतिदिन राग सेवा में प्रतिष्ठित कलाकार राग सेवा कर मन्त्र मुग्ध कर रहे हैं। जिनमें गार्गी भट्टाचार्य, प्रशांत मलिक, निशांत मलिक, रुचिरा केदार, स्वामी फतेह कृष्ण शर्मा, प्रेमधन लालन जी आदि अपनी राग सेवा से ठाकुर जी को रिझा रहे हैं।

# गुलाब का फूल देकर किया वाहन चालकों को जागरूक



**मथुरा।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन श्रीमती नीतू सिंह ने अवगत कराया है कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिये गये निदेर्शों के अनुपालन में सड़क दुर्घटनाओं में वर्ष 2023 की अपेक्षा 2024 में हुई वृद्धि के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने हेतु 01 जनवरी से 31 जनवरी 25 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है, उक्त के दृष्टिगत जनपद में नो हेल्मेट-नो फ्यूल रणनीति लागू है जिससे कि उक्त रणनीति न केवल हेल्मेट पहनने को अनिवार्य बनाने में सहायक होगी, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति नागरिकों में जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना को प्रोत्साहित भी करेगी।

गुरुवार को श्रीमती नीतू सिंह (सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी-प्रशासन) एवं नरेश चैधरी (संभागीय निरीक्षक प्राविधिक) द्वारा वृन्दावन में दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों को हेल्मेट एवं सीटबेल्ट लगाने हेतु जागरुक किया तथा सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जागरुकता अभियान चलाया, हेल्मेट लगाकर दो पहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालकों का गुलाब का फूल भेंट कर सम्मानित करते हुए यातायात के नियमों के पालन की अपील की गयी, श्री राजेश राजपूत (वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, प्रवर्तन) द्वारा शहर के लक्ष्मीनगर तथा बल्देव रोड गौशाला चैराहा पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आम जनमानस को यातायात के नियमों के सम्बन्ध में जागरुक किया तथा गुलाब का फूल भेंट करते हुए वाहन चालकों से हेल्मेट तथा चार पहिया वाहन चालकों से सीटबेल्ट लगाने की अपील की गयी। राजेश राजपूत व मनोज प्रसाद सहायक संभागीय परिहवन अधिकारी (प्रवर्तन-द्वितीय दल) तथा कार्यालय स्तर पर जनपद के टैक्सी / बस यूनियन के पदाधिकारियों के साथ मीटिंग की तथा महाकुम्भ मेला के बारे में वार्ता की गयी, जिसमें श्री देवेन्द्र गुप्त (अध्यक्ष राया नौहझील बस / टैक्सी यूनियन), कृष्णकान्त गौतम (अध्यक्ष मथुरा सादाबाद बस / टैक्सी यूनियन), कृष्णमुरारी शर्मा, संजू जैन, जितेन्द्र कुमार, रामनारायण पाण्डेय तथा भुवनेश कुमार गुप्ता मौजूद रहे। संदीप चैधरी (यात्री / मालकर अधिकारी-प्रथम) तथा सुश्री पूजा सिंह (यात्री / मालकर अधिकारी-द्वितीय) द्वारा क्रमशः नन्दगांव-छाता तथा भारत पेट्रोलियम डिपो मथुरा के ड्राइवर्स के साथ सड़क सुरक्षा सम्बन्धी जन जागरुकता अभियान चलाया गया। प्रदीप यादव (संभागीय निरीक्षक) मथुरा द्वारा कार्यालय में आने वाले वाहन चालक / स्वामियों के साथ वार्ता करते सड़क सुरक्षा संबन्धी नियमों की जानकारी दी गयी।

# सेतु का काम करते हैं प्रवासी भारतीय

## जयशंकर ने भारत के वैश्विक श्रमबल बनाने के प्रयासों में प्रवासी समुदाय के महत्व को रेखांकित किया

एजेंसी

भुवनेश्वर। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत द्वारा वैश्विक श्रमबल बनाए जाने के प्रयासों के बीच प्रवासी समुदाय का महत्व हर साल बढ़ता जा रहा है। यहां प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन में भारत वंशियों को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि वे इस बात को लेकर आश्वस्त हो सकते हैं कि विदेश में मुश्किल समय में नरेन्द्र मोदी सरकार उनकी मदद के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, हमें अपने प्रवासी भारतीयों की उपलब्धियों पर गर्व है। जयशंकर ने कहा, वैश्वीकरण के दौर में, हर गुजरते साल के साथ प्रवासी समुदाय का महत्व बढ़ता जा रहा है, चाहे प्रौद्योगिकी हो, सर्वोत्तम कार्यप्रणाली हो या संसाधन, चाहे पर्यटन हो, व्यापार हो या निवेश, दोनों तरफ से प्रयास जरूरी है क्योंकि हम वैश्विक श्रमबल बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

विदेश मंत्री ने कहा कि प्रवासी समुदाय की भूमिका बहुत बड़ी है क्योंकि वे भारत और उन देशों के बीच सेतु का काम करते हैं जहां वे रहते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के जन-केंद्रित बदलावों से प्रवासी भारतीयों को भी लाभ मिल रहा है। विदेश मंत्री ने कहा, ये कारोबार सुगमता को बढ़ावा दे सकते हैं, जीवन जीना आसान बना सकते हैं, संपर्क और यात्रा को सुविधाजनक बना सकते हैं। प्रवासी




भारतीयों के हितों को सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल तकनीकों का उपयोग भी स्पष्ट है। उन्होंने कहा, पिछले दशक में, हमने पासपोर्ट जारी करने और नवीनीकरण के साथ-साथ सत्यापन प्रक्रिया का सरलीकरण देखा। वाणिज्य दूतावास सेवाओं में सुधार हुआ, कल्याणकारी उपायों में वृद्धि हुई है और शिकायत निवारण मंच प्रभावी हुए हैं। दुनियाभर में दूतावास और वाणिज्य दूतावास अधिक उत्तरदायी हुए हैं। मुश्किल समय में, आप आश्वस्त हो सकते हैं कि मोदी सरकार आपके साथ है। उन्होंने कहा कि ओडिशा में प्रवासी भारतीय दिवस की मेजबानी नरेन्द्र मोदी सरकार की पूर्वोदय नीति को दर्शाती है। जयशंकर ने कहा कि कई मायनों में, ओडिशा भारत के इतिहास और संस्कृति की समृद्धि का प्रतिनिधित्व करता है।

उन्होंने कहा, चाहे वह महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी का दर्शन हो, या लिंगराज भगवान का, कोणार्क मंदिर में जाना हो, सांस्कृतिक उत्सवों, लोक कलाओं, राज्य के उत्पादों और व्यंजनों का अनुभव करना हो, आप में से कई लोगों ने अपनी इस यात्रा के दौरान इसका प्रत्यक्ष अनुभव किया होगा। जयशंकर ने कहा, लेकिन विदेश मंत्री के तौर पर मैं ओडिशा के बाहरी प्रभाव को भी उजागर करना चाहता हूं। प्रसिद्ध बाली यात्रा दरअसल भारत सरकार की एक्ट ईस्ट नीति की अग्रदूत है। जब हम खुद को हिंद-प्रशांत राष्ट्र के रूप में परिभाषित करते हैं, तो हम यह ओडिशा के पूर्वी समुद्र तट से करते हैं। यह सभा आप सभी को हमारी विरासत, परंपराओं और पहचान को और अधिक मजबूती से पोषित करने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने जनसमूह से कहा इस अवसर पर आप जो संदेश हासिल करेंगे, वह एक ऐसे भारत का है जो अधिक आत्मविश्वासी, आधुनिक और समावेशी है। जहां परंपरा और तकनीक साथ-साथ चलते हैं।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत व अमेरिका एकजुट : अमेरिकी राजदूत

मुंबई। भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के मामले में एकजुट हैं। दोनों देशों के बीच संबंधों को बहुआयामी बताते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिकी स्वप्न और भारतीय स्वप्न एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। गार्सेटी ने भारत में अपने कार्यकाल को अत्यंत असाधारण बताया और कहा कि भारत ने उनका दिल जीत लिया।

यहां एक कार्यक्रम से इतर चुनिंदा मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में अनंत संभावनाएं हैं। भारत में गार्सेटी का अमेरिकी राजदूत के रूप में कार्यकाल जल्द ही समाप्त होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में उनका कार्यकाल उनके जीवन का सबसे असाधारण



कार्य रहा। गार्सेटी ने कहा, राष्ट्रपति जो. बाइडन ने कहा था कि भारत उनके लिए दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण देश है और यदि आप भविष्य पर काम करना चाहते हैं, तो आपको भारत आने की जरूरत है।

किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति ने कभी ऐसा नहीं कहा है। दोनों देशों के बीच संबंधों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, मैं दुनिया में भारत की भूमिका का स्वागत करता हूं - चाहे वह यूक्रेन-रूस संघर्ष में शांति हो, हिंद महासागर में गश्त हो।

हम भारत की प्रगति देखना पसंद करते हैं। यह एक मजबूत, गौरवान्वित भारत है जिसे आधुनिक दुनिया ने कभी नहीं देखा है। गार्सेटी ने यहां पीस एंड द रोल ऑफ द यूएस- इंडिया डिफेंस एंड सिक्योरिटी पार्टनरशिप विषय पर एक सभा को भी संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान अपराधियों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए दोनों देशों के बीच खुफिया जानकारी साझा करने और सहयोग बढ़ाने पर संतोष व्यक्त किया। गार्सेटी ने कहा कि अमेरिकी स्वप्न और भारतीय स्वप्न एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, दोनों देशों के बीच संबंध बहुआयामी हैं और दोनों की साझेदारी की कोई सीमा नहीं है। उन्होंने आतंकवाद के कारण अनेक निर्दोष लोगों की मौत पर चिंता जताई।

संक्षेप

## लेबनान की संसद ने सैन्य कमांडर औन को चुना राष्ट्रपति

बेरूत। लेबनान की संसद ने बृहस्पतिवार को देश के सैन्य कमांडर जोसेफ औन को राष्ट्राध्यक्ष के रूप में चुनने के लिए मतदान किया, जिससे दो वर्ष से रिक्त इस पद पर उनकी नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया। यह सत्र पूर्व राष्ट्रपति मिशेल औन का उत्तराधिकारी चुनने के लिए विधायिका का 13वां प्रयास था, जिनका कार्यकाल अक्टूबर 2022 में समाप्त हो गया था। मिशेल औन का सैन्य कमांडर जोसेफ से कोई संबंध नहीं है। यह मतदान इजराइल और लेबनानी उग्रवादी समूह हिजबुल्ला के बीच 14 महीने से जारी संघर्ष को रोकने वाले एक अस्थिर युद्धविराम समझौते के कुछ सप्ताह बाद और ऐसे समय में हुआ है जब लेबनान के नेता पुनर्निर्माण के लिए अंतरराष्ट्रीय सहायता की मांग कर रहे हैं। औन को व्यापक रूप से अमेरिका और सऊदी अरब का पसंदीदा उम्मीदवार माना जा रहा था, जिनकी सहायता की लेबनान को आवश्यकता होगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इजराइल समझौते के अनुसार दक्षिणी लेबनान से अपनी सेना वापस बुला ले तथा युद्ध के बाद पुनर्निर्माण के लिए धन जुटाया जा सके।

## तिरुपति में भगदड़ में लोगों की जान जाने की खबर से व्यथित हूं : राष्ट्रपति

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह तिरुपति में भगदड़ के कारण श्रद्धालुओं की मौत की खबर सुनकर व्यथित हैं और उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की। राष्ट्रपति ने घायलों के जल्द ठीक होने की भी कामना की। मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह जानकर दुख हुआ कि तिरुपति में भगदड़ के कारण कई श्रद्धालुओं की जान चली गई। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।



तिरुमला पर्वतीय क्षेत्र में स्थित भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में बुधवार रात को वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए टिकट लेने के दौरान मची भगदड़ में कम से कम छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए सैकड़ों लोग टिकट पाने की कोशिश कर रहे थे।

# नड्डा ने केजरीवाल पर लगाया आरोप

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर पूर्वांचल के लोगों का अपमान करने का आरोप लगाया और कहा कि विधानसभा चुनाव में हार के डर से वह उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करने पर उतारू हो गये हैं।

नड्डा की यह प्रतिक्रिया केजरीवाल के उस बयान के बाद आई, जिसमें उन्होंने भाजपा पर नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में हेराफेरी का आरोप लगाया और



निर्वाचन आयोग में इसकी शिकायत दर्ज कराई। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े लोगों ने मतदाता सूची में 13,000 नये मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए आवेदन किया है और अपने पक्ष में मतदान को प्रभावित करने के लिए 5,500 मतदाता प्रविष्टियों को रद्द करने की मांग की है। नड्डा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पिछले 10 वर्षों से दिल्ली पर आपदा बनकर भ्रष्टाचार का पहाड़ खड़ाकर लूट मचा रहे अरविंद केजरीवाल को अपनी हार का डर सताने लगा तो बौखलाकर उत्तर प्रदेश और बिहार के हमारे भाई-बहनों के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करने पर उतारू हो गये।

उन्होंने कहा, केजरीवाल ने यूपी-बिहार के हमारे लोगों को फ़ज़ी वोटर कह कर उनका अपमान किया है। दिल्ली की जनता सत्ता से उखाड़कर उन्हें इसका जवाब जरूर देगी। नड्डा ने इस पोस्ट के साथ केजरीवाल के दो वीडियो भी साझा किए।

## सरपंच हत्या मामले में कारवाई करने को कहा, दोषी चाहे किसी दल का हो : अजित

एजेंसी

पुणे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरपंच संतोष देशमुख हत्या मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। हालांकि, उन्होंने अपनी पार्टी और कैबिनेट सहयोगी धनंजय मुंडे का बचाव भी किया। पवनचक्की परियोजना से जुड़ी एक ऊर्जा फर्म से कथित तौर पर जबरन वसूली के प्रयास का विरोध करने पर मसाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की नौ दिसंबर को अपहरण के बाद यातना देकर हत्या कर दी गई थी।



पवार ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से कहा है कि सरपंच की हत्या के दोषी के खिलाफ कार्वाई की जाए, चाहे वह किसी भी पार्टी से जुड़ा हो। फडणवीस ने कहा है कि बर्बर हत्याकांड से जुड़े किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। मुंडे के इस्तीफे की मांग के बारे में पूछे जाने पर अजित पवार ने कहा कि मुंडे ने उनसे कहा है कि देशमुख की हत्या में उनकी कोई भूमिका नहीं है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष ने कहा, सरपंच हत्या मामले की अदालत, एसआईटी, सीआईडी गहन जांच कर रही है। इस मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। यह पूछे जाने पर कि क्या मुंडे को नैतिक आधार पर फडणवीस सरकार से इस्तीफा दे देना चाहिए, अजित पवार ने दावा किया, उन्होंने (मुंडे) कहा है कि उनका इस मामले से दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं है। उन्होंने यह भी कहा है कि कोई भी एजेंसी मामले की जांच कर सकती है। आरोप लगाने वाले लोगों को अपने पास मौजूद सबूत जांच एजेंसियों को सौंपने चाहिए। बीड के परली से विधायक मुंडे विपक्षी दलों और यहां तक कि सत्तारूढ़ महायुति के कुछ नेताओं के निशाने पर हैं, क्योंकि सरपंच की हत्या से जुड़े जबरन वसूली मामले में मुख्य आरोपी वाल्मीक कराड उनका करीबी सहयोगी है।

# बैंकिंग प्रणाली पर कुछ अमीरों का नियंत्रण

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया है कि देश में कुछ पूंजीपतियों का बैंकिंग प्रणाली पर नियंत्रण है और उन्हें हजारों करोड़ रुपये का ऋण मिल जाता है लेकिन युवा उद्यमियों को उचित धन नहीं मिल पाता। राहुल गांधी ने दुग्ध

युवा उद्यमियों को नहीं मिलता धन : राहुल गांधी

उत्पादों के मशहूर ब्रांड केवेंटर्स के एक स्थानीय स्टोर का दौरा किया और इसके प्रवर्तकों, प्रबंधकों और कर्मचारियों के साथ बातचीत की। उन्होंने इस बातचीत का वीडियो अपने



यूट्यूब चैनल पर साझा किया। उन्होंने वीडियो में कहा, हमारा विचार है कि भारत में मूल रूप में दो तरह के व्यवसाय हैं। एक तो एकाधिकार वाले राजनीतिक व्यवसाय हैं और दूसरी तरफ ऐसे व्यवसाय हैं जो वास्तविक हैं जो मुश्किल स्थिति में भी कुछ बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मैं युवाओं से पूछता था कि आप क्या बनना चाहते हैं।

सब लोग इंजीनियर, डॉक्टर बनने की बात करते थे। किसी ने नहीं कहा कि आईसक्रीम का स्टोर खोलना है या उद्यमी बनना है। हमारा सिस्टम भी उन्हें इस दिशा में जाने के लिए प्रेरित नहीं करता, यह बच्चों को नहीं बताता कि ये सब भी विकल्प हैं। उन्होंने दावा किया, हमारी बैंकिंग प्रणाली पूरी तरह से अमीरों के नियंत्रण में हैं। उन्हें हजारों करोड़ रुपया मिल जाता है, लेकिन आपमें से कोई कुछ करना चाहता है तो धन मिलना बहुत मश्किल है।

## गणतंत्र दिवस परेड के लिए, शीर्ष सरपंचों सहित दस हजार विशेष अतिथि आमंत्रित

नयी दिल्ली। पैरालंपिक दल के सदस्य, उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले गांवों के सरपंच, हथकरघा कारीगर और वन एवं वन्यजीव संरक्षण कार्यकर्ता उन लगभग 10,000 विशेष अतिथियों में शामिल हैं जिन्हें यहां कर्तव्य पथ पर 76वें गणतंत्र दिवस की परेड देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। सरकार ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, स्वर्णिम भारत के इन वास्तुकारों में विविध पृष्ठभूमि के लोग हैं, जिनमें विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले और सरकार की योजनाओं का सर्वोत्तम उपयोग करने वाले लोग शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रीय महत्व के आयोजनों में जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए लगभग 10,000 विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि इन विशेष अतिथियों को विभिन्न क्षेत्रों और कार्यक्षेत्रों से चुना गया है। इसके लिए कुल 31 श्रेणियां थी। इन श्रेणियों में सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले गांवों के सरपंच, आपदा राहत कर्मचारी, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जल योद्धा, जीवंत गांवों के अतिथि, पूर्वोत्तर राज्यों के अतिथि, सर्वश्रेष्ठ पेटेंट धारक, सर्वश्रेष्ठ स्टार्ट-अप व सड़क निर्माण श्रमिक समेत अन्य शामिल हैं।

इंटरटेनमेंट...

# कभी पॉलिटिकल फिल्में नहीं बनाऊंगी : कंगना

मुंबई। कंगना रनोट की फिल्म इमरजेंसी 17 जनवरी को रिलीज होने वाली है। एक्ट्रेस ने बताया है कि राजनीतिक मुद्दे पर बनी इस फिल्म को बनाने में उन्हें बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। इस वजह से वे भविष्य में कभी पॉलिटिकल फिल्में नहीं बनाएंगी। कंगना ने बताया कि मैं अब कभी कोई राजनीतिक फिल्म नहीं बनाऊंगी।

मैं इससे बहुत इंस्पायर नहीं हूं। अब मुझे समझ में आया कि बहुत से लोग ऐसा क्यों नहीं करते, खासकर वास्तविक जीवन के किरदारों पर। इतना कहने के बाद मुझे लगता है कि अनुपम खेर जी ने मनमोहन सिंह के रूप में द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर में कमाल किया। यह उनके बेस्ट परफॉर्मेंस में से एक है। लेकिन अगर आप मुझसे पूछें, तो मैं इसे फिर कभी नहीं बनाऊंगी। कंगना ने कहा- मैंने इस फिल्म के सेट पर कभी अपना आपा नहीं खोया। अगर आप प्रोड्यूसर हैं, तो आप किस पर अपना आपा खो देंगे? एक डायरेक्टर के तौर पर, कोई प्रोड्यूसर से लड़ सकता है। लेकिन अगर आप ही दोनों रोल निभा रहे हैं तो आप किससे लड़ सकते हैं? मैं जोर से कहना चाहती थी कि मुझे और पैसे चाहिए और मैं खुश नहीं हूं। लेकिन मैं कहां जा कर रोती। किसको क्या



बोलती? एक्ट्रेस ने कहा- हम कोविड के दौरान शूटिंग कर रहे थे। मेरे पास इंटरनेशनल क्रू थी। वे बहुत स्ट्रिक्ट होते हैं। उन्हें हर हफ्ते के अंत तक पेमेंट चाहिए होती है। जब शूटिंग नहीं होती थी तो भी उन्हें पेमेंट देना पड़ता था क्योंकि वे मेरी फिल्म से जुड़े थे। फिर असम में बाढ़ आ गई। मेरे पास दूसरे मुद्दे भी थे जिनसे मैं निपट रही थी। मैं इस फिल्म को बनाने के लिए स्ट्रगल कर रही थी। मुझे बहुत बेसहारा महसूस होता था। मैं निराश होती थी, लेकिन अपनी निराशा किसे दिखाती। पुराने ट्रेलर के कुछ सीन्स पर सिखों ने जताया था एतराज कंगना ने 6 जनवरी को सोशल मीडिया पर फिल्म के नए ट्रेलर को शेयर किया।

## मशहूर फिल्ममेकर प्रीतीश नंदी का निधन

मुंबई। मशहूर फिल्ममेकर और पत्रकार प्रीतीश नंदी का बुधवार को हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे 73 साल के थे और पैंक्रियाटिक कैंसर से पीड़ित थे। अनुमप खेर ने पर पोस्ट कर उनके निधन की जानकारी दी। उन्होंने चमेली, सुर और हजारों ख्वाहिशें ऐसी जैसी फिल्में प्रोड्यूस की थीं। प्रीतीश नंदी का जन्म 15 जनवरी 1951 को बिहार के भागलपुर में हुआ था। वह 'द इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया' के संपादक रहे और अपने निर्भीक विचारों के लिए मशहूर थे। उन्होंने फिल्म निर्माण में भी अपनी पहचान बनाई और हिंदी-अंग्रेजी की 24 फिल्में बनाईं। नंदी 1998 से 2004 के बीच महाराष्ट्र से राज्यसभा में शिवसेना के सांसद रहे। नंदी ने अंग्रेजी में कविताओं की 40 से अधिक पुस्तकें लिखी थीं।

## लातिनी परिवारों पर इस तरह की कहानियां नहीं बनीं : लोपेज

नयी दिल्ली। हॉलीवुड अभिनेत्री जेनिफर लोपेज का मानना है कि एक शक्तिशाली व्यक्ति के पीछे उतना ही शक्तिशाली इंसान छिपा होता है। लोपेज फिल्म अनस्टॉपेबल में एक ऐसी मां का किरदार निभा रही हैं, जो अपने एक पैर वाले बच्चे को कुश्ती खेलने के लिए प्रेरित करती हैं।

आगामी फिल्म अमेरिकी पहलवान एंथनी रॉबल्स (झारेल जेरोम) की सच्ची कहनी पर आधारित है, जो एक पैर के साथ जन्म लेता है और अपने अदम्य साहस से हर बाधा पार करते हुए राष्ट्रीय विजेता बनने के अपने सपने को पूरा करने में जुट जाता है। फिल्म 16 जनवरी को भारत में प्राइम



वीडियो पर प्रसारित की जाएगी। लोपेज ने फिल्म में एंथनी की समर्पित व जिद्दी मां जूडी का किरदार निभाया है। उन्होंने कहा कि कुछ चुनिंदा फिल्मों में ही किसी लातिनी परिवार की कहानी को सही तरीके से चित्रित किया गया है।

## ठग सुकेश चंद्रशेखर ने जैकलीन से मांगी माफी

**मुंबई।** ठग सुकेश चंद्रशेखर ने नए साल की शुरूआत में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस को एक लेटर लिखा है। उसने जैकलीन से माफी मांगी है और अपकमिंग फिल्म फतेह के लिए उन्हें बधाई भी दी है। सुकेश ने लिखा- मैं इस फिल्म को देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता हूं। बेबी गर्ल, एक बार फिर से तुम्हारे साथ हुई हर बात के लिए माफी चाहता हूं। इस रिश्ते में, 2025, एक नई शुरूआत होगी। मैं वादा करता हूं कि तुम मुझ पर और हमारे प्यार पर गर्व महसूस करोगी।

सुकेश ने लेटर में लिखा- 2025, यह हमारा साल है। वह साल जिसमें मैं तुम्हारे लिए अपना प्यार साबित करने जा रहा हूं। इस दुनिया के सामने हमारे प्यार का सबसे बड़ा सरप्राइज पेश



करने जा रहा हूं, जो सोचती है कि मैं जुनूनी हूं और हमारा प्यार डरावना है।

सुकेश ने कहा- इसमें कोई संदेह नहीं है कि मैं आपका दीवाना हूं। जैसा कि आप हमेशा कहती हैं। हम पुराने जमाने के लोग हैं। अगर आप वाकई अपने साथी के लिए प्यार शब्द का मतलब समझते हैं तो आपको उसके साथ प्यार में ज्यादा दीवाना होना चाहिए। 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ठग सुकेश चंद्रशेखर बीते कई सालों से जेल में बंद है।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच के दौरान सामने आया था कि एक समय में जैकलीन, सुकेश के साथ रिलेशनशिप में रह चुकी हैं, जिसके चलते एक्ट्रेस भी जांच के दायरे में आ गई थीं। जांच में सामने आया कि सुकेश ने खुद को बिजनेसमैन बताते हुए जैकलीन से रिश्ता रखा था। उस समय वो उन्हें कई महंगे और कीमती तोहफे भी देता था। वहीं दूसरी तरफ जैकलीन ने पुलिस को दिए बयान में कहा है कि वो नहीं जानती थीं कि सुकेश एक ठग है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com